आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 2 | उज्जैन, गुरुवार 15 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

**आज**

* थल सेना दिवस

## 59वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाओं का आभार

आपका अपना पसंदीदा समाचार पत्र दैनिक अवन्तिका के 59वें वर्ष में प्रवेश करने पर सुधी पाठकों, संवाददाताओं, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं की प्रेम स्नेह की अभिव्यक्ति के साथ स्थापना दिवस की ढेरों शुभकामनाओं पर दैनिक अवन्तिका परिवार आभार व्यक्त करता है।

-प्रधान संपादक

### बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद भड़के लोगों ने

# शुक्ला ब्रदर्स की बस में लगाई आग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर





इंदौर में विधायक गोलू शुक्ला की बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे गुस्साई भीड़ ने बस में आग लगा दी। अफरा-तफरी मची तो फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

घटना पटेल ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे की है। फायर ब्रिगेड कर्मचारी के मुताबिक, छोटी ग्वालटोली के आगे शुक्ला ब्रदर्स की बस में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को भेजा गया। जब टीम पहुंची तो बस से काफी ऊंची लपटें निकल रही थीं।

फायर ब्रिगेड के एसआई शोभाराम मालवीय ने बताया, एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। ड्राइवर अभी मौके पर नहीं मिला है। संभवतः वह बस में आग लगने के बाद गाड़ी से उतरकर बाहर आ गया हो। तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव के मुताबिक, एक बाइक को बस ने टक्कर मारी थी, इसके बाद बस में आग लग गई। बाइक सवार को ज्यादा चोट नहीं आई है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है।

## माघ मेला में लगातार दूसरे दिन आग लगी

### 20 से ज्यादा शिविर चपेट में आए, कल्पवासियों में अफरा-तफरी मची



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज माघ मेले के स्वामी राम सेवक शिविर में बुधवार शाम को आग भड़क गई। ऊंची उठती लपटों के साथ धुआं करीब 5 किमी दूर से भी दिख रहा था। आग की वजह अभी पता नहीं चल सका।

सेक्टर 4 में लोअर मार्ग में आग तेजी से 20 से ज्यादा शिविरों में फैल गई, फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पानी की बौछार डाली और पूरे एरिया को सील कर दिया गया है, ताकि आग ज्यादा न फैले। पुलिस और संतों ने बचाव कार्य शुरू किया।


इस वक्त 10 फायर ब्रिगेड और 10 एंबुलेंस मौके पर हैं। 30 दमकल कर्मचारी लोगों को दूसरी जगह पर शिफ्ट करवा गया। अभी ये नहीं सामने आया है कि कितना नुकसान हुआ है, ये भी पता नहीं चला है कि आग कैसे लगी है।

## देश विदेश

### 9 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की देश को जल्द मिलेगी सौगात

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि भारतीय रेलवे जल्द ही 9 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगा। रेल मंत्री द्वारा घोषित रूटों के अनुसार, 9 में से 7 अमृत भारत एक्सप्रेस पश्चिम बंगाल से शुरू होंगी या पश्चिम बंगाल को जोड़ेंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट साझा कर इन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रस्तावित रूटों की जानकारी दी है। असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र को दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिलेंगी। इनमें पहली ट्रेन कामाख्या (असम) से रोहतक (हरियाणा) के बीच चलेगी, जिससे पूर्वोत्तर का सीधा संपर्क हरियाणा और उत्तर भारत के औद्योगिक क्षेत्रों से स्थापित होगा।

### 'ओ रोमियो' के मेकर्स से 2 करोड़ की मांग




**गैंगस्टर हुसैन शेख की बेटी ने भेजा लीगल नोटिस, पिता की छवि गलत दिखाने का आरोप**

**मुंबई।** 'ओ रोमियो' के मेकर्स को मुंबई के कुख्यात गैंगस्टर हुसैन शेख उर्फ उस्तरा की बेटी सनोबर शेख ने 2 करोड़ का नोटिस भेजा है। सनोबर शेख ने नोटिस डायरेक्टर विशाल भारद्वाज और प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के नाम से भेजा है। सनोबर का आरोप है कि फिल्म में उनके पिता की गलत छवि दिखाई गई है, जिससे उनके परिवार की रेप्यूटेशन को ठेस पहुंची है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने नोटिस में दो करोड़ रुपए हजार्ना के तौर पर मांगा है। साथ ही, उसे भरने के लिए मेकर्स को सात दिन का समय दिया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं निकलता, फिल्म को ना रिलीज किया जाए। ये नोटिस पिछले वीक भेजी गई है। बता दें कि फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि शाहिद का किरदार गैंगस्टर हुसैन शेख उर्फ उस्तरा से प्रेरित है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की तरफ से ऐसा कोई भी दावा नहीं किया गया है। ओ रोमियो की बात करें तो विशाल भारद्वाज की ये मल्टीस्टरार फिल्म 13 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। ये पहली बार होगा, जब विशाल और साजिद साथ काम कर रहे हैं। वहीं, शाहिद आठ साल बाद विशाल भारद्वाज के डायरेक्शन में काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों 'कमीने', 'रंगून' और 'हैदर' में साथ काम कर चुके हैं।

### भागीरथपुरा में दूषित पानी से मृत लोगों के परिजन से मिलेंगे

# 17 जनवरी को इंदौर आएंगे राहुल गांधी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आएंगे और दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। इस दिन कांग्रेस मध्य प्रदेश में मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

प्रदेश के हर ब्लॉक में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सामूहिक उपवास रखेंगे। साथ ही गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे। इस दौरान इंदौर जल कांड में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि राहुल गांधी के इंदौर आगमन की तारीख एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) की तरफ से तय हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसकी पुष्टि कर दी है। इंदौर में दूषित पानी के कारण अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मामले को लेकर एमपी कांग्रेस ने 11 जनवरी को इंदौर में न्याय यात्रा का आयोजन किया था। यात्रा में इंदौर और आसपास के 200 किलोमीटर क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष शामिल हुए थे। इस यात्रा में जितेंद्र पटवारी, उमंग सिंघार, दिग्विजय सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

#### 10 मरीज आईसीयू में तीन वेंटिलेटर पर

- दूषित पानी के मामले में मंगलवार को डायरिया के 5 और मरीज सामने आए हैं। हालांकि गंभीर नहीं होने से उन्हें सामान्य ट्रीटमेंट ही दिया गया। अस्पताल में एडमिट मरीज 39 से घटकर 33 हो गए हैं। इनमें से 10 आईसीयू में हैं। इनमें से तीन मरीज लंबे समय से वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत में खास सुधार नहीं हुआ है।
- जो मरीज वेंटिलेटर पर हैं उनके नाम एकनाथ सूर्यवंशी, पार्वतीबाई और हीरालाल हैं। तीनों ही बुजुर्ग हैं। अन्य मरीजों की हालत में कुछ सुधार है। इस मामले में अब तक 436 मरीज एडमिट हुए। इनमें से 23 की मौत हो गई, जबकि 403 को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## मांझे से यूपी और कर्नाटक में 2 की मौत



एजेंसी ▶▶ जौनपुर

मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान हादसे भी सामने आ रहे हैं। यूपी के जौनपुर में मांझे से गर्दन कटने से एक डॉक्टर की मौत हो गई। वहीं, एमपी के इंदौर और राजस्थान के बांसवाड़ा में दो बाइक सवारों की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। दोनों अस्पताल में एडमिट हैं। कर्नाटक में भी मांझे से गला कटने से एक 48 साल के बाइक सवार की मौत हो गई।

## लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अबू मूसा कश्मीरी ने हिंदुओं की गर्दन काटने की धमकी दी है। उसने यह बयान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, हालांकि ये कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

वीडियो में अबू मूसा कहता है- कश्मीर मुद्दे का हल सिर्फ आतंकवाद और जिहाद से ही हो सकता है। आजादी भीख मांगने से नहीं, हिंदुओं की गर्दन काटने से मिलेगी। हमें जिहाद का झंडा उठाना होगा। अबू मूसा कश्मीरी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट का मेंबर है। उसका नाम अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भी जुड़ा था। अपने भाषण में अबू मूसा ने पाकिस्तानी नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि पाकिस्तान के नेता इस्लामी सिद्धांतों से भटक चुके हैं और जिहाद के रास्ते पर नहीं चल रहे हैं। उसने कहा जो नेता जिहाद के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, उसे पाकिस्तान पर हुकूमत करने का कोई अधिकार नहीं है। मूसा ने दावा किया कि वह पहले भी ऐसे ही बयान मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ हुई एक बैठक में दे चुका है।

## देश में थोक महंगाई 8 महीने में सबसे ज्यादा हुई

### दिसंबर में खाने-पीने की चीजें महंगी, नवंबर में माइनस 0.32% थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिसंबर में थोक महंगाई (डबलूपीआई) बढ़कर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ये 8 महीनों का हाई लेवल है। खाने-पीने की चीजें महंगी होने से महंगाई बढ़ी है। इससे पहले नवंबर में ये माइनस 0.32 प्रतिशत पर थी। वहीं अक्टूबर में ये माइनस 1.21% पर आ गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 14 दिसंबर को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई माइनस 2.93 प्रतिशत से बढ़कर 0.21 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 2.60 प्रतिशत से बढ़कर 0 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.27 प्रतिशत से घटकर माइनस 2.31 प्रतिशत रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.33 प्रतिशत से बढ़कर 1.82 प्रतिशत रही।

#### नवंबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 1.33 प्रतिशत हुई

दिसंबर में रिटेल महंगाई पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 1.33 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। ये तीन महीनों का हाई लेवल है। इससे पहले नवंबर में ये 0.71 प्रतिशत पर थी। वहीं अक्टूबर में ये 0.25 प्रतिशत पर थी, जो 14 साल में सबसे कम स्तर था। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डबलूपीआई को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डबलूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

## थाइलैंड में पैसेंजर ट्रेन पर क्रेन गिरी, 30 की मौत

### 67 घायल, ज्यादातर स्कूली छात्र, 65 फीट ऊंचाई से मलबा गिरा, डिब्बे पटरी से उतरे

एजेंसी ▶▶ थाईलैंड





थाईलैंड में बुधवार को तेज रफ्तार से चल रही पैसेंजर ट्रेन पर 65 फीट ऊंचाई से एक क्रेन गिर गई। इसके चलते ट्रेन के कई डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 67 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

क्रेन का इस्तेमाल रेल ब्रिज के निर्माण में हो रहा था। हादसे के समय ट्रेन में 195 लोग सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें ज्यादातर यात्री स्कूल के छात्र थे। दुर्घटना के समय ट्रेन लगभग 120 किमी/घंटा की रफ्तार से चल रही थी। ड्राइवर को ब्रेक लगाने का मौका नहीं मिला यह दुर्घटना नाखोन राचासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई। हादसे के वक्त ट्रेन राजधानी बैंकॉक से उबोन राचाथानी जा रही थी। क्रेन ट्रेन के तीन डिब्बों पर गिरा, जिनमें से दो डिब्बों में सबसे ज्यादा लोग सवार थे। इन्हीं डिब्बों में जानमाल का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

न्यूज वेबसाइट नेशन थाईलैंड के मुताबिक क्रेन गिरने के कारण ड्राइवर को ब्रेक लगाने का मौका नहीं मिला। टक्कर के बाद क्रेन का मलबा कोच पर गिरा, जिससे कई डिब्बे पटरी से उतर गए। पटरी से उतरते ही डिब्बों में आग लग गई। हादसे के कुछ मिनट बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। बचाव दल ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

### बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद के घर में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास में आग लगने की घटना सामने आई है। यह आवास लुटियंस जोन स्थित 21 मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड पर स्थित है। बुधवार सुबह करीब 8.05 बजे आग लगने की सूचना मिली। शुरूआत में दमकल विभाग को कोठी नंबर 2 में आग लगने की जानकारी दी गई थी, लेकिन मौके पर पहुंचने के बाद पता चला कि आग कोठी नंबर 21 में लगी है, जो रविशंकर प्रसाद का निवास है। आग घर के एक कमरे में रखे बेड में लगी थी। लपटें उठती देख तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

### नितिन नवीन 20 को संभालेंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेवारी

**नईदिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन के नाम पर मुहर लग जाने की खबर है। सूत्रों के अनुसार नितिन नवीन 19 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे, जबकि 20 जनवरी को उनके नाम की औपचारिक घोषणा किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह स्वयं प्रस्तावक के तौर पर मौजूद रहेंगे। दोनों शीर्ष नेताओं की मौजूदगी से नितिन नवीन के नाम पर पार्टी नेतृत्व की पूरी सहमति और भरोसे का संकेत मिलता है। नितिन नवीन के नामांकन के मौके पर भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया गया है, जिससे यह साफ है कि पार्टी इस चयन को एक बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है।

## ईरान में हालात बिगड़े, भारतीयों को तुरंत निकलने की सलाह

### तेहरान में गुरुवार को एक साथ 300 शवों को दफनाया गया, प्रदर्शनकारी को सरेआम फांसी मिलेगी

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वाशिंगटन



ईरान में हिंसक प्रदर्शन की वजह से भारत सरकार ने बुधवार को नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए।

इस एडवाइजरी में कहा गया है कि यह सलाह 5 जनवरी की पिछली एडवाइजरी के आगे की कड़ी है और ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए दी गई है। सरकार ने यह भी दोहराया है कि सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहना चाहिए। ईरान में मौजूद भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखें ताकि किसी भी नई जानकारी से अवगत रहें।

#### ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने यह पोस्ट किया है...

- दावा- ईरान में 12 हजार लोगों की मौत ईरान में बुधवार शाम 300 शवों को दफनाया जाएगा। अंग्रेजी अखबार द गार्डियन के मुताबिक, शवों में प्रदर्शनकारियों के साथ सुरक्षा बलों के शव भी शामिल होंगे। ये कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा के बीच तेहरान यूनिवर्सिटी के कैंपस में हो सकता है।
- प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या पर नजर रखने वाली अमेरिकी संस्था ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि अब तक 2,550 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 2,403 प्रदर्शनकारी और 147 सरकार से जुड़े लोग शामिल हैं।
- हालांकि ईरान से जुड़े मामलों को कवर करने वाली वेबसाइट ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया है कि देशभर में कम से कम 12 हजार लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं।

## 10 दिन बंद रहेगी मेट्रो

### सिस्टम टेस्ट और कमीशनिंग के लिए सभी 16 स्टेशनों पर किया जाएगा ट्रायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो 15 जनवरी से 25 जनवरी तक पूरी तरह बंद रहेगी। गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो के परीक्षण और सिस्टम जोड़ने के काम पूरे करने के लिए यह रोक लगाई गई है।

इस साल मार्च तक प्राथमिक कॉरिडोर पर मेट्रो का संचालन शुरू होना है। अब सभी 16 स्टेशनों पर ट्रायल रन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सिग्नलिंग और टेलीकम्युनिकेशन (एसएंडटी) के काम अंतिम चरण में हैं। एमपीएमआरसीएल के अधिकारियों के अनुसार, चालू हिस्से को बाकी सेक्शन से जोड़ने के लिए तकनीकी परीक्षण जरूरी हैं। इसमें सिग्नल सिस्टम, टेलीकम्युनिकेशन, सुरक्षा उपकरण और कंट्रोल सिस्टम का समन्वय शामिल है। इसे सुरक्षित और समय पर पूरा करने के लिए मेट्रो का संचालन बंद किया गया है। मेगा ब्लॉक के दौरान पूरा कॉरिडोर टेस्ट और सिस्टम जोड़ने के काम किए जाएंगे।

11 जनवरी से मेट्रो सिर्फ एक बार चल रही थी। दोपहर 3 बजे मेट्रो गांधीनगर स्टेशन से चली और सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर तीन पर 3.25 बजे वापस लौट गई। यात्रियों की कम संख्या के कारण फेरे कम किए गए थे।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## कप्तान की चर्चा अन्य विभाग परिजनों में...




वर्दी वाले विभाग के कप्तान की चर्चा अब तो अन्य विभाग के कर्मियों एवं उनके परिजनों के बीच में होने लगी है। सीधे तौर पर कप्तान की नहीं उनके मानवीय संवेदनशील कार्यों की ये चर्चा है और इसीलिए अन्य विभागों के लंबित मामलों में अब उनका उदाहरण तक दिया जाने लगा है। वर्दी वाले विभाग में कप्तान कार्य को लेकर पुरी तरह संजीदगी रखते हैं और सख्ती से काम लेते हैं। उनके मातहत विभाग के छोटे से छोटे कर्मचारी को भी काम करना ही पडता है। खास बात यह है कि वर्दी वाले विभाग में कर्मचारियों की कमी का मामला लंबे समय से चल रहा है। वर्दी से आमजन की अपेक्षा को देखते हुए कप्तान बराबर उसके लिए विभागीय कर्मचारियों को काम को लेकर प्रोत्साहित करते हैं और काम नहीं करने वालों को दंडित भी करते हैं। वर्दी के कर्मचारियों एवं उनके परिवार के प्रति पूरी तरह से संवेदनशीलता भी रखते हैं। अनुकंपा नियुक्ति के मामलों हों या कर्मचारियों के भूगतान से संबंधित मामला या अन्य कोई तत्काल ही उसमें निराकरण करवाया जा रहा है। इसके विपरित अन्य विभागों में काम की स्थिति कमजोर है। कार्यालय 5 दिवसीय होने के बाद भी पुराने समय के बाद खुल रहे हैं। शाम को भी पुराने समय पर ही बंद हो जाते हैं। आमजन दो झचार चक्कर न काटे तब तक आवेदन को हवा ही नहीं मिलती है। विभागीय कर्मचारियों के अनुकंपा एवं अन्य मामलों में चक्कर पे चक्कर मिल रहे हैं। बाबूजी के सामने भीड लगी रहती है। साब सीधे ऐसे मामलों को सूनते नहीं हैं। खुसूर-फुसूर है कि वर्दी वाले विभाग में नारियल की तरह से उपर से सख्त एवं अंदर से नर्म वाले हाल हैं,जबकि अन्य विभागों में बैर की तरह का काम है उपर से नर्म अंदर से सख्त । वर्दी वाले कप्तान से अन्य विभागों के जिम्मेदारों को सीख लेने की जरूरत है कि काम के मामले में सख्त हों और संवेदनशीलता के मामले में पुरी तरह से साथ। यहीं कारण है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों एवं उनके परेशान परिजनों में वर्दी वाले कप्तान के कार्यों की चर्चा आम है।

## सदावल के पास से दुर्लभ उल्लू मिला, की चिकित्सा जांच



**उज्जैन।** बुधवार को सदावल में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास सुबह के समय में दुर्लभ उल्लु मिला है। इसी सूचना कुत्ता प्रेमी कु.सानिया ने वन विभाग को दी थी। रेस्क्यू दल ने स्थल पर जाकर उल्लू को पकडा और उसके उपरांत पशु चिकित्सक को दिखाया था। उल्लू को अभी वन विभाग के रेंज कार्यालय में रखा गया है,बाद में उसे जंगल में छोडा जाएगा। वन विभाग के प्रभारी रेंजर रेस्क्यू मदन मोरे ने बताया कि सूचना के आधार पर उल्लू को स्थल से लाया गया था। चिकित्सा जांच के उपरांत उसे रेंज कार्यालय में रखा गया है। अगले दिनों में उसे स्वस्थ्य होने पर उसे जंगल में छोडा जाएगा। पशु चिकित्सक डा.अरविंद मैथनिया के अनुसार यह कामन बार्न आउल था।यह वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के संशोधन सूची में शेड्यूल वन के पार्ट बी में शामिल है। इसका साइंटिफिक नाम टायटो अल्बा है। रेस्क्यू दल के प्रभारी मदन मोरे,उमेश वर्मा,राजेन्द्र चौहान,सोनू चौहान इसे लेकर आए थे। स्वास्थ्य परीक्षण में यह नर व्यस्क था। उल्लू पूरी तरह से स्वस्थ्य था। यह एक प्रकार की मध्यम आकार की प्रे बर्ड है। इनका भोजन चूहे, चिडिया,केचुए, कीट होते हैं।इनके देखने सूनने की क्षमता अद्भूत होती है।ये कम लाईट में भी आसानी से शिकार कर लेते हैं।

**कुत्ता प्रेमी ने वन विभाग के रेस्क्यू दल को दी सूचना**

---

**मकर सक्रांति पर षटतिला एकादशी के साथ अनुराधा नक्षत्र में सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग भी रहा, विशेष संयोग में धमार्लुजनों ने पुण्य स्नान किया और सूर्य को अर्ध्य दिया,दान,धर्म में बीता दिन**

# पुण्य फल प्राप्ति के लिए 23 साल बाद बने दुर्लभ योग में जमकर किया दान





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन में सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर सक्रांति पर पुण्य फल की प्राप्ति के लिए धमार्लुजनों ने 23 साल बाद बने दुर्लभ योग में स्नान,दान कर पुण्य लाभ लिया है। वैसे तो सुबह से ही धमार्लुजन धर्म,ध्यान,दान में रम गए थे लेकिन दोपहर में विशेष योगों के तहत पुण्य सलिला शिप्रा में धमार्लुजनों ने स्नान करने के उपरांत अपने धर्म कर्म को अंजाम दिया है। शहर में अनेक स्थानों पर गो ग्रास भी इस दौरान डाला गया।

सनातन धर्म में मकर संक्रांति का पर्व अत्यंत पावन और विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष इस पर्व पर षटतिला एकादशी के साथ दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। करीब 23 वर्षों बाद इस दिन दुर्लभ ग्रह योगों का संयोग रहा है। षटतिला एकादशी के साथ-साथ अनुराधा नक्षत्र में सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग भी रहा । जिसका पुण्य लाभ धमार्लुजनों ने लिया।

### महाकाल सहित सभी मंदिरों में उमडे श्रद्धालु

मकर सक्रांति सूर्य उत्तरायण पर्व पर सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों के साथ ही अन्य क्षेत्रीय मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालु उमडते रहे। मोहल्ले के मंदिरों में भी आसपास के श्रद्धालुओं की भीड रही। इसी दौरान मंदिर में खाद्य सामग्री का दान भी चढता रहा। मुख्य रूप से दिन भर घरों में बनने वाले तिल गुड के लड्डूओं एवं पपडी का भोग भगवान को लगाया जाता रहा ।

### पतंगों से सजे मंदिर

मकर सक्रांति को लेकर मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी। प्रमुख मंदिरों में श्री चामुंडा माता मंदिर ,दशभूजा गणेश मंदिर श्मशान पर विशेष रूप से मंदिर एवं भगवान को पतंगों से सजाया गया था। इस दौरान मंदिर के गर्भगृहों में विशेष चमकीली एवं रंग बिरंगी पतंगों को आकर्षक रूप से सजाया गया। इसके अलावा भी कई मंदिरों में पतंगों से सजावट की गई थी।

### ऐसे रहा ग्रहों का योग

मकर संक्रांति का धार्मिक, सांस्कृतिक और खगोलीय महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि, इसी दिन सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, इसे सूर्य का उत्तरायण होना कहा जाता है। इसके साथ ही खरमास का समापन होता है और शुभ व मांगलिक कार्यों की शुरूआत मानी जाती है। मकर सक्रांति के एक दिन पूर्व शुक्र देव ने राशि बदलकर मकर में प्रवेश किया। मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में होंगे। शनि मीन राशि में, गुरु मिथुन राशि में स्थित रहेंगे और मकर संक्रमण के अगले दिन मंगल, शुक्र और बुध भी मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस प्रकार मकर राशि में चतुरगृही योग का निर्माण अत्यंत शुभ और प्रभाव शाली रहा है। मान्यता है कि विशेष योगों में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर शनि से संबंधित वस्तुओं का दान और सेवन करने से सूर्य देव के साथ-साथ शनिदेव की भी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### सूर्य आराधना एवं खगोलीय आराधना पर्व

धार्मिक दृष्टि से मकर संक्रति भगवान सूर्य की उपासना का विशेष पर्व है। इस दिन श्रद्धालु प्रातः काल पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य करते हैं और सूर्य देव को अर्ध्य अर्पित कर जीवन में तेज, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हैं। सांस्कृतिक रूप से यह पर्व नई फसल के आगमन और खुशहाली का प्रतीक है, वहीं खगोलीय दृष्टि से इस दिन सूर्य की स्थिति में परिवर्तन होता है, जिससे दिन धरि-धीरे बड़े और रातें छोटी होने लगती है।

### दोपहर से हुई जमकर शुरूआत

बुधवार को मकर सक्रांति पर्व की दोपहर से जमकर शुरूआत हुई। सुबह के समय धमार्लुजनों ने नित्य की भांति ही अपने धर्म कर्म किए। इसे लेकर ज्योतिषियों के बताए अनुसार धमार्लुजनों ने पालन किया। दोपहर 3 बजकर 13 मिनट पर सूर्य ने धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश किया उसके उपरांत ही मकर सक्रांति का धर्म,ध्यान और स्नान मूल रूप से किया गया। पंचांगों में मकर संक्राति का पुण्यकाल दोपहर 02.49 बजे से शाम 05.45 बजे तक हेड, जबकि महा-पुण्य काल दोपहर 02.49 बजे से 03. 42 बजे तक माना गया था। ऐसे में मान्यताओं का पालन करते हुए धमार्लुजनों ने इस समयकाल में स्नान, दान और जप का कई गुना फल प्राप्त किया। इस दौरान शिप्रा के घाटों पर स्नान करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे थे। वैसे तो सुबह से ही स्नान का क्रम शिप्रा में चलता रहा। दोपहर में कुछ देर के लिए यह बढ गया था। घाटों पर स्नान के उपरांत कई धमार्लुजनों ने अपना जनेऊ भी बदला।

### दान में उदार रहे हाथ

शहर में देखने में आया कि सुबह से ही धमार्लुजनों ने दान में विशेष उदारता दिखाई। कहीं कोई खिचडी बाटता दिखाई दिया तो कहीं पर ऊनी कपडे,भोजन बांटता दिखाई दिया। मंदिरों में सूखा अनाज भी दान में दिया गया। गौशालाओं में हरा घास डालने वालों की संख्या भी अधिक थी तो शहर में अनेक स्थानों पर गाय को घास डाला गया था।

### पतंगबाजों का अपना मजा रहा

सनातन पर्व मकर सक्रांति पर धार्मिक रूप से पतंग उडाने का भी महत्व बताया गया है। ऐसे में शहर भर में जमकर पतंगबाजों का मजा देखा गया। पतंगबाजों ने एक दिन पूर्व से ही पतंग एवं डोर की तैयारी कर ली थी। सुबह प्रथम दौर से ही मकान की छतों एवं मैदानों में पहुंचकर पतंगबाजों ने आसमान में अपनी पतंगों को उंचा उडाया और दुसरी पतंगों के पेंच काटने में लगे रहे। दिन भर युवाओं की टोलियां घरों की छतों से काटा हैझजैसी आवाजें लगाते रहे। इसके साथ ही छतों पर संगीत के बीच युवाओं के डांस का क्रम भी देखा गया।

---

**लाल, हरी, नीली और पीली पतंगो ने भरी उड़ान, आसमां रंग-बिरंगी पतंगों से अटा दिखा, वो काटा...वो मारा...की आवाजें दिनभर सुनाई दी, पतंगबाजी के साथ ही डीजे और ढोल की थाप पर युवा थिरके**

# रंग-बिरंगी पतंगों ने आसमान में भरी उड़ान, काटे एक-दूसरे के पेंच



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बुधवार को आसमां रंग-बिरंगी पतंगों से अटा दिखा। लोगों के घर की छत पर काटा है की आवाज दिनभर गूंजती रही। फिल्मी गानों पर झूमते हुए युवा पतंगबाजी का लुत्फ उठाते रहे,खूब पेंच लड़ाए गए वो काटा ...,वो गया की... आवाज गूंजती रही। बच्चों व युवाओं के साथ ही बड़े-बुजुर्ग भी पतंगबाजी करते देखे गए। छतों पर डीजे का शोर देर शाम तक सुनाई देता रहा जो दिन ढलने के बाद ही बंद हुआ।

शहर में पतंगबाजी को लेकर तडके से ही खासा उत्साह था। बच्चों और युवाओं को इस दिन का खासा इंतजार रहता है तथा दो-तीन दिन पहले से ही वह तैयारी कर लेते हैं। सूरज उगने से पहले शुरू हुई आसमान छूने की होड़ सूरज ढलने के बाद तक जारी रही। शहर की हर छत पतंगबाजों से अटी रही।



### रंग-बिरंगी पतंगों का दिखा राज

कटी पतंग लूटने वालों में भी खासी होड़ रही। कई युवक तो जान की परवाह किए बगैर सडकों पर यहां-वहां दौड़ते रहे। शहर की छतों से सूर्योदय से सूर्यास्त तक आसमान में परिंदों की जगह रंग बिरंगी पतंगों का राज रहा। अंधेरा होते ही लालटेन वाली पतंग आसमा में नजर आई। चाइना डोर की बिक्री ना हो इसके लिए भी पुलिस प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया था और सतत नजर रखे हुए थे खास बात यह रही कि इस बार पतंग बाजार में कुछ हद तक चाइना डोर की चोरी छुपे बिक्री पर प्रशासन रोक लगाने में कामयाब हुआ है। इस कारण पतंग उड़ाने में चाइना डोर का इस्तेमाल ना के बराबर हुआ।

# खेलो एमपी टेबल टेनिस स्पर्धा में आरव और वंशिका प्रथम रहे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

19 वर्ष आयु वर्ग की ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स टेबल टेनिस स्पर्धा का आज बहुद्देशीय खेल परिसर नानाखेड़ा स्टेडियम में सफल आयोजन किया गया।

स्पर्धा में बालक एवं बालिका वर्ग के युवा खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बालक वर्ग में सिर्फ 10 वर्ष के प्रतिभावान खिलाड़ी आरव जैन ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में वंशिका मोतियानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया।

उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया की ब्लॉक स्तर से चयनित सभी खिलाड़ी आगामी 17 जनवरी को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय स्पर्धा में भाग लेंगे।

आज की प्रतियोगिता से पांच बालक और पांच बालिकाओं का चयन किया गया है।

### चयनित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**बालक वर्ग:** • **प्रथम:** आरव जैन • **द्वितीय:** सागर भीरोडे • **तृतीय:** लक्ष्य बडोदिया • **चतुर्थ:** गर्वित तिवारी • **पंचम:** निधिश तिवारी

**बालिका वर्ग:** • **प्रथम:** वंशिका मोतियानी • **द्वितीय:** मेघा भदावाले • **तृतीय:** शगुन भीरोडे • **चतुर्थ:** नव्या जैन • **पंचम:** नित्या जैन

स्पर्धा के मुख्य निर्णायक उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सतीश मेहता रहे।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी ओ पी हारोड संस्था अध्यक्ष एस पी झा, नरेंद्र श्रीवास्तव, अंकुर जैन, अनिल निकम, हिमांशु जैन एवं मेघा सरवटे विशेष रूप से उपस्थित थे।

---


# इनोवेटिव टीचिंग से विषय को बनाया सरल, भूगोल के प्रति पैदा किया आकर्षण


पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

शहर के एक विद्यालय मे भूगोल जैसे क्लिष्ट व कठिन विषय के प्रति विद्यार्थियों की रूचि व रूझान देखने काबिल है। इस विद्यालय मे दसवी के बाद विषय चयन मे विद्यार्थी जब कला विषय को चुनने मे अपनी रूचि दिखाते हैं तो अचरज होना लाजिमी है। कला संकाय मे भी भूगोल जैसे गूढ व क्लिष्ट विषय की तरफ आकर्षण और ज्यादा हैरत पैदा करता है। ये ऐसे ही नहीं हुआ दरअसल इस परिवर्तन के पीछे एक शिक्षक का जुनून रहा जो विगत कुछ वर्षों से विद्यालय के छात्र छात्राओ को उचित परामर्श के साथ विषय चयन मे सहायक हैं और साथ ही भूगोल को समझाने मे चार्ट व मॉडल्स का भरपूर उपयोग करते हैं।

### कमरे को बना दी प्रयोगशाला

शहर के माधवनगर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक निरंजन बेलिया सिमित संसाधनों के बीच भूगोल की अलख जगाए हुए हैं। भूगोल लेबोरेटरी के लिए बडा हाल न मिल पाने की दशा मे उन्होने एक क्लासरूम को ही भूगोल की प्रयोगशाला बना दिया और पूरी लगन से इस विषय की बारीकियों को समझाने मे सतत लगे रहे। क्लासरूम मे कंटूर रेखाओं, विश्व व भारत के नक्शे लगाकर विद्यार्थियों को नक्शे के द्वारा समझाना उनका एक तरीका है। इस तरीके से पढाने पर उत्साहजनक परिणाम भी मिले और विगत वर्ष दसवी उत्तीर्ण होने पर ,विषय चयन के दौरान छात्रों का सर्वाधिक आकर्षण भूगोल के प्रति रहा।



### मैप रीडिंग व माडल्स बने आकर्षण

इनोवेटिव शिक्षक निरंजन ने भूगोल को सरल बनाने के लिए कई माडल्स अपनी लैब मे रखे और माडल्स की मदद से वे दुनिया के नक्शे पर भारत की स्थिति, अन्य देशों की स्थिति समझाते हैं। इसके अलावा वे एक निश्चित समय पर दुनिया के अलग अलग देशों की घड़ियां क्या समय बता रही हैं इसको निकालना भी सिखाते हैं।निरंजन ने एक चर्चा मे बताया कि टाइम जोन माडल के ऊपर अंकित देशांतर रेखाओं की सहायता से विभिन्न देशों का समय ज्ञात किया जा सकता है। उन्होने माडल पर बताया कि यदि भारत मे दिल्ली का समय दोपहर दो बजे चल रहा है तो इसी वक्त मैक्सिको सिटी का समय रात्रि तीन बजे है।

### पृथ्वी की विभिन्न लेयर

पृथ्वी के थ्री डायमेंशन माडल से विद्यार्थी पृथ्वी की तीनो लेयर --- कोर , मेंटल व क्रस्ट को सरलता से समझ लेते हैं।इसके अलावा गति संकेतक यंत्र द्वारा विद्यार्थी वायु की रफ्तार निकालना भी सीख गये हैं। निरंजन के इनोवेटिव टीचिंग प्रयोग से आज विद्यालय की कक्षा ग्यारहवी मे 85 छात्र व बारहवी मे 57 छात्र हैं जो भूगोल के प्रति विद्यार्थियों के आकर्षण का बडा प्रमाण है।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## उज्जैन में खुले मंच पर भाजपा नेताओं के बीच तकरार

# विधायक, महापौर और नगर अध्यक्ष के बीच बनी विवाद जैसी स्थिति

**विधायक अनिल जैन ने सिंहस्थ के लिए लाई गई लैंड पूलिंग योजना को लेकर सीएम को पत्र लिखा था**

**विधायक अनिल जैन के पत्र लिखने के तीन दिन बाद ही लैंड पूलिंग योजना निरस्त हो गई थी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के भीतर अलग-अलग मुद्दों के लेकर मतभेद सामने आ रहे हैं। खास बात यह है कि मत भिन्नता खुले मंच पर भी दिखने लगी है। मंगलवार को होटल श्री गंगा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष के साथ विधायक अनिल जैन व महापौर मुकेश टटवाल की जमकर तकरार हुई। विषयों पर मतभेद सामने आए। इस पर पार्टी अध्यक्ष को कहना पड़ा कि ये सब बातें सार्वजनिक मंच के स्थान पर पार्टी फोरम पर रखें।

दरअसल मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास का उपयोग पूरी तरह बंद करने वाले 50 से अधिक व्यापारियों का सम्मान समारोह होटल श्री गंगा



में रखा गया था। इसमें राज्यसभा सदस्य उमेशनाथ, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन, महापौर मुकेश टटवाल और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल शामिल थे। सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम के दौरान ही विधायक अनिल जैन ने महापौर द्वारा गत दिनों महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को लिखे गए पत्र का समर्थन करते हुए कहा कि महापौर जी मैं आपके साथ हूं। आंदोलन करना होगा तो भी साथ हूं। उल्लेखनीय है कि महापौर मुकेश टटवाल ने शनिवार को महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को एक पत्र लिखकर उज्जैन के स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व्यवस्था बेहतर करने की बात लिखी थी। टटवाल ने व्यवस्था न सुधरने की स्थिति में आंदोलन तक की चेतावनी दे दी थी।

### मुद्दों पर भिड़े, नगर अध्यक्ष ने कहा ये मंच नहीं

कार्यक्रम में मौजूद सूत्रों ने बताया कि नेताओं के बीच कुछ और मुद्दों को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए। सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य कार्यों की बात भी उठी। तकरार की स्थिति बनी। इस पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि ये सब बातें सार्वजनिक मंच पर नहीं की जानी चाहिए। इसके लिए पार्टी फोरम है। और भी कई बातें हुईं। भाजपा नेताओं की इस आपसी तकरार की चर्चा शहर के सियासी गलियारों में दिन भर रही।

### विधायक भी कर चुके हैं आंदोलन की बात

बता दें कि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने सिंहस्थ के लिए लाई गई लैंड पूलिंग योजना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने योजना निरस्त करने की मांग की थी। जबकि शासन स्तर पर इस योजना को लागू करने की पूरी तैयारी हो गई थी। उनके इस पत्र से कई तरह के सियासी मायने निकाले गए थे। खास बात यह है पत्र लिखने के तीन दिन बाद ही लैंड पूलिंग योजना निरस्त हो गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पात्रता पर्ची में कार्यवाही करते हुए कनिष्का का नाम सुधार किया

**उज्जैन।** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती शालु वर्मा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिले के 287477 परिवारों के 1209414 सदस्यों को निशुल्क खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। उक्त व्यवस्था अंतर्गत पात्रता पर्ची में नाम सुधार एवं जोड़ने के आवेदन प्राप्त होते है, जिन पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में त्वरित निराकरण किया जा रहा है। अनुविभाग तराना के हितग्राही खेमसिंह तोमर को 25 किलो राशन प्राप्त हो रहा है। श्री खेमसिंह तोमर की पुत्री कनिष्का का नाम आधार में त्रुटिपूर्ण दर्ज होने से पात्रता पर्ची में नाम सुधार करने हेतु आवेदन किया गया था। उक्त प्रकरण में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अंकिता जोशी द्वारा आधार केन्द्र, स्थानीय निकाय एवं विभागीय पोर्टल पर त्वरित समन्वय करते हुए खेम सिंह तोमर की पुत्री कनिष्का का नाम सुधार करते हुए कनिष्का तोमर करवाया गया। खेमसिंह तोमर द्वारा अपने आवेदन के त्वरित निराकरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

### तीन दिवसीय उज्जैन रंग महोत्सव 16 से

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में 16 से 18 जनवरी तक उज्जैन रंग महोत्सव होगा। भोपाल, उज्जैन और जम्मू के कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

संस्कृति संचालनालय, संस्कृति विभाग के सहयोग से यथार्थ सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा उज्जैन रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था सचिव प्रकाश देशमुख ने बताया इस बार का नाट्य समारोह कहानी के रंगमंच पर केंद्रित है। 16 जनवरी को भूमिका नाट्य संस्था भोपाल की प्रस्तुति नाटक मुसाफिर का मंचन किया जाएगा। 17 जनवरी को यथार्थ सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा अशोक भौमिक की कहानी पर आधारित नाटक चौकीदार का मंचन किया जाएगा। 18 जनवरी को जम्मू के लकी गुप्ता का नाटक मां मुझे टैगोर बना दे का मंचन होगा।

### सांस अभियान का आयोजन 28 फरवरी तक

**उज्जैन।** बाल मृत्यु में कमी लाना मप्र शासन प्रमुख लक्ष्य है। पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। देश में बाल्यकाल में 16.3 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। एस.आर.एस. 2003 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की 44 प्रति 1000 जीवित जन्म है, वर्तमान में 5.1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण हो जाती है जिसे 3 प्रति हजार जीवित जन्म से कम किया जाना है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन द्वारा बताया कि निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम किए जाने हेतु समय पर लक्षणों की पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा साथ ही निमोनिया के संबंध में जागरूकता आवश्यक है। साथ ही बच्चों में समुचित पोषण स्तर को बनाये रखने हेतु समस्त संसाधन का एकीकृत प्रबंधन किया जाना है। इसी तारतम्य में भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में दिनांक 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक स्अअठर (सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्युट्रलाइज न्युमोनिया सक्सेसफुली) अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सांस अभियान की रणनीतिपांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में समुदाय एवं संस्था स्तर पर संभावित निमोनिया के प्रकरणों की सही समय पर पहचान, संशोधित IMNCI प्रोटाकॉल्स अनुसार उपचार एवं आवश्यकता पड़ने पर उचित संस्था में रेफरल, DSS के उपयोग को बढ़ावा।

## मकर संक्रांति पर पिता-पुत्र दिवस की अनूठी परंपरा

# सूर्य-शनि मिलन पर निकली सूर्यदेव की पालकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर इस वर्ष भी पिता-पुत्र दिवस की अनूठी परंपरा अपने दशम वर्ष में प्रवेश कर गई। 111 बटुक ब्राह्मणों की सहभागिता में डमरू, शंख और ढोल-ताशों की गूंज के साथ सूर्य देव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर शनि रूपी पुत्र बने बटुक ब्राह्मणों ने सूर्य रूपी पिता का भावपूर्ण स्वागत किया। स्कंद पुराण में वर्णित शनि नवग्रह मंदिर की परंपरा के अनुरूप जहां प्रत्येक ग्रह का अपना पृथक भूगर्भ है सूर्य देव के गर्भ से कृष्णा गुरुजी के सान्निध्य में बटुक ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

शैलेंद्र त्रिवेदी (शनि मंदिर पुजारी), राकेश गुरु एवं जीतू गुरु (शनि मंदिर प्रधान) के मार्गदर्शन में सूर्यदेव को पालकी में विराजित किया



गया। पालकी के साथ बटुक ब्राह्मण विभिन्न ग्रहों की ध्वजाएं लेकर चल रहे थे, जबकि आगे-आगे शंख-डमरू-ताशों की गूंज वातावरण को पिता-पुत्र प्रेम के संदेश से भर रही थी।

त्रिवेणी संगम पर सूर्यदेव का विशेष अर्चन किया गया। आदित्य हृदय स्त्रोत के पाठ और जय सूर्यदेव के जयकारों के बीच शनि मकर राशि के गर्भगृह में सूर्यदेव की प्रतिमा विधिवत विराजित की गई। शनि-सूर्य मंत्रोच्चार के साथ एक वर्ष बाद पिता-पुत्र मिलन का भावपूर्ण दृश्य उपस्थित हुआ।

**मकर संक्रांति का गहन आध्यात्मिक महत्व भी**

### मकर संक्रांति पिता-पुत्र प्रेम का संदेश देती

आयोजक कृष्णा गुरुजी ने बताया कि प्रत्येक त्योहार अपने साथ विशेष सामाजिक-आध्यात्मिक संदेश लाता है। कैलेंडर वर्ष 2026 का प्रथम पर्व मकर संक्रांति आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और खगोलीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पिता-पुत्र प्रेम का संदेश देती है। जैसे सूर्य और शनि ज्योतिष में शत्रु माने जाते हुए भी एक-दूसरे के घर जाना नहीं छोड़ते, वैसे ही समाज में पिता-पुत्र यदि किसी कटुता से गुजर रहे हों तो उसे भुलाकर साथ समय बिताएं, पिता के चरण वंदन करें और उनका आशीर्वाद लें। कृष्णा गुरुजी ने कहा कि हमारे रिश्तों में भी सभी ग्रहों का समावेश है। ग्रह को जानना हो तो गृह को पहचानिए- सूर्य पिता, चंद्र माता, मंगल भाई-बहन, बुध मामा, गुरु पति-बच्चे, शुक्र पत्नी और शनि अधीनस्थ कर्मी का प्रतीक हैं।

### अभिनेत्री ऐश्वर्या राज, अभिनेता हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान ने किए बाबा महाकाल के दर्शन किए



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में बुधवार तड़के भस्म आरती में तीन सेलिब्रिटी शामिल हुए। साउथ फिल्म की अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भकुनी सहित फिल्म और टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान तेजवानी ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महाकाल मंदिर में तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती में बॉलीवुड और टॉलीवुड के अभिनेता हितेन तेजवानी पत्नी गौरी के साथ महाकाल मंदिर पहुंचे, वहीं साउथ सिनेमा की अभिनेत्री ऐश्वर्या अपने परिवार के साथ भस्म आरती में शामिल हुईं। इस दौरान सभी ने नंदी हॉल में करीब दो घंटे तक बैठकर भगवान की आरती देखी। आरती के बाद सभी ने देहरी से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साउथ फिल्म इंडस्ट्री से आने वाली ऐश्वर्या राज भकुनी ने सम्राट, पृथ्वीराज, प्राइड सहित कसम तेरे प्यार की जैसी फिल्मों और धारावाहिकों में काम किया है। वहीं हितेन और गौरी तेजवानी दोनों कई टीवी सीरियल्स सहित फिल्मों में नजर आ चुके हैं। दोनों सास भी कभी बहू थी जैसे लोकप्रिय टीवी सीरियल का भी हिस्सा रहे हैं।

### पौराणिक महत्व के आधार पर होगा नए घाटों का नामकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

2028 सिंहस्थ कुंभ के लिए बनाए जा रहे नए घाट निर्माण के बाद उनका नामकरण किए जाने के निर्देश मंगलवार को हुई बैठक में किया जाएगा। सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने दिए हैं। सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने मंगलवार दोपहर सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे विकास के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मेला अधिकारी सिंह ने सभी निर्माणाधीन कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट अपडेट रखने के निर्देश दिए हैं।

## नागझिरी क्षेत्र में फिर पीएचई की लाइन डेमेज की, पांच दिन में यह दूसरी घटना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नागझिरी क्षेत्र में फिर से पीएचई की पाइपलाइन डेमेज कर दी गई। इस क्षेत्र में पांच दिन में पीएचई की लाइन डेमेज करने की ये दूसरी घटना है। लगातार हो रही इन घटनाओं के पीछे कारण विभागों में समन्वय नहीं होना है। इससे क्षेत्र में जलप्रदाय बाधित हो गया है। सोमवार को किया जाने वाला जलप्रदाय नहीं हो पाया है। पीएचई के उपयंत्री संतोष दायमा ने बताया कि नागझिरी क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया के पास से टंकी भरने व सप्लाय की 450 एमएम वाली पाइपलाइन गुजरी है। सोमवार को सीवरेज का कार्य करने वाली एजेंसी ने पोकलेन से गड्ढा करने के दौरान इस लाइन को डेमेज कर दिया, जिससे पानी बहने लगा।

## इमरजेंसी कोटे की सीट लेने वालों का समय बदला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

11 जनवरी से रेलवे ने आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की समय सीमा में परिवर्तन किया है। रेलवे बोर्ड के निदेर्शों के तहत यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय में परिवर्तन किया गया है।

ट्रेनों का आरक्षण चार्ट कम से कम 10 घंटे पहले तैयार करना शुरू कर दिया गया है। अब आपातकालीन कोटा आवंटन की समय सीमा में परिवर्तन के साथ ही आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन लेने की समय सीमा में भी परिवर्तन किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन निम्नानुसार स्वीकार किए जाएंगे। जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय सुबह 05:01 बजे से शाम 18:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पहले सुबह 11:30 बजे तक संबंधित बॉक्स में जमा करने होंगे।

जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय शाम 18:01 बजे से रात 23:59 बजे के मध्य है, उनकेलिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पूर्व पहले दोपहर 13:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं।

## गुरुद्वारा सुख सागर में लोहड़ी पर्व मनाया गया: विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिख समाज ने 13 जनवरी को गुरुद्वारा सुख सागर में लोहड़ी पर्व सामूहिक रूप से मनाया। इस अवसर पर भाई गुरदेव सिंह वीरका (अमृतसर) के सान्निध्य में विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया। कीर्तन के बाद गुरु का अटूट लंगर भी वितरित किया गया।

गुरुद्वारा सुख सागर के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कालरा ने बताया कि सिख समाज हर साल परंपरागत रूप से लोहड़ी पर्व मनाता है। मंगलवार शाम को गुरुद्वारा परिसर में लोहड़ी की पवित्र अग्नि प्रज्वलित की गई। समाजजनों ने अग्नि की परिक्रमा करते हुए नृत्य-गान किया और तिल, गुड़, गजक आदि अर्पित किए।

### आज मनाया गया गुरुद्वारा सुख सागर का स्थापना दिवस

कालरा ने बताया कि गुरुद्वारा सुख सागर का स्थापना आज मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान हुआ, जिसमें हजूरी रागी भाई गुरदेव सिंह वीरका (अमृतसर) उपस्थित रहेंग। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया।

सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एस.एस. नारंग ने लोहड़ी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उत्सव है। इस पर्व पर सिख और पंजाबी समुदाय अलाव जलाकर तिल, गुड़, मूंगफली अर्पित करते हैं, अच्छी फसल और समृद्धि की कामना करते हैं। यह पर्व खुशी, नई शुरूआत और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। नारंग ने यह भी बताया कि लोहड़ी का पर्व लोकनायक दुल्ला भट्टी की स्मृति से जुड़ा है। दुल्ला भट्टी एक वीर योद्धा थे, जो नारी सम्मान, गरीबों की रक्षा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक माने जाते हैं। लोहड़ी के दौरान उनके नाम के गीत गाकर उनकी वीरता और लोकनायक की परंपरा को आज भी जीवित रखा जाता है।



## जिला पंचायत द्वारा किया गया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कूमट द्वारा जिला चिकित्सालय उज्जैन में औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता पी. डब्ल्यूडी. गौतम अहिरवार, ई.एम.पी. डब्ल्यूडी एम.एस.पंवार उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत ने निरीक्षण के दौरान लिफ्ट, सीवरेज लाइन का अवलोकन कर चरक अस्पताल में नागरिकों एवं मरीजों को आने जाने में कोई असुविधा न हो इसके लिए आज ही बंद लिफ्ट का कार्य करवा कर लिफ्ट चालू करवाने के निर्देश दिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरते जाने के निर्देश दिए ।

## व्यवसायी ने 11 बच्चों को कराई हवाई सैर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में एक ट्रेवल्स व्यवसायी ने श्रमिक बस्ती के 11 बच्चों को हेलिकॉप्टर की सैर कराई। राजेश सिंह भदौरिया ने इस्कॉन मंदिर के पीछे स्थित श्रमिक बस्ती के बच्चों को न केवल कपड़े और मिठाइयां दीं, बल्कि उन्हें आसमान में उड़ने का अनुभव भी कराया। यह बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय पल बन गया।




हेली सेवा के तहत उपलब्ध हेलिकॉप्टर से इन 11 बच्चों को दो चरणों में उज्जैन शहर की हवाई सैर करवाई गई। हेलिकॉप्टर ने जैसे ही उड़ान भरी, बच्चों की आंखों में उत्साह और विश्वास साफ झलक रहा था। ऊपर से शहर, मंदिर और सड़कों को देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

न्यूज-कॉलम



## नगर गौरव मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज का प्रथम नगर आगमन

**मनावर।** जिला धार।। पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर महाराज,ऋषि तीर्थ प्रणेता आचार्य 108 प्रसन्न ऋषि जी गुरुदेव के संघस्थ नगर गौरव मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज का प्रथम नगर आगमन हुआ। मुनि संघ के आगमन पर समाज के लोगों ने बैंड बाजे के साथ बडी धूमधाम से स्वागत किया गया। जगह जगह नगरवासियों ने भव्य आगवानी की। बड़ी संख्या में जैन समाज व सर्व समाज के लोग इंदोर रोड खंडेलवाल पैट्रोल पम्प पर पहुचे जहां से चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ जैन मंदिर पहुंचा। चल समारोह में भक्तों ने जगह जगह फुलों से स्वागत किया गया। गांधी चौराहा पर आचार्य व मुनिश्री का जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा कि कि गई। समाज के दैवेन्द्र जैन ने बताया कि मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज दीक्षा उपरांत प्रथम बार गृह नगर मनावर पधारे। इस अवसर पर आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज तीर्थंकर आदिनाथ जी के बताएं मार्ग पर चले आदिनाथ जी ने असी, मसी कृषी और अंत में ऋषि बताया उसी का अनुसरण करते हुए मुनि श्री प्रभात सागर जी ने कृषि भी की और ऋषि भी हो गए।

## नगर का गौरव दिवस भगवान सूर्य की अगुवानी मकर संक्राति से शुरू हुआ



**खरगोन।** नवग्रहों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध खरगोन नगर का गौरव दिवस को बुधवार को भगवान सूर्य की अगुवानी के पर्व मकर संक्राति से शुरू हुआ। इस दौरान सुबह के समय जहां नवग्रहों के पूजन-दर्शन के बाद इस उत्सव की शुरूआत हुई। यात्रा में विधायक बालकृष्ण पाटीदार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर नगर गौरव दिवस के उत्साह का आनन्द लिये। यह यात्रा शहर में भ्रमण करते हुए मुख्य आयोजन स्थल कुंदा नदी के तट स्थित किला मैदान परिसर पहुंची। यहां राष्ट्रगान के साथ यात्रा को विराम दिया। गौरव दिवस पर इस यात्रा के साथ ही नगर गौरव दिवस के दो दिवसीय आयोजनों को लेकर कुंदा नदी के तट को भव्य तरीके से सजाया गया है। जहां रात के समय यहां के घाट दूधिया रोशनी से सराबोर हो रहे हैं। खरगोन जिले के गौरव दिवस को लेकर कुंदा नदी में लगाए गए फव्वारे भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यही नहीं, इस दौरान देर शाम करीब 7 बजे कुन्दा नदी किनारे, गणेश मंदिर के सामने दीपदान एवं महाआरती के साथ ही साथ भव्य एवं रंगारंग आकर्षक आतिशबाजी भीजाएगी जिसके बाद नगर के गौरव दिवस को लेकर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी।

## नर्मदा जयंती आयोजन के कार्यक्रम हेतु विशेष अधिकारी नियुक्त

**बड़वानी।** नर्मदा जयंती के अवसर पर जागीरदारपुरा घाट पर 22 जनवरी से 25 जनवरी तक कथा श्रवण, प्रसादी एवं भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमति जयति सिंह ने पुलिस एवं ट्राफिक व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को,पेयजल टेंकर, चलित शौचालय के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बड़वानी एवं जनपद पंचायत बड़वानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बड़वानी को, मेडिकल स्टाफ के एम्बुलेंस की तैनाती के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बड़वानी को, घाट पर सुरक्षा हेतु लाईफ जैकेट, नाव, एसडीआरएफ जवानों की ड्यूटी हेतु डिस्ट्रीक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड बड़वानी को,मजिस्ट्रीयल ड्यूटी हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी बड़वानी को नियुक्त किया है।

## जनपद पंचायत ठीकरी में उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु अधिकारी नियुक्त

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमति जयति सिंह ने जनपद पंचायत ठीकरी क्षेत्र में उपाध्यक्ष का पद रिक्त होने से 16 जनवरी को सम्मेलन आयोजित करने हेतु पीठासीन अधिकारी एवं सहायक अधिकारी की ड्यूटी लगाई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसीलदार ठीकरी श्री जगदीश कुमार वर्मा को पीठासीन अधिकारी एवं खण्ड पंचायत अधिकारी श्री हेमंत वैष्णव को सहायक अधिकारी नियुक्त किया है।

## 12 जनवरी से प्रदेश में शुरू हुआ संकल्प से समाधान अभियान

**बड़वानी ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुशासन और स्वराज के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर शुरू हुए इस अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये अभियान 4 चरणों में चलाया जायेगा। अभियान में ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदन /शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित होगा, जिसका एक नोडल अधिकारी होगा।


**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 7771090777, 7773077762


## उप मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा 15 जनवरी को दोपहर 3 बजे ग्राम कासेल पहुंचेंगे। दोपहर 3.30 बजे ग्राम कासेल से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुंदी में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर सांदीपनि विद्यालय मूंदी में अनुशासन, ऊर्जा और राष्ट्रचेतना का अदभूत संगम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा /मुंदी



स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को सांदीपनि विद्यालय मूंदी का प्रांगण देशभक्ति, अनुशासन से सराबोर नजर आया। यहाँ भव्य सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या मे विद्यार्थियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ भारत सशक्त भारत का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं एसएमडीसी सदस्य केशव गीते तथा नारायण सिंह मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य सुश्री सीमा राठौर ने किया।

मुख्य अतिथि चंद्रमोहन राठौर ने स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी जीवन, उनके विचारों और दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद का सपना था कि आज का युवा ऐसा हो जो शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और नैतिक रूप से सशक्त हो। सूर्य नमस्कार उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने युवाओं से विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के संदेश प्रसारण से जुड़कर मिनट-टू-मिनट निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन, एकरूपता और उत्साह के साथ सूर्य नमस्कार कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शिक्षक नरेंद्र सोनी ने किया।जबकि आभार प्रदर्शन शिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान ने किया।

इस अवसर पर नगर परिषद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुर्जर,सुनीता सोलंकी, पूजा यादव, ममता फूलमाली,अरविंद राठौर,मोहन गढ़वाल, शैलेंद्र साधव, मुकेश काजले, संदीप मेहडा,निलेश गावड़ेकर,मयंक गीते सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक गण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# वन स्टॉप सेंटर पर 50 शौर्या दल सदस्यों का बाल संरक्षण पर प्रशिक्षण

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत ली शपथ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत जिले में किशोर सशक्तिकरण के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी रतन सिंह गुन्डिया ने बताया कि किशोर सशक्तिकरण के लिए जिले में आंगनवाडी स्तर पर शौर्या दल का गठन किया गया है. जिसका उद्देश्य है, कि महिलाएं व किशोरी बालिकाएं अपने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक हों एवं इनका उपयोग करनें में सक्षम हों । स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं अपनी समान पहुँच बना सकें। महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति समाज की नकारात्मक सोच, कुप्रथाओं, भेदभावों में परिवर्तन लाया जा सके । महिलाओं व किशोरी बालिकाओं के मुद्दों को समाज के समक्ष दृढता से प्रस्तुत करना तथा सामाजिक विकास में उनकी भागीदारी को बढावा देना। परियोजना स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वन स्टॉप सेंटर पर किया गया था।

कार्यक्रम में सहायक संचालक सुप्रिया मेडा ने किशोरी बालिकाओं को नेतृत्व पर ओरिएंट किया तथा वन स्टॉप सेंटर सहित एनी सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अगले चरण में किशोर सशक्तिकरण जिला समन्वयक शैलेश बैरागी द्वारा जेंडर, बाल संरक्षण तथा साइबर सुरक्षा पर चर्चा की गई. किशोरी बालिकाओं को बाल संरक्षण हेतु जिले में उपलब्ध सुविधा तथा योजनाओं पर चर्चा करते हुए जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाई, उर्जा डेस्क, चाइल्ड लाइन आदि सेवाओं की जानकारी साँझा की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित आंगनवाडी केन्द्रों से शौर्य दल की चयनित बालिकाओं को प्रशिक्षक के रूप में चिन्हित किया गया है. कार्यक्रम के अंतिम चरण में बाल विवाह कानून पर सम्वाद किया गया। उपस्थित किशोरी बालिकाओं द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम पर चर्चा उपरांत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की प्रतिज्ञा ली।

# उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी में आयोजित किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, नगर के जनप्रतिनिधि शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। यह कार्यक्रम आकाशवाणी से प्रसारित होकर आकाशवाणी से जारी दिशा निदेशों के अनुसार प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का आगमन उनका स्वागत माँ सरस्वती का पूजन एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यापर्ण उपरान्त वन्दे मातरम गान गाया गया।

रेडियो पर प्रसारित स्वामी विवेकानन्द के भाषण का अंश सुना गया। वही से जारी निदेशांनुसार योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की ओर से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि श्री जितेन्द्र निकुम द्वारा स्वामी विवेकानन्दजी के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों पर चलने की प्रेरणा विद्यार्थियो को दी गई। इस कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री भूपेन्द्र रावत, तहसीलदार श्री जितेन्द्र भावसार, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री जे.एस.डामोर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शीला चौहान, जिला आबकारी अधिकारी श्री बारोड एवं डीपीसी श्री प्रमोद शर्मा, पी.एम.श्री शासकीय बा. उमावि क्रमांक 2 की प्राचार्य श्रीमती करूणा बैस सहित अनेक अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। मंच से इस कार्यकम का मागदर्शन खेल अनुदेशक श्री मुकेश मालवीय एवं श्री इन्द्रकुमार यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री जगदीश गुजराती द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरान्त प्राचार्य सह नोडल अधिकारी (जि.स्त.सूर्य नम) ई.एफ.ए. शासकीय उत्कृष्ट उमावि कं. १ बड़वानी श्री अनिल मिश्र द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बाघ खंड के आगर मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें ९ ग्राम आगर पिपरी कुडूझेता बाकी कदवाल नाहवेल बागपुरा जामला वेकलिया ग्राम के लगभग पांच हजार हिन्दू समाज के युवा मातृशक्ति पुरुष सम्मिलित हुए।

मंच पर उपस्थित तडवी पटेल समाज के प्रमुख व्यक्तियों के द्वारा भारत माता टंट्या मामा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मंचासीन समस्त अतिथि और उपस्थित जनों को संयोजक रतन सिंह किराडे सहसंयोजक कैलाश भंवर अर्जुन जमरा कोषाध्यक्ष भेरू सिंह जमरा सह कोषाध्यक्ष इंदर सिंह जी द्वारा केसरिया दुपट्टा पहनाकर कर स्वागत अभिनंदन किया गया। उपस्थित जनों को आदिवासी भाषा में संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के श्री तेरसिंह चौहान कहा की पर्यावरण संरक्षण में वनवासी जनजाति समाज की अहम भूमिका रही है हमारे महापुरूषों ने हिंदू धर्म और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज को विभाजित करने की साजिशे रची जा रही है लेकिन हमें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए सभी हिंदू आपस में भाई-भाई की भावना से जुड़े रहे तभी सुरक्षित रहेंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख भूपेंद्र जी राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार ने महापुरुषों के विचारों से प्रेरित होकर संघ की स्थापना हिंदुओं के स्वाभिमान को जगाने के लिए की थी उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के पूरे परिवार के बलिदान के संबंध में उपस्थित जनों को प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से अवगत कराया उन्होंने पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डाला उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता सामाजिक सुरक्षा और नागरिक कर्तव्य को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सकल हिंदू समाज के द्वारा भारत माता की आरती उतारी गई और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सभी जनों ने दाल चावल सब्जी पूरी का सहभोज किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सागर मंडल के सभी युवाओं ने विशेष प्रयास किया इस अवसर पर मंडल पालक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर और सुरेश सिसोदिया उपस्थित थे।

# बसंत पंचमी पर मां बागेश्वरी जन्म उत्सव की रहेगी धूम

**श्रंद्धालु करेगे मातारानी का हाथों से पंचामृत अभिषेक**

**बाग।** विराटनगर बाग में विराजित मां बागेश्वरी देवी जी शक्ति पीठ पर माघ गुप्त नवरात्री, शतचण्डी महोत्सव के अंतर्गत 19 जनवरी सोमवार से 27 जनवरी मंगलवार तक मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी पंडित सिद्धार्थ राम शर्मा ने बताया कि महा उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन नित्य गौरी गणेश पूजन, सर्वतोभद्र मंडल पूजन, भगवती सहस्त्रार्चन, दुर्गा पाठ संपन्न होगा। माँ बाघेश्वरी जन्महोत्सव (बसंत पंचमी) 23 जनवरी शुक्रवार को माताजी का भव्य पंचामृत अभिषेक प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। विशेष अनुरोध करते हुए श्रद्धालुओं से कहा गया कि अपने करकमलों से माताजी का पंचामृत अभिषेक कर पूण्य लाभप्राप्त करे। असुविधा से बचने के लिए पुरुष वर्ग अपनी धोती, शोला या गमछा साथ मे लेकर अवश्य आए। मातृ शक्तियों को साड़ी शूट या भारतीय पारम्परिक वेश भूषा में गर्भगृह में प्रवेश दिया जावेगा। १ बजे से माता जी का श्रृंगार प्रारंभ होगा माहा आरती वा केसरिया भोग अर्पण सायंकाल, 6, बज कर 30 मिनट पर होगी आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में उपस्थित कन्याओं दुवार मिल्क केक का भोग अर्पण किया जाएगा।शतचण्डी हवन व पूणार्हुति 27 जनवरी मंगलवार को प्रातः 8.30 बजे अनुष्ठान की पूणार्हुति महायज्ञ के साथ कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया है।



# भाजपा में कार्यकर्ता का सम्मान होता है-सांसद पाटिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ता के परिश्रम, निष्ठा और समर्पण का सम्मान होता है। बुधवार को सांसद कार्यालय में भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी और जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने के मार्गदर्शन में आप सभी अपने दायित्वों का निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाएँगे।

**नई टीम संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी**

सांसद श्री पाटील ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। यह नई टीम संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले की कार्यकारिणी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में चल रही राष्ट्र हितैषी योजनाओं और अभियानों को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

**मैं खुद बैठूंगा भाजपा कार्यालय में**

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा की हमारी पार्टी में संगठन ही सर्वोपरि है। एक-एक कार्यकर्ताओ के मेहनत और परिश्रम से आज यह पार्टी खड़ी हुई है। मैं जब भी जिले में दौरे पर रहूंगा जिला भाजपा कार्यालय में समय तय कर बैठूंगा ताकि पदाधिकारीयो के साथ ही कार्यकताओं से सीधा संवाद बना रहे।

## गणतंत्र दिवस पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**बड़वानी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी लोकतंत्र का उत्सव भारत पर्व का आयोजन शिवकुंज आशाग्राम की पहाड़ी पर किया जायेगा।


**कार्यालय क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर**

**सी.आर.पी. लाईन, एम.वाय. अस्पताल के पीछे, इन्दौर**

**फोन 0731-2920210, 2920411**

**ई-मेल- rhfwtcindore@mgail.com**

**क्र./क्रय/2026/39** **इन्दौर दिनांक 09.01.2026**

**// निविदा प्रकाशन //**

कार्यालय क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर में वित्तीय वर्ष 2025-2026 एवं 2026-27 स्थानीय स्तर पर खुली निविदा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-2026 में संभागीय स्तर पर प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थियों के लिये भोजन उपलब्धता हेतु केटरिंग के माध्यम से की जाती हैं। जो प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक म.प्र.पोर्टल पर ई-निविदा प्राप्त कि जा सकती है।

निविदाकार कार्यालय क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर के नाम म.प्र. पोर्टल में ऑनलाईन निविदा प्राप्त कि जा सकती है, निविदा से संबधित आवश्यक दस्तावेज की जानकारी M.P. Porlal पर उपलब्ध है।

**प्राचार्य**

**क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र, इन्दौर**



**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नालंदा केशरबाग रोड इंदौर में स्थित भूखण्ड क्रमांक M-259 श्रीमती मोहिनी दशोरे पति स्व. विनोद दशोरे को म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी का देहान्त दिनांक 19.08.2024 को हो गया है। तथा आवंटी के पति श्री विनोद दशोरे का देहांत दिनांक 14.04.2020 को हो गया है। इन दोनों के देहांत के उपरांत उक्त संपत्ति के वैध वारिस के रूप में आवंटी की दो पुत्री सुश्री नेहा दशोरे एवं सुश्री कोपल दशोरे ही है। अन्य कोई वैध वारिस नही है। चूंकि सुश्री कोपल दशोरे मानसिक रूप से विक्षिप्त है, आवंटी ने एक रजिस्टर्ड गार्जियन डीड अपनी पुत्री सुश्री नेहा दशोरे के पक्ष में लिखी है जिसके तहत उन्होने सुश्री नेहा दशोरे को ही वारिस बनाया है। आवंटी के देहान्त के उपरांत मण्डल रिकार्ड से उनका नाम विलोपित किया जाए एवं उक्त भूखण्ड मण्डल के रिकार्ड मे आवंटी की पुत्री सुश्री नेहा दशोरे पिता स्व. विनोद कुमार दशोरे के नाम से करने हेतु इन्होने मण्डल में आवेदन प्रस्तुत किया है। जोकि विचाराधिन है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**



**In The Court Of II Additional Judge To The Court Of I Additional District Session Judge, District Court, Ujjain**

**Presiding Officer: श्री कपिल नारायण भारद्वाज**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/0000369/2021)

हबीब हुसैन -वादी

**विरुद्ध**

मेसर्स तिरूमाला डेवलपर्स उज्जैन द्वारा भागीदार अनिरुद्र गुप्ता-प्रतिवादी

Process Id/2026

पेशी दिनांक :- 06.02.2026

प्रेषिती- (1) चिंताबाई बैरागी पति मांगीलाल बैरागी पता-8 ग्राम रामपुर भुडवास तह व जिला आगर मप्र (2) दुद्दूयाबाई पति युनुस अली पता- 23/2 चन्द्रशेखर आजाद मार्ग उज्जैन (3) लौलाबाई सोनी पति सुरेशचंद्र सोनी पता- चौक बाजार ग्राम तनोडिया तह व जिला आगर (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी हबीब हुसैन आत्मज शेख सेफुद्दीन कनवासवाला, आयु-55 वर्ष, धंधा-व्यापार, निवासी-27/1 शंकराचार्य मार्ग उज्जैन द्वारा आदेश 6 नियम 17 एवं आदेश 7 नियम 7 व धारा 151 सीपीसी के अधीन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजाल हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 12 जनवरी 2026 को मेरे मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**नोट-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**कपिल नारायण भारद्वाज)**

**जिला न्यायाधीश उज्जैन के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश उज्जैन (म.प्र.)**

## खास न्यूज

### मादक पदार्थ तस्कर जहरीली शराब के साथ पकड़ाया

उज्जैन। 2 साल पहले मादक पदार्थ तस्करी में पकड़ा जा चुका बदमाश बुधवार को एक बार फिर गिरफ्त में आया है। इस बार उसके पास से 7 लीटर जहरीली शराब बरामद की गई है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि रूनिजा अंडर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास प्लास्टिक की केन में भरी कच्ची शराब है। वह शराब बेचने की फिराक में है। खबर पर तत्काल एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर के साथ टीम को रवाना किया गया। ब्रिज के नीचे घेराबंदी की गई और उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसके पास से बरामद प्लास्टिक की केन में कच्ची जहरीली शराब भरी होना सामने आई। आरोपी व्यक्ति राजेश पिता जगदीश सिर्वी 38 साल निवासी ग्राम बंगरेड हाल पता व्यास कॉलोनी बड़नगर है। उक्त आरोपी पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी और अवैध शराब का आरोपी भी रह चुका है। जहरीली शराब मिलने पर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया और कोर्ट पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### खुद को दादा बताते हुए युवक को मारा चाकू

उज्जैन। ढांचा भवन में रहने वाले गौरव पिता दिनेश राठौर 27 साल को मंगलवार-बुधवार रात घर लौटते समय स्मार्ट रोड हीरामिल की चाल स्थित तालाब के पास रवि पिता जगदीश डाबी ने रोक लिया और शराब पीने के रूपये मांगने लगा। गौरव ने रूपये देने से मना किया और जाने का प्रयास किया तो रवि ने खुद को क्षेत्र का दादा बताते हुए गाली-गलौच की और चाकू मारकर घायल कर दिया। उसने जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। गौरव की शिकायत पर देवासगेट थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

### चाइना डोर की 13 रील के साथ पकड़ाया युवक

उज्जैन। मंकर संक्रांति से एक दिन पहले मंगलवार-बुधवार रात चाइना डोर बेचने की फिराक में निकले युवक को चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा मार्ग अंजना अस्पताल के पास से हिरासत में लिया। उसके पास से झोले में भरी चाइन डोर की 13 रील बरामद की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिबंधित डोर के साथ गिरफ्त में आया युवक तौफिक पिता शहजाद मसंरी 20 साल निवासी दरगाह मंडी के पास का रहने वाला है। मामले में बीएनएस की धारा 223 का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### विवेकानंद कालोनी से बदमाशों ने चुराई बाइक

उज्जैन। बाइक चोरी करने वाले बदमाश सक्रिय बने हुए है। हर दिन बाइक चोरी के मामले सामने आ रहे। इस बार बदमाश विवेकानंद कालोनी पहुंचे थे। जहां सी सेक्टर मकान नम्बर 276 के बाहर खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 13 एफएस 9234 अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर ली। बाइक चोरी होने पर बड़नगर के ग्राम चिरोलाकलां में रहने वाले राहुल पिता सेवाराम चौधरी ने आसपास तलाश शुरू की, नहीं मिलने मामले की शिकायत नीलगंगा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। वह परिचित के यहां आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है। चोरी का एक मामला वेदनगर का भी है। पवनपुत्र जिम वेदनगर से 8 जनवरी को मोहित पिता अशोक मेहर की बुलेट क्रमांक एमपी 13 ईएन 2853 बदमाशों ने चोरी कर ली थी। उक्त मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा 5 दिन बाद प्रकरण दर्ज किया गया। शहर में हर दिन 2 से 3 बाइक चोरी होना सामने आ रहा है। कई मामलों में चोरी के फुटेज भी सामने आये है। लेकिन पुलिस बदमाशों की पहचान नहीं कर पाई है। बाइक चोरी में करंज-पारदी गिरोह का हाथ होना माना जा रहा है।

### ट्रेक्टर-बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

उज्जैन। पिछले दिनों हुई सड़क दुर्घटना के मामले में 2 थाना पुलिस ने ट्रेक्टर चालक और बाइक चालक के खिलाफ घायल युवकों की मौत होने पर प्रकरण दर्ज किया है। उन्हेल थाना पुलिस ने बताया कि 10 जनवरी को लेकोडा आंजना में बाइक सवार भूरू पिता आलम शाह 47 साल निवासी गरवट मोहल्ला उन्हेल को ट्रेक्टर चालक ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। ट्रेक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। ट्रेक्टर जप्त किया जायेगा। दूसरा घटनाक्रम बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्रेसिम कंपनी के गेट के सामने हुआ था। बाइक चालक ने जितेन्द्र पिता हुकुमसिंह राठौर निवासी वर्धमानरोड ग्राम मेहतवास को 31 दिसंबर की रात टक्कर मार दी थी। जितेन्द्र को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां कुछ दिन चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई थी। बिरलाग्राम पुलिस ने मामले में बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

संक्रांति पर चाइना डोर से गला, पैर, हाथ और उंगली कटी

# भट्टे पर लौट रहा था युवक, सब्जी लेने निकली थी महिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रतिबंध लगा होने के बाद भी मकर संक्रांति पर चाइना डोर के घातक परिणाम सामने आये। बाइक सवार युवक का गला कट गया, महिला के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हुए। 2 बड़ी घटना के साथ ही 4 अन्य जख्मी होने पर उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल पहुंचे थे।

दिसंबर माह की शुरूआत होने के बाद से ही मकर संक्रांति से पहले पुलिस द्वारा चाइना डोर के घातक परिणामों को रोकने के प्रयास किये जा रहे थे। जिसमें पुलिस को काफी सफलता भी मिली थी, बावजूद बुधवार को मकर संक्रांति पर आधा दर्जन हादसे होना सामने आये। जिसमें 2 गंभीर मामले थे। पहला मामला फाजलपुरा नगरकोट पर रहने वाली सीमा पति भीमराम 45 साल के साथ हुआ। सुबह 11.30 बजे के लगभग सीमा घर से आलू खरीदने के लिये पैदल निकली थी। फाजलपुरा मार्ग पर अचानक पैर में चाइना डोर उलझ गई। वह डोर निकाल पाती उससे पहले बाइक सवार पास से गुजरा जिसमें चाइना डोर फंसकर खिंचा गई। जिससे सीमा के दोनों पैर कट गये, उसे लहूलुहान देख लोगों ने परिजनों को सूचना दी। बहन उसे अस्पताल लेकर पहुंची। पैरों में जख्म काफी गहरे हो गये थे। एक पैर में सात टांके लगाये गये। दूसरे पैर की नस कट गई और घाव हड्डी तक हो चुका था। डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन थियेटर में भेजा। जहां एक पैर की सर्जरी करना पड़ गई। कुछ देर बाद ही आगररोड नाका नम्बर 5 से अंतर पिता मांगीलाल बंजारा 20 साल निवासी रतलाम को अस्पताल लाया गया था। उसका गला कटा हुआ था। खून तेजी से निकल रहा था, इमरजेंसी में डॉ. रत्नाकर ने तत्काल उपचार शुरू किया और सात टांके लगाये। अंतर ने बताया कि वह काफी समय से उन्हेल-नागदा मार्ग पर बने ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहा है। सुबह उसका भतीजा रतलाम जा रहा था, उसे स्टेशन छोड़ने गया था, जहां से वापस भट्टे पर लौटते समय डोर उसके गले पर आ गई। उसने हाथ से रोकने के प्रयास किया लेकिन उंगली कट गई, वह बाइक रोक पाता उससे पहले चाइना डोर ने गला भी काट दिया।



### 3 युवको के साथ एक महिला हुई घायल



मकर संक्रांति पर दिनभर में चार अन्य मामले भी सामने आये। हाटकेश्वर कालोनी में रहने वाला जॉन पिता सुशील 28 साल बाइक से घर लौट रहा था। शांति पैलेस बायपास पर चाइना से उसका होट कट गया। डॉक्टरों ने 2 टांके लगाये। जयसिंहपुरा की रहने वाली सुगनबाई पति ओमप्रकाश 51 साल के पैर में चाइना डोर उलझ गई, पैर कटने पर उन्हे अस्पताल लाया गया। पटेलनगर में रहने वाले कृष्णा पिता रामप्रताप 25 साल का भी पैर कटा है। वहीं रिजवान पिता अब्दुल रशीद 20 साल निवासी जानसापुरा ने डोर सामने आने पर हाथ से पकड़ी तो उसकी उंगलियां कट गई।

### बालक और युवक छत से गिरकर घायल





चाइना डोर से होने वाले हादसों के साथ पतंगबाजी करते समय छत से गिरने के मामले भी सामने आये। एक बालक का हाथ टूट गया वहीं युवक गंभीर घायल हुआ है। बालक श्रीकृष्ण कालोनी का रहने वाला नक्श पिता अशोक प्रजापत 14 साल पतंग खींचते वक्त पीछे आते वक्त छत से गिर गया। उसके हाथ में फैक्चर हुआ है। भाई उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। शाम को मनीष पंवार 27 साल को छत से गिरने के बाद अस्पताल लाया गया था, वह नशे की हालत में था। बताया जा रहा था कि उसे बहादूरगंज क्षेत्र से लाया गया है। लेकिन वह कुछ बोल पाने की हालत में नहीं था।

### इधर पतंग-डोर को लेकर हुआ विवाद

शिवशक्ति नगर में पतंग कटाने की बात पर विशाल मीणा का आशु मीणा से विवाद हो गया। आशु मीणा से हो गया। दोनों ने परिजन भी आमने सामने हो गये। एक पक्ष से विशाल घायल हुआ है। उसने आशु, राजा और उसके साथियों पर मारपीट का आरोप लगाया। वहीं दूसरे पक्ष से काजल पति दिनेश पोरवाल जो अपने मायके आई थी घायल हुई है, उसके साथ कालू बाथम,लालसिंह और रितेश मालवीय भी घायल हुए है। चिमनगंज पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया है। वहीं नानाखेड़ा क्षेत्र में सोनू पिता रमेश परमार का डोर खीचने की बात पर पियुष से विवाद हुआ। पियुष ने पाइप से मारपीट की। सोनू के सिर में चोंट लगने पर डाक्टरों ने टांके लगाये है।

# पत्नी की मौत के बाद लापता हुआ पति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चरक अस्पताल में मंगलवार रात घायल महिला को एक व्यक्ति लेकर पहुंचा था। उसने खुद को पति बताया और महिला को उपचार के लिये भर्ती किया। बुधवार तड़के महिला की मौत हो गई। खुद को पति बताने वाला पत्नी की मौत के बाद लापता हो गया। अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात चरक अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई थी कि लीलाबाई पति कालू भील 40 साल निवासी मोरवानी रतलाम को घायल हालत में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। उसे लाने वाला पति कालू भील है। सूचना पर पुलिस ने जानकारी जुटाई, इस दौरान सामने आया कि घायल महिला को उसका पति कालू देवास से लेकर आया है। जहां चार पहिया वाहन से टक्कर लगने पर चोंट लगी है। पुलिस मामले की जांच शुरू करती उससे पहले बुधवार तड़के लीलाबाई की मौत हो गई। अस्पताल स्टॉफ द्वारा दोबारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंची तो सामने आया कि उसका पति कालू भील लापता है, उसने अपना मोबाइल नम्बर भी दर्ज नहीं कराया था। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि कालू भील ने जो पता अस्पताल में दर्ज कराया था, उस स्थान पर संपर्क किया गया, वहां कालू के परिजनों से चर्चा हुई, लेकिन उन्होने लीलाबाई को कालू की पत्नी नहीं होना बताया। कालू के भी घर नहीं लौटने की बात कहीं। एसआई के अनुसार महिला मजदूर प्रतीत हो रही है। कालू के साथ मृतक महिला के परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जिनके मिलने पर ही पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

# चकोर पार्क और राजीव रत्न मल्टी में चाकूबाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मामूली विवाद में बुधवार शाम चकोर पार्क और राजीव रत्न कालोनी मल्टी में चाकूबाजी की घटना हो गई। 2 युवकों को घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पंवासा और नीलगंगा थाना पुलिस जांच कर रही है।

पंवासा थाना क्षेत्र के चकोर पार्क क्षेत्र में रहने वाला रवि पिता मनोज पाल 28 साल पार्क गेट के पास खड़ा था, उसी दौरान क्षेत्र के रहने वाले आकाश नामक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। रवि को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। एएसआई संतोष राव ने बताया कि घायल के बयान दर्ज करने के लिये टीम अस्पताल भेजी गई है। मामला आपसी विवाद का सामने आ रहा है। दूसरी चाकूबाजी की घटना नीलगंगा थाना क्षेत्र की राजीव रत्न मल्टी में हुई। शाम को कालोनी में बने कम्युनिटी हॉल की छत से दीपक पिता जगदीश खिंची पतंग उड़ाकर उतारा था, उसी दौरान अजय उर्फ बारिक भाट ने चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि अजय अपराधिक प्रवृति का है। मुखबीरी की आशंका में उसने दीपक पर हमला किया है। नीलगंगा पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर अजय के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### जरूरतमंदों के लिए वस्त्र दान किए

**उज्जैन।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए वस्त्रदान का एक सराहनीय एवं पुण्यदायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जरूरतमंदों के लिए उपयोगी, स्वच्छ एवं अच्छी स्थिति में पुराने वस्त्र दान किए। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान कर मानव सेवा को प्रोत्साहित करना रहा। संस्था अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व पर दान का विशेष महत्व है और वस्त्रदान से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना भी विकसित होती है।

पार्श्व गायक शंकर महादेवन ने पुत्रों सहित दी प्रस्तुति

# श्री महाकाल महोत्सव का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मकर सक्रांति के अवसर पर श्री महाकाल महालोक में 5 दिवसीय श्री महाकाल महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने बुधवार रात को किया।शुभारंभ अवसर पर पार्श्वगायक शंकर महादेवन ने अपने पुत्रों सिद्धार्थ और शिवम सहित प्रस्तुति दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने अन्य अतिथियों के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति की अधिकृत वेबसाईड एवं दान के लिए सीएसआर वेबसाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया।



शुभारंभ कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन वीर भारत न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी ने दिया । उनके उपरांत राज्यसभा सदस्य उमेशनाथ महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेडा एवं प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि महाकाल हमारी सांसों में बसे हुए हैं। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.सत्यनारायण जटिया को मंच पर आने का आग्रह कर उन्हें मंच पर बुलाया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में आने के पूर्व मुख्यमंत्री ने भगवान श्री महाकाल का सपत्निक गर्भगृह में पूजन अर्चन किया। अन्य अतिथियों के साथ उन्होंने नंदी गृह में ध्यान भी लगाया। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आए शंकर महादेवन ने दोनों पुत्रों के साथ अपरांह में भगवान के नंदी गृह से दर्शन किए और तीनों ने शिव भोला भंडारी भजन भी गाया।

# देवनागरी लिपि विश्व में अपनी सामर्थ्य से आगे बढ़ रही है - डॉ. चौधरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतवर्ष में प्रचलित अन्य लिपियों की श्रेणी में नागरी लिपि का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। भारतीय लिपियों में सबसे अधिक प्रचलित है। यह लगभग 80 करोड़ से अधिक लोगो की लिपि है इसीलिए नागरी लिपि भारत की राष्ट्रीय लिपि है। नागरी लिपि को समझने-पढ़ने वालो की संख्या विदेशो में अपनी सामर्थ्य से बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। नागरी लिपि की शक्ति तथा वैज्ञानिकता के सुदृढ़ आधार है। विनोबाजी ने कहा नागरी ही नहीं नागरी भी इसका प्रयोग करना चाहिये। उपर्युक्त विचार राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संगठन महामंत्री डॉ. प्रभु चौधरी ने विश्व हिन्दी दिवस की राष्ट्रीय संगोष्ठी : विश्व में नागरी लिपि का बढ़ता प्रभाव विषय पर च्वाईस कालेज पुणे के समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि डॉ. ममता जैन अप्रवासी साहित्यकार पुणे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देवनागरी लिपि के माध्यम से बंगला, मराठी, गुजराती अन्य हिन्दीतर भाषा के साहित्य को निकट लाया है। विदेशों में नागरी लिपि का प्रचार तेजी से बढ़ रहा है।

### जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की संक्रांति हो- आचार्य जीवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज से हजारों वर्ष पहले जब कोई भौतिक उपकरण दूरबीन नहीं थे तब हमारे ऋषि मुनियों को खगोल विज्ञान में सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी, ग्रह नक्षत्रों से संबंधित ज्ञान परिपूर्ण था, जबकि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा भी ईश्वर की अद्भुत रचना को पूरी तरह समझने में अक्षम है।

उक्त विचार वराह मिहिर वेधशाला डोंगला महिदपुर के प्रभारी वरिष्ठ खगोल शास्त्री आचार्य घनश्याम रत्नानी ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आर्य समाज मंदिर में व्यक्त किये। आचार्य जीवन प्रकाश आर्य ने इस अवसर पर कहा कि हम भौतिक जीवन में इस तरह डूब गए हैं कि हम आत्मतत्व को भूल गए हैं संक्रांति का पर्व हमे चिंतन मनन का अवसर देता है। हम सूर्य चंद्रमा की तरह सतत स्वस्ति कल्याण मार्ग पर चले और जीवन को सार्थक बनाए। प्रारंभ में आचार्य जीवन ने वेदमन्त्रो से वैदिक महायज्ञ संपन्न कराया।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

**निविदा संख्या. SandT-RTM-25-Tele-16 दिनांक: 12.01.26.** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिये E-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग "रतलाम डिवीजनः एनालॉग 25-वॉट VHF सेट को डिजिटल VHF सेट से बदलना और अपग्रेड करना।" **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 66,64,434.24/- (रुपये छियासठ लाख चौंसठ हज़ार चार सौ चौंतीस और चौबीस पैसे). **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य. **बयाना राशि:** ₹ 1,33,300.00. **कार्य पूरा करने की अवधि:** : आठ (08) महीने. **E-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 06/02/2026 समय 15.00 बजे तक. **E-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 06/02/2026 समय 15.30 बजे के बाद. **वैधता:** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन. यह टेंडर https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS Portal पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-tendering में भाग ले सकते है। सभी संबंधित दस्तावेज e-tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे।

DE/6/1/411

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भुमि स्वामी गुलाब जान बेवा बहादुर खां जाति पठान निवासी कुमार्डी के नाम से ग्राम भीमपुरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मे सर्वे नम्बर 127 का रकबा 0.85 आरे तथा ग्राम कुमार्डी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में सर्वे नम्बर कमंशः 2/1, 6/2, 7, 66/4, 68, 69, 70 का कुल किता 7 कुल रकबा 5.65 हैक्टयर में स्थित है। उक्त गुलाब जान बेवा बहादुर खां की उम्र 90 वर्ष से अधिक होकर वे अब वृद्ध हो चुकी है। वे आये दिन बिमार रहती है वे मांसिक बिमार भी है। इन्हे अब किसी भी प्रकार की कोई सुझ समझ नही है। एवं इनके नाम की सम्पुर्ण कृषि भुमि फिरोज खांन पिता पीर खांन निवासी ग्राम कुमार्डी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के कब्जे में है तथा उपरोक्त सभी कृषि भुमि पर फिरोज खांन के द्वारा ही कृषि कार्य किया जाता है। इनके मुल सेवादार फिरोज खांन है तथा इनकी सम्पुर्ण देख रेख भी ईलाज खर्च आदि भी फिरोज खांन के द्वारा ही किया जाता है एवं सर्वे नम्बर 127 का रकबा 0.85 आरे को भुमि स्वामी गुलाब जान के द्वारा फिरोज खांन को मोखिक हिबा भी किया गया है। तथा इनके मुल सेवादार उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध मुझ फिरोज खांन पिता पीर खांन से सम्पर्क करे अन्य किसी व्यक्ति से सम्पर्क ना करे अगर करता है तो उसकी सम्पुर्ण जिम्मेदारी आप स्वंय कि होगी मोके पर कब्जा नही दिया जावेगा। दिनांकः 14/01/2

**फिरोज खान, पीर खान के पिता**
**निवासी ग्राम कुमार्डी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मोबाइलः 9926075975**

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम खेडावदा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म०प्र० में एक आराजी खाता स्थित होकर खाते में आराजी सर्वे नंबर 38/1 रकबा 0.99 हे०, भूमि जो कि सोनु राठौर पति सतीश राठौर जाति तैली निवासी ग्राम खेडावदा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म०प्र० के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति है तथा इसी प्रकार ग्राम नरसिंहगढ तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म०प्र० एक आराजी खाता स्थित होकर खाते में आराजी सर्वे नंबर 1114/1 रकबा 1.00 हे0 में से 0.80 हे० भूमि जो कि भूमि स्वामी शारदाबाई पति कृष्णचंद्र राठौर जाति तैली निवासी रावटी तहसील व जिला रतलाम म०प्र० के स्वत्व स्वामीत्व व आधिपत्य से स्थित है। उक्त दोनो भूमि को मेरे पक्षकार ने कय कर अपने हित में विकय पत्र का निष्पादन करवाया जा रहा है। उक्त संपत्ति के संबंध में शासकीय, अशासकीय या किसी निजी संस्था का ऋण बकाया हो या अन्य के पास रहन, बय, हिबा, दान किया हो या किसी प्रकार का कोई स्वत्व या सुखाधिकार संबंधी विवाद हो या अन्य प्रकार से कोई भी आपत्ति हो तो जाहीर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज के आपत्ति पेश करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र अपने हित में करवा लेवेगा व बाद मियाद आने वाली किसी भी प्रकार की देनदारी, आपत्ति के लिए मेरा पक्षकार जवाबदार नहीं होगा। दिनांक-14.01.2026

**शुभम जैन बरखेडावाला, एडवोकेट**
**खाचरौद कोर्ट परिसर चेंबर**
**मो. न. 9009008338**

# सुपथ ले जाए, वही अध्यात्म



अध्यात्म क्या है? जब साधना के माध्यम से आत्मा और परमात्मा में संबंध स्थापित करने का प्रयास किया जाता है, तो वह प्रक्रिया अध्यात्म कहलाती है। मनुष्य के भीतर एक उच्च आकांक्षा होती है, जो उसे भीतर से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इसी से मानसिक आवश्यकताओं और संवेगों की पूर्ति होती है। मनुष्य की जन्मजात प्रवृत्तियां, उसकी कामनाएं, वासनाएं और सामाजिक-मानसिक तत्व, ये सभी जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इन्हें नकारना या भूल जाना उचित नहीं है।

जिस चिंतन का आधार अध्यात्म नहीं होता, वह धीरे-धीरे जीवन की वास्तविकता से कटने लगता है। ऐसा चिंतन न केवल व्यक्ति को भ्रमित करता है, बल्कि समाज को भी गलत दिशा में ले जाता है। जब-जब व्यापक मानव समूह सेवा व समग्र कल्याण के भाव से दूर हो जाता है, तब-तब यह जगत विपथगामी मार्ग पर बढ़ने लगता है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब मानव समाज ने आध्यात्मिक लक्ष्य व स्पष्ट जीवन-पथ को त्यागा है, तब-तब व्यापक क्षति और संकट उत्पन्न हुए हैं। इसका मूल कारण यही रहा कि लोगों के जीवन में न कोई आध्यात्मिक दिशा थी और न ही कोई उच्च उद्देश्य। याद रखिए, जब तक इस पृथ्वी पर स्वार्थप्रधान मानसिकता रहेगी, मानव को कष्ट भोगना ही पड़ेगा। नकारात्मक चिंतन से न तो व्यक्ति का कल्याण संभव है और न समाज का। ह्यआत्म-सुख तत्वह्न की तुलना में ह्यसमाज-सुख तत्वह्न अधिक महत्वपूर्ण है। आत्म-सुख तत्व का संबंध केवल व्यक्तिगत हित से है, तो समाज-सुख तत्व का संबंध सामूहिक कल्याण और सामाजिक संतुलन से है। सच्चा जीवन वही है, जिसमें व्यक्तिगत सुख समाज हित के साथ सामंजस्य बनाकर चले। यह विश्व एक अद्वितीय सत्ता द्वारा संचालित है। यह सत्ता समस्त भाव-तरंगों को नियंत्रित करती है। ईश्वर द्वारा निर्दिष्ट जीवन-पथ से कोई भी विमुख नहीं हो सकता। दर्शन, व्यवहार और साधना, सभी को इसी मूल प्रवाह के अनुरूप चलना होता है। ईश्वर को पाने के लिए आवश्यक है कि साधना के माध्यम से मन को ईश्वरमुखी बनाया जाए। मनुष्य को हमेशा यह स्मरण रखना चाहिए कि उसे यह शरीर विशेष उद्देश्य के लिए मिला है। उसका पूर्ण और श्रेष्ठ उपयोग ही जीवन की सच्ची सार्थकता है। अतीत की गलतियों को भूलकर नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बालक हों, युवा हों या वृद्ध, अध्यात्म का मार्ग सभी के लिए समान रूप से खुला है। जब मनुष्य अपने गुण, शक्ति और संसाधन समाज को समर्पित करता है, तभी उसमें सच्चा मनुष्यत्व विकसित होता है। मनुष्यत्व के पथ पर लाने के लिए आवश्यक है कि वह स्वयं को अध्यात्म के पथ पर स्थापित करे। यही उसके जीवन का परम लक्ष्य है।



सम्पादकीय

## सराहनीय फैसला

ऑनलाइन कारोबार से जुड़ी एक अमानवीय व्यवस्था, यानी दस मिनट में सामान की डिलिवरी की शर्त पर रोक लगाकर केंद्र सरकार ने अत्यंत सराहनीय कदम उठाया है। इस फैसले से सेवा क्षेत्र की कंपनियों व उपभोक्ताओं, दोनों को यह संदेश मिल गया होगा कि सुविधा और शोषण के बीच फर्क होता है। जाहिर है, इस अल्प अवधि के कारण डिलिवरी पार्टनर (गिग वर्कर) पर बहुत ज्यादा दबाव था और उनकी सुरक्षा का जोखिम लगातार बना हुआ था। बीते 31 दिसंबर की रात देश भर के गिग वर्कर्स ने हड़ताल करके सरकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था और श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने जिस तत्परता से संबंधित कंपनियों के अधिकारियों से बातचीत करके इस समस्या का हल निकाला है, वह अन्य विभागों के लिए भी एक नजीर पेश करता है। गौरतलब है कि ऑनलाइन क्षेत्र बड़ी संख्या में नौजवानों को रोजगार मुहैया करा रहा है। खुद नीति आयोग का यह आकलन है कि साल 2030 तक देश में गिग वर्कर की संख्या करीब दो करोड़, 35 लाख हो जाएगी। इनमें बड़ी संख्या में महिला कर्मी भी होंगी। इसलिए उनके हितों की रक्षा सरकार की जिम्मेदारी है।

निस्संदेह, मौजूदा उपभोक्तावादी दौर में समयबद्ध सेवाओं की मांग बढ़ रही है और दुनिया भर की कंपनियों में होड़ मची है कि वे बेहतर से बेहतर सेवाएं मुहैया कराकर उपभोक्ताओं को अपने साथ जोड़ें और मुनाफा कमाएं। स्थापित तथ्य है कि बाजारवादी व्यवस्था में प्रतिस्पर्द्धा का बड़ा लाभार्थी उपभोक्ता वर्ग है, मगर दुर्योग से सुविधाएं उठाते हुए लोग, खासकर भारत जैसे विकासशील देशों में यह अक्सर भूल जाते हैं कि जो कामगार उन्हें त्वरित सेवाएं मुहैया करा रहा है, वह भी इसी समाज का हिस्सा है। ऐसी अनेक खबरें साया हो चुकी हैं, जब धर्म, जाति और नस्ल के कारण किसी डिलिवरी पार्टनर को उपभोक्ता की बदसलूकी का शिकार होना पड़ा। देश में गिग वर्कर्स सबसे ज्यादा असुरक्षित रहे, क्योंकि सेवा शर्तें उनके बहुत अनुकूल नहीं रहीं। साल 2025-26 के बजट में केंद्र सरकार ने गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कई कदम उठाए। वित्त मंत्री ने उन्हें पहचान-पत्र देने, उनका पंजीकरण करने और उन्हें स्वास्थ्य बीमा व ऋण योजनाओं से जोड़ने का एलान किया था। अब दस मिनट की शर्त को निरस्त करने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

### परंपरा की जड़ों से ऊर्जा लेकर भविष्य की ओर बढ़ता भारत

## विश्व दबाव, देशीय संकल्प और एक चलता हुआ भारत

तूफानों से भागने वाले समय की धूल में खो जाते हैं, लेकिन जो तूफान को साध लेते हैं वही युग गढ़ते हैं। नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली इसी साहसिक दर्शन से जन्म लेती है, जहां ऊर्जा केवल गति नहीं, बल्कि दिशा बन जाती है। वैश्विक अस्थिरता, व्यापारिक दबाव और बदलती कूटनीति के बीच उनका नेतृत्व विचलित नहीं होता। वे हालात से संचालित नहीं, बल्कि हालात को गढ़ने वाले नेता हैं। हर चुनौती उनके लिए रुकावट नहीं, संभावना का द्वार है। यही कारण है कि उनका हर निर्णय तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सोच का विस्तार प्रतीत होता है, जिसमें भारत केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरता दिखाई देता है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच, अहमदाबाद की धरती पर जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज. के साथ हुआ संवाद साधारण औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की साझेदारी का स्पष्ट संकेत था। वैश्विक शुल्क तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में भारत जर्मनी संबंधों को असीम क्षितिज देना मोदी की रणनीतिक दृष्टि को दशार्ता है। शिक्षा, रक्षा और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के प्रस्ताव यह बताते हैं कि भारत अब संबंधों को प्रतीकात्मक नहीं, संरचनात्मक आधार पर गढ़ रहा है। मोदी जानते हैं कि आने वाले समय में केवल मित्र नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार ही राष्ट्रों को स्थिरता और शक्ति प्रदान करेंगे।

सोमनाथ में नतमस्तक होकर आरंभ हुआ 2026 का गुजरात प्रवास मोदी की राजनीति का सार प्रस्तुत करता है। यह यात्रा बताती है कि विकास और विरासत परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं। आध्यात्मिक चेतना से जुड़कर आधुनिक भारत की रचना करना उनकी विशिष्ट शैली है। अहमदाबाद मेट्रो और अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव जैसे आयोजन यह दशार्ते हैं कि प्रतीक भी नीति बन सकते हैं। परंपरा को बोझ नहीं, बल्कि शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना मोदी की पहचान है। वे समझते हैं कि जड़ों से जुड़ा राष्ट्र ही वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा रह सकता है।

देश के भीतर भी मोदी की कार्यप्रणाली उतनी ही निर्णायक दिखाई देती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हथियार आधारित सोच से हटकर कल्याण और विकास केंद्रित नीति अपनाना एक ऐतिहासिक मोड़ है। जहां कभी भय और हिंसा का वर्चस्व था, वहां अब विद्यालय, अस्पताल और रोजगार की चर्चा हो रही है। यह बदलाव केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानसिक परिवर्तन भी है, भरोसे की पुनर्स्थापना है। मोदी मानते हैं कि स्थायी शांति बल से नहीं, विश्वास से आती है। विकास को समाधान बनाकर असंतोष की जड़ों पर प्रहार करना उनकी रणनीति का केंद्र है, जो दीर्घकाल में राष्ट्र को आंतरिक रूप से सुदृढ़ बनाता है।

युवा शक्ति को विकसित भारत की धुरी मानना मोदी की सोच का आधार है। वे जेन जेड की रचनात्मकता और नवाचार को केवल सराहते नहीं, बल्कि अवसर भी प्रदान करते हैं। नेतृत्व संवाद, कौशल विकास और प्रेरक अभियानों के माध्यम से युवाओं को नीति निर्माण से जोड़ा जा रहा है। विवेकानंद की चेतना को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करना यह दशार्ता है कि प्रेरणा और शासन के बीच मजबूत सेतु बनाया जा रहा है। हालांकि रोजगार, ग्रामीण असंतोष और जलवायु संकट जैसे प्रश्न गंभीर बने हुए हैं, जिनका समाधान समय और संतुलन दोनों की मांग करता है। मनरेगा में प्रस्तावित बदलाव साहसिक है, पर उसका प्रभाव ग्रामीण महिलाओं और आजीविका पर कैसे पड़ेगा, यह आने वाला समय तय करेगा।

आर्थिक और डिजिटल मोर्चे पर मोदी की गति निरंतर बनी हुई है। सुधारों की प्रक्रिया रुकी नहीं, बल्कि और अधिक सशक्त हुई है। आधारभूत संरचना, विनिर्माण प्रोत्साहन, डिजिटल सार्वजनिक प्रणाली और व्यापार सुगमता ने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। वैश्विक झटकों के बावजूद विकास बनाए रखना प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था और किफायती तकनीक पर जोर युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करता है, हालांकि असमानता और रोजगार जोखिम जैसे प्रश्न अभी भी उत्तर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मोदी की विशेषता यही है कि वे चुनौतियों से आंख नहीं चुराते, बल्कि समाधान की ओर बढ़ते हैं।

विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता मोदी युग की स्थायी पहचान बनी हुई है। चीन के साथ संतुलन, पड़ोसी देशों के साथ पुनसंर्योजन और पाकिस्तान के प्रति सतर्क दृष्टिकोण यह दशार्ता है कि कठोरता और व्यावहारिकता साथ चलते हैं। जर्मनी के साथ समझौते और नौसैनिक सहयोग भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करते हैं। भारत अब केवल नियम मानने वाला देश नहीं, बल्कि नियम निर्माण में सहभागी बन रहा है, हालांकि घरेलू राजनीति में सामाजिक संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। विकास की गति और सामाजिक एकता के बीच संतुलन साधना इस दौर की सबसे कठिन, लेकिन सबसे आवश्यक जिम्मेदारी है।

2026 केवल एक कैलेंडर वर्ष नहीं, बल्कि नीतिगत परीक्षा का समय है। एक राष्ट्र एक चुनाव, न्यायिक सुधार और दीर्घकालिक विकास की परिकल्पना मोदी की दूरदृष्टि को दशार्ती है। हजार वर्षों की सभ्यतागत चेतना को आधुनिक शासन से जोड़ना सरल कार्य नहीं है। संसद से समाज तक संवाद बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि नीति और जनमानस के बीच दूरी बढ़ी, तो उपलब्धियां कमजोर पड़ सकती हैं, इसलिए सहभागिता को केंद्र में रखना अनिवार्य हो जाता है। मोदी यह जानते हैं कि नेतृत्व केवल निर्णय लेने से नहीं, बल्कि विश्वास बनाए रखने से टिकता है। इसलिए उनका हर कदम यह संकेत देता है कि परिवर्तन तभी स्थायी होगा जब सहभागिता बनी रहे। नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली एक ऐसी प्रवाहमान धारा है जो विरोधों के बीच भी दिशा नहीं बदलती। वे संकट में अवसर और अंधड़ में संभावना खोजते हैं। भारत को रुकने की अनुमति नहीं, यही उनका मूल मंत्र है। यह समय केवल एक नेता का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की सामूहिक यात्रा का प्रतीक है। मार्ग कठिन है, लेकिन संकल्प स्पष्ट है। यदि आंतरिक एकता बनी रही और संवाद जीवित रहा, तो हर चुनौती सीढ़ी बन सकती है।

## शिक्षित डकैत

आज के दौर में 'पढ़ा-लिखा' होना और 'सुसंस्कृत' होना दो अलग ध्रुव बन चुके हैं। रमेश बाबू का सुपुत्र 'चिन्मय' विदेश से मैनेजमेंट की डिग्री लेकर लौटा, तो पूरे मोहल्ले में चर्चा थी कि लड़का अब कुल का नाम रोशन करेगा। पर चिन्मय के लिए उसकी डिग्री ज्ञान का दीपक नहीं, बल्कि वह 'रेट कार्ड' थी जिसे वह शादी के बाजार में भुनाने को बेताब था। वह 'दहेज-लोभी शिक्षित लुटेरों' की उस प्रजाति का सिरमौर था, जिसकी नीयत किसी सड़क-छाप उचक्के से भी ओछी थी। उसने अपनी वर्षों की पढ़ाई और ऊँचे वेतन वाले पद को एक 'एसेट' (संपत्ति) की तरह पेश किया, जिसे केवल वही खरीद सकता था जो उसके पिता के बैंक बैलेंस में 'सात अंकों' का इजाफा कर सके। यहाँ 'विद्या ददाति विनयम' (विद्या विनय देती है) वाली लोकोक्ति दम तोड़ चुकी थी और 'विद्या ददाति दहेजम' का नया सरोकार जन्म ले चुका था। नैतिकता यहाँ उस फटी हुई किताब की तरह कोने में पड़ी सिसक रही थी, जिसे चिन्मय ने कभी परीक्षा पास करने के लिए पढ़ा था।

जब विवाह की बात चली, तो चिन्मय के माता-पिता ने 'परंपरा' का ऐसा नकाब ओढ़ा कि साक्षात पाखंड भी शर्मा जाए। उन्होंने वधु पक्ष के सामने अपनी मांगें ऐसे रखीं जैसे कोई डाकू बंदूक की नोक पर तिजोरी की चाबी मांगता है, बस फर्क यह था कि यहाँ 'बंदूक' की जगह 'आईआईटी' और 'आईआईएम' के सर्टिफिकेट मेज पर सजे थे। 'मुंह में राम बगल में छुरी' की तर्ज पर वे लड़की की तारीफ तो कर रहे थे, लेकिन उनकी नजरें लड़की के पिता की 'रिटायरमेंट फंड' और 'पुश्तैनी जमीन' के कागजात पर टिकी थीं। यह पतन की वह वीभत्स गहराई थी जहाँ एक पिता अपनी बेटी के लिए 'वर' नहीं, बल्कि एक 'विदेशी ब्रांड का दामाद' खरीद रहा था। समाज में चिन्मय महिला सशक्तिकरण और समानता पर लंबे-चौड़े भाषण देता था, लेकिन घर के बंद कमरों में वह अपनी होने वाली पत्नी की कीमत 'फॉर्च्यूनर' गाड़ी और 'कैश' के वजन से तौल रहा था। ज्ञान यहाँ केवल 'लूट' का एक परिष्कृत औजार बन गया था। विवाह की रात तो नैतिकता की तेरहवीं का भव्य उत्सव थी। जैसे ही फेरों का समय आया, चिन्मय की 'उच्च-शिक्षित' नैतिकता अचानक कोमा में चली गई।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15 जनवरी 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 17:58
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - द्वादशी 20:17 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 05:48 उपरांत मूल
योग - वृद्धि 20:38 उपरांत ध्रुव
करण - तैतिल
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 05:48 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 25 तारिख

**मेष-** आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-** नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**कर्क-** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह-** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**कन्या-** व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

**तुला-** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक-** भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें।

**धनु-** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

**मकर-** लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**कुंभ-** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**मीन-** विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

लघु कथा

## कीमत

पंकजजी की तबीयत खराब हुई तो स्थानीय अस्पताल में दिखाया स्थानीय अस्पताल के डाक्टर ने पास के शहर के अस्पताल में जाने की सलाह दी । उनके परिचित रिस्तेदारो ने मोबाइल से उनको शहर में अपने परिचित डाक्टर के यहां जाने की सलाह दी डाक्टर ने परीक्षण कर हृदय रोग होना बताया और तत्काल एक इंजेक्शन लगाने की बात बताते हुए कहा ये एक इंजेक्शन पांच हजार का है में और ये गोलियां साथ में लेते आना । परिचारक ने दवाईयां लाकर दी । तीन दिन भर्ती रख घर भेज दिया डेढ़ लाख करीबन खर्च हो गए । एक महीने बाद फिर तबीयत खराब हुई तो किसी ने अहमदाबाद जाने की सलाह दी वे अहमदाबाद गए हार्ट स्पेशलिस्ट को दिखाया।उन्होंने भर्ती करने की सलाह दी और कहा ठीक हो जाओगे, चिंता की बात नहीं । डाक्टर ने पर्ची लिखी दवाइयां लाकर दी । इलाज शुरू किया । कुछ ठीक होने पर पंकजजी ने डाक्टर से पूछा , डाक्टर साहब ये इंजेक्शन कितने का है । , डाक्टर ने का मात्र चार सौ पचास का । ' वे बोले हमारे यहां इसी इंजेक्शन के डाक्टर ने पांच हजार लिए थे। डाक्टर बोले हमारे यहां से साढ़े चार सौ में जितने चाहिए ले जाकर दे दीजिए। यह कहकर डाक्टर हंसने लगे ।



भगवती प्रसाद गेहलोत
(दैनिक अवन्तिका)

## सर्दियों के मौसम में थकान, आलस और सुस्ती की समस्या हो तो इन चीजों को करें डाइट में शामिल

सर्दियों में दिन काफी छोटे हो जाते हैं और सूरज की रोशनी भी काफी कम हो जाती है जिस कारण हमारे शरीर का सर्केडियन रिदम बगड़ जाता है। बॉडी का सर्केडियन रिदम बिगड़ने से आप सुस्त महसूस करते हैं और आपके एनर्जी का लेवल भी काफी लो रहता है। इसी के साथ सूरज की रोशनी कम पड़ने से हमारे शरीर में विटामिन डी का लेवल कम होने लगता है। शरीर में विटामिन डी का लेवल कम होने से थकान और मूड खराब होने जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सर्दियों के मौसम में कुछ लोगों को सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर नाम की समस्या का भी सामना करना पड़ता है। यह समस्या होने पर लोगों का एनर्जी लेवल और मोटिवेशन काफी कम हो जाता है। साथ ही, ठंडे मौसम में लोगों को काफी ज्यादा आलस आता है जिससे वह बाहर जाने या चलने-फिरने की बजाय घर में ही रहना पसंद करते हैं। हालांकि इस मौसम में एक हेल्दी डाइट लेकर आप इन सभी समस्याओं से बच सकते हैं। इस मौसम में कुछ चीजों का सेवन करने से आपका एनर्जी का लेवल बूस्ट होता है और मूड भी ठीक रहता है। साथ ही, इन चीजों में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।



तो अगर आपको भी ठंड के मौसम में थकान, सुस्ती और आलस का सामना करना पड़ता है तो इन सूपरफूड्स को जरूर अपनी डाइट में शामिल करें।

**ब्लूबेरीज-** एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन से भरपूर, ब्लूबेरी ब्लड फ्लो में सुधार करती है और दिमाग की फंक्शनिंग को बढ़ाती है, जिससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है।

**पालक-** आयरन से भरपूर, पालक पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है और मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है, थकान से राहत देता है।

**किनोआ-** इसमें प्रोटीन की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है जिससे आप पूरा दिन ऊजार्वान रहते हैं और आपको आलस और सुस्ती का सामना नहीं करना पड़ता।

**चिया सीड्स-** ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर, चिया सीड्स आपको अंदर से मजबूत बनाते हैं और शरीर में ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन रखने में मदद करते हैं ताकि आपकी एनर्जी का लेवल लो ना हो।

**सैल्मन मछली-** ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन डी से भरपूर, सैल्मन दिमाग के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाता है, नींद को कंट्रोल करता है।

**ग्रीक योगर्ट-** प्रोटीन से भरपूर, ग्रीक दही ब्लड शुगर के लेवल को स्थिर करता है, पाचन को बढ़ावा देता है और शरीर को एनर्जी देता है।

**शकरकंद-** इसमें फाइबर और काबोर्हाइड्रेट की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है। इसे खाने से शरीर में मौजूद एनर्जी एक साथ रिलीज होने की बजाय धीरे धीरे रिलीज होती है। इससे आपका पेट भरा रहता है और आलस दूर होता है।

**बादाम-** बादाम मैग्नीशियम और हेल्दी फैट्स से भरपूर होते हैं। इसे खाने से शरीर में एनर्जी का लेवल बना रहता है और थकान दूर होती है।

## इन्दौर मंडी भाव


चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## हताश मन

चुभती है शूल सी दर्द भरी सर्द रातें,
किसको कहें हम अपनी सारी बातें,
जिंदगी का वो सुकून सारा है खोया,
उदास मन भीतर ही भीतर घंटों रोया ।
तिनका-तिनका हुए सुनहरे ख़्वाब सारे,
देखे थे जो मिलकर हमने संग में तुम्हारे,
तकदीर में नहीं लिखा था अपना मिलना,
बाहर सर्द मौसम और भीतर यूँ जलना ।
सूख गई मन की ₹आनंद₹ मधुमय धारा,
जीवन ने हमें दिया पीने को जहर खारा,
जिंदगी कहती कॉटों में ही गुलाब खिलते,
बिछुड़ने वाले फिर उस तरह नहीं मिलते ।
पर संभाले किस तरह इस हताश मन को,
ये समझना ही नहीं चाहता नए जीवन को,
अकेलेपन ने रातों को किया लम्बा बहुत,
हो गई अब से जिंदगी उबाऊ और सुस्त ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

## सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए जागरूकता की दरकार

सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका मजबूत कर संकल्प लेना धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन कर जागरण के माध्यम से सशक्त बनाना आवश्यक है। संघ शताब्दी वर्ष के तहत मालवा-निमाड़ में कई स्थानों पर संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमे समरसता के भाव भी मजबूत होंगे। सनातन का अर्थ है शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला अर्थात जिसका न आदि है न अन्त। ' जैसे भगवान शाश्वत ( सनातन) हैं, ऐसे ही सनातन धर्म भी शाश्वत है। भगवान ने तो सनातन धर्म को अपना स्वरूप बताया है इसमें वेदांत, योग, ध्यान, तप, और सृष्टि के मौलिक सिद्धांतों (जैसे वसुधैव कुटुम्बकम्) का पालन करना शामिल है।सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को सुदृढ़ करनेकी आवश्यकता है। - संजय वर्मा'

धर्म-आस्था

## कर्म और पुनर्जन्म का शाश्वत सत्य

भारतीय दर्शन की आत्मा में यदि किसी सिद्धांत ने मनुष्य के आचरण, सोच और जीवन-दृष्टि को सबसे अधिक प्रभावित किया है, तो वह है कर्म और पुनर्जन्म का सिद्धांत। यह केवल धार्मिक मान्यता नहीं, बल्कि जीवन को समझने और सुधारने की एक गहन आध्यात्मिक प्रक्रिया है। कर्म और पुनर्जन्म का संबंध हमें यह बोध कराता है कि हमारा वर्तमान अतीत की देन है और भविष्य हमारे वर्तमान आचरण की छाया।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

कर्म का सिद्धांत मूलतः कारण और प्रभाव के नियम पर आधारित है। मनुष्य जो सोचता है, जो बोलता है और जो करता है, वही कर्म कहलाता है। यह कर्म केवल शारीरिक क्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विचार और भावना भी उतने ही प्रभावशाली कर्म हैं। शुभ विचार, सद्भावना और सेवा से किए गए कर्म जीवन में सुख, शांति और संतुलन लाते हैं, जबकि द्वेष, अहंकार और स्वार्थ से उत्पन्न कर्म दुख और अशांति का कारण बनते हैं। कर्म का फल तत्काल मिले या समय के साथ, यह नियम अटल है कि कोई भी कर्म निष्फल नहीं जाता।

पुनर्जन्म की अवधारणा इस कर्म-सिद्धांत को और व्यापक बनाती है। भारतीय दर्शन मानता है कि आत्मा अविनाशी है। शरीर नश्वर है, पर आत्मा न जन्म लेती है और न मरती है। जब शरीर अपना कार्य पूरा कर लेता है, तब आत्मा अपने अधूरे कर्मों के संस्कारों के साथ नया शरीर धारण करती है। यही पुनर्जन्म है। इस प्रकार एक जीवन में किए गए कर्म अगले जीवन की परिस्थितियों, सुख-दुख, सामर्थ्य और सीमाओं का निर्धारण करते हैं।

कर्म और पुनर्जन्म का संबंध एक निरंतर प्रवाह है। हम जैसा कर्म करते हैं, वैसा जीवन पाते हैं, और जैसा जीवन पाते हैं, वैसा कर्म करने की प्रवृत्ति बनाते हैं। यह चक्र तब तक चलता रहता है, जब तक मनुष्य आत्मज्ञान प्राप्त कर इस बंधन से मुक्त नहीं हो जाता। यही मोक्ष है—जन्म और मृत्यु के आवर्तन से पूर्ण मुक्ति। मोक्ष कोई बाहरी उपलब्धि नहीं, बल्कि भीतर जागृत होने वाली अवस्था है, जिसमें अहंकार, आसक्ति और वासनाओं का क्षय हो जाता है।

आध्यात्मिक दृष्टि से यह सिद्धांत मनुष्य को जिम्मेदार बनाता है। यह हमें यह सोचने से रोकता है कि हमारा दुख किसी और की देन है। कर्म का सिद्धांत स्पष्ट करता है कि हम अपने भाग्य के निमार्ता स्वयं हैं। यह दृष्टि न तो निराशा को जन्म देती है और न ही पलायन को, बल्कि आत्मचिंतन और सुधार की प्रेरणा देती है। यदि वर्तमान कठिन है, तो यह पूर्व कर्मों का परिणाम हो सकता है, और यदि भविष्य उज्ज्वल बनाना है, तो वर्तमान में कर्म को शुद्ध करना होगा।

धर्म इसी शुद्ध कर्म की राह दिखाता है। धर्म का अर्थ केवल कर्मकांड या परंपरा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा में ले जाने वाला आचरण है। धर्म हमें सत्य, करुणा, संयम और सेवा का मार्ग सिखाता है। वह यह समझाता है कि स्वार्थ से ऊपर उठकर किया गया कर्म ही वास्तव में पुण्य है। धर्म कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने का साधन है। भगवद्गीता में कर्म का यह दर्शन अत्यंत स्पष्ट रूप से प्रकट होता है। भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हैं कि मनुष्य को अपने कर्तव्य का पालन निष्काम भाव से करना चाहिए। फल की आसक्ति कर्म को बांधन बनाती है, जबकि कर्तव्यबोध कर्म को साधना बना देता है। जब कर्म अहंकार और अपेक्षा से मुक्त हो जाता है, तब वही कर्म मुक्ति का मार्ग बन जाता है।

आज के भौतिक और तेज गति वाले जीवन में कर्म और पुनर्जन्म का यह दर्शन और भी प्रासंगिक हो जाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता केवल बाहरी उपलब्धि नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन भी है। यह हमें धैर्य देता है, करुणा सिखाता है और यह विश्वास जगाता है कि हर स्थिति परिवर्तनशील है।

अंततः कर्म और पुनर्जन्म का सिद्धांत हमें यह स्मरण कराता है कि जीवन संयोग नहीं, साधना है। जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है—यदि मन संतुलित है। और जिसका मन संतुलित है, उसके पास समस्त है। यही भारतीय आध्यात्मिक चेतना का सार है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2960 चना काबली- 2800-8560, चना बड़ा- 5341-6029, बटला- 1500-3840 बटला- 1500-3840, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 1800-6161, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,43,600, रवा- 1,43,500 चांदी- टंच- 2,56,00 पाट- 2,55,800।

## उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## विश्व प्रेम मंदिर ट्रस्ट पर 11वां रक्तदान शिविर आयोजित

**ब्यावरा** । ब्यावरा शहर के ओल्ड ए बी रोड पर स्थित प्राचीन श्री विश्व प्रेम मंदिर ट्रस्ट पर स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 11वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस वर्ष 34 रक्तवीरों के द्वारा रक्तदान किया गया। इनमें दो महिलाएं व 32 पुरुष शामिल हैं, वर्ष 2016 से श्री विश्व प्रेम मंदिर पर निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन राजगढ़ जिला चिकित्सालय के सहयोग से किया जाता है। श्री विश्व प्रेम मंदिर ट्रस्ट नगर ब्यावरा की एक आध्यात्मिक संस्था है, जहां प्रतिदिन प्रातः एवं सायं वैदिक प्रार्थना विश्व शांति एवं कल्याण की भावना से की जाती है, यह एक धर्म समभाव की संस्था है। यहां समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। युवा दिवस को संस्था द्वारा स्वामी विवेकानंदजी के उद्देश्यों को लेकर उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें प्रोफेसर प्रमोद कुमार खरे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आध्यात्मिक चेतना द्वारा ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। प्रारंभ से ही हमारी माताऐं यदि बालक रूपी बीज को उचित पानी खाद से सींचकर स्वामी विवेकानंदजी की तरह बना सकती हैं। उद्बोधन के दूसरे वक्ता पंडित अरुण भार्गव ने स्वामी विवेकानंद जी के शिक्षाओं के बारे में अपने विचार रखते हुए कहा कि आज की माताओं में तेज होना चाहिए ताकि तेजवान पुत्र का जन्म हो हमारे मन में हीन विचार नहीं आने चाहिए हमें संयम एवं अनुशासन का पालन करना चाहिए इंद्रियों और कर्मेंद्रिय पर हमारा नियंत्रण होना चाहिए तब ही हम एक ऊजार्वान युवा बन सकते हैं। कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाएं एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित हुए।

## न्यू सहारा स्कूल में युवा दिवस पर किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**कानड़।** राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर नगर के न्यू सहारा पब्लिक स्कूल में युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार अमित पाठक के मार्गदर्शन में किया गया इससे पूर्व प्राचार्य विजय कुमार पाठक , सचिन शर्मा ने स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की शुरूआत की गई । इस अवसर पर प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला और का स्वामी विवेकानंद का नारा उठो जागो , तब मत रूको जब तक लक्ष्य को प्राप्त ना करलो ओर उन्हें आदर्श पर चलने की बात कही इस अवसर पर अरविंद राठोर , रोहित संगोई व बड़ी संख्या में छात्र , छात्राएं उपस्थित थे।

## चंदन चोर के विरुद्ध कार्यवाही 4 लाख 6 हजार रु का चंदन एवं वाहन बरामद

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बोडा पुलिस द्वारा चंदन चोरी के फरार आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई। मुखबिर से सूचना मिली कि कन्हैया पिता रणधीर सांसी ग्राम गुलखेड़ी अपने घर में चोरी किए गए चंदन के पेड़ की लकड़ी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर रखे हुए है तथा बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर कट्टे में भरकर बेचने के उद्देश्य से ले जाने की फिराक में है। तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मुखबिर द्वारा बताए गए आरोपी पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल एवं कट्टी छोड़कर झाड़ियों का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के घर के आंगन से बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल एवं कट्टी को खोलकर चेक किया जिसमें चंदन की लकड़ी के टुकड़े पाए गए। तौल करने पर कुल 30 किलो 600 ग्राम गीली, छीली हुई चंदन लकड़ी पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 3,06,000/- रु आंकी गई। इसके अतिरिक्त मोटरसाइकिल की कीमत 1,00,000/- रु होना पाई गई। इस प्रकार कुल माल 4,06,000/- रु का पाया गया। उक्त माल को पंचनामा बनाकर जप्त किया तथा आरोपी कन्हैया पिता रणधीर सांसी ग्राम गुलखेड़ी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## दो वर्ष से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में फरार आरोपियों, स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र राजपूत द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। बोडा पुलिस द्वारा ग्राम कडियासासी निवासी विकास पिता गजराज सिंह 24 वर्ष, जो कि विगत दो वर्ष से फरार स्थायी वारंटी था, को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना ब्यावरा जीआरपी में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। बोडा पुलिस द्वारा ग्राम कडियासासी में आरोपी के निवास स्थान पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं कार्यवाही उपरांत पुलिस थाना जीआरपी ब्यावरा के सुपुर्द किया गया।

**न्यायालय अपर आयुक्त, उज्जैन संभाग, उज्जैन**

क्रमांक-क्यू./रीडर/अ.आ./02 उज्जैन, दिनांक 13-1-26
प्रकरण क्रमांक. 933/अ/22-23

जगदीश पिता अम्बाराम
निवासी बेहरी तह-बागली जिला देवास
- प्रत्यार्थी/प्रतिप्रार्थी
विरुद्ध
राहुल पिता बालाराम बनारसी
निवासी बिचौली मर्दाना इन्दौर
- अपीलार्थी / प्रार्थी

**सूचना-पत्र (नोटिस)**

राहुल पिता बालाराम बनारसी निवासी बिचौली मर्दाना, इन्दौर उक्त संबंधित व्यक्ति को सूचना दी जाती है कि उल्लेखित प्रकरण न्यायालय के समक्ष दिनांक 29/01/2026 को समय 11.00 बजे कोठी पैलेस, उज्जैन स्थित न्यायालय में पेश किया जावेगा। अतः आप उपरोक्त दिनांक को स्वयं अथवा अभिभाषक द्वारा और मय संबंधित सभी प्रपत्रों के उपस्थित रहें। अगर आप नियत पेशी पर उपस्थित नहीं हुए तो अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

रीडर
अपर आयुक्त
उज्जैन संभाग, उज्जैन

**I DEPESH S/O VIJAY KUMAR**
R/O 5 ADITYA NAGAR NEAR SHASTRI NAGAR.
HAS BEEN CHANGE MY NAME AS DEEPESH NAINANI.
I WILL BE KNOWN BY NEW NAME DEEPESH NAINANI.

अंतर्राज्यीय ट्रक धोखाधडी गिरोह पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# लाखों की हाइड्रा क्रेन, वाहनों के पार्ट्स सहित 10 लाख रुपये नकदी जप्त किए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह के नेतृत्व में अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले लीमाचौहान और तलेन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक बड़े अंतर्राज्यीय ट्रक धोखाधडी गिरोह को पकड़कर बड़ी धोखाधड़ी का भांडाफोड किया है। पुलिस को पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में बड़ी सफलता हासिल हुई है। थाना प्रभारी लीमाचौहान राहुल रघुवंशी ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि लीमाचौहान थाने में फरियादी बीरम सिंह पिता भागीरथ वर्मा से आईसर गाडी को किश्तों में भुगतान के आश्वासन पर लेकर आरोपितों द्वारा न तो बैंक किश्तें जमा की गईं और न ही ट्रक वापस किया गया की शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस ने इस अपराध क्रमांक 336/25, धारा 316(2), 318(4) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। जबकि थाना तलेन में फरियादी भगवान सिंह पिता दुर्गाप्रसाद से ट्रक आरोपितों द्वारा पूजा के बहाने ले जाकर दस्तावेज तैयार किए बिना तथा




किश्तें जमा किए बिना बेईमानी से हडप लिया जाने की शिकात की और पुलिस ने अपराध क्रमांक 230/25, धारा 316(2), 318(4) बीएनएस दर्ज किया गया। इस मामले में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अमित तोलानी ने बताया कि सभी आरोपित आपसी सांठगांठ से ट्रक मालिकों को कम नगद राशि में सौदा तय कर किश्तों के भुगतान का झांसा देते थे तथा वाहनों को महाराष्ट्र ले जाकर काटकर कबाड में बेच देते थे। उन्होंने बताया कि प्रकरण में संलिप्त आरोपित में यासीन मुल्तानी पिता मासूम मुल्तानी, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), नईम खान उर्फ नईम चायना पिता खाजू खान, निवासी हाल मुकाम मुसाखेडी इंदौर स्थाई निवास छापीहेडा, मनोज वैष्णव पिता यसवंत वैष्णव निवासी शाजापुर, याकुब खान, निवासी, अकरम खान तथा रेहान खान सभी निवासी जलगांव (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार/प्रोडक्शन वारंट/पीआर पर प्राप्त कर पूछताछ की गई। इससे 10.60 लाख से अधिक नगद राशि, हाइड्रा क्रेन मशीन, ट्रक के कटे हुए पार्ट्स एवं डाला जप्त किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित नईम उर्फ चाइना पहले से की थाना सरबन, थाना घट्टिया, थाना लीमाचौहान थाना तलेन, थाना भवरकुआ, थाना खजराना में कई आपराधिक मामले दर्ज है। जबकि यासीन पर जलगांव में दर्जन भर से ज़्यादा प्रकरण पंजीबद्ध है। इस कार्रवाई में एसडीओपी अरविंद सिंह के नेतृत्व में लीमाचौहान थाना प्रभारी उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी, थाना प्रभारी तलेन उप निरीक्षक राकेश दामले, उप निरीक्षक शिवराज मीणा, सायबर प्रभारी जितेन्द्र अजनारे, सउनि प्रदीप शर्मा, सउनि कैलाश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं सायबर सेल राजगढ का सराहनीय योगदान रहा।

**बोले जिम्मेदार**

हमारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देकर अंतर्राज्यीय ट्रक धोखाधडी गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मामले में छ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यासीन मुल्तानी और नईम खान उर्फ नईम चायना पर पूर्व से अनेको थानो में कई प्रकरण पंजीबद्ध है। नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**अमित तोलानी, पुलिस अधीक्षक**

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में

# कौटिल्य एजुकेशनल एकेडमी में क्रीड़ा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

कौटिल्य एजुकेशनल एकेडमी, मक्सी में क्रीड़ा उत्सव एवं राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक सुदृढ़ता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा युवा शक्ति के महत्व को उजागर करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, खो-खो, कबड्डी, वॉली बाल एवम विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। खेल मैदान विद्यार्थियों के उत्साह और जयकारों से गूंज उठा।



राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर आधारित विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने सूर्यनमस्कार किया एवं विद्यार्थियों ने उनके जीवन एवं आदर्शों पर प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किए और युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

अपने उद्बोधन में विद्यालय के चेयरमैन मिथलेश यादव ने कहा कि खेलकूद से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाकर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय कि प्रबंधिका सुश्री आशा बरुआ, प्राचार्य जे डी फेर्नान्डिस एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ।

## 7 गट्टे प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त, एक गिरफ्तार

देवास। मकर संक्रांति पर्व पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने बालाजी नगर क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात गट्ठे चाइनीज मांझा जब्त किया है। चाइनीज मांझा लोगों के लिए लगातार खतरा बनता जा रहा है। हाल ही में देवास में एक बुजुर्ग व्यक्ति इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके पैर में गहरा घाव हुआ था और हाथ भी बुरी तरह जख्मी हो गया, जिसके बाद उन्हें इंदौर रेफर करना पड़ा था। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने मकर संक्रांति को देखते हुए प्रतिबंधित मांझे के उपयोग, भंडारण और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**मुखबिर की सूचना पर दबिश**

इन्हीं निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में 13 को कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने बालाजी नगर में दबिश दी। पुलिस ने पीयूष पिता कुंदन राव मराठा (21), निवासी बालाजी नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के सात गट्ठे बरामद किए। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## क्वाइल से भरा ट्रक पलटा ड्राइवर घायल

**देवास।** देवास के औद्योगिक क्षेत्र में क्वाइल लेकर जा रहा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ट्रक पीथमपुर से क्वाइल लेकर देवास के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में माल सप्लाई करने आ रहा था। औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश करते ही वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया। घायल चालक की पहचान इंदर सिंह (60 वर्ष) पुत्र नरसिंह के रूप में हुई है, जो घाटा बिल्लौद, चंदन नगर का निवासी है। दुर्घटना के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल डायल 108 एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को जिला चिकित्सालय एमजी अस्पताल देवास पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

## डेलनपुर बालाजी सरकार मंदिर परिसर में राम मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड



मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त में डेलनपुर बालाजी सरकार मंदिर परिसर में श्री राम मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन शुभ मुहूर्त में बालाजी धाम सरकार परिसर में विराजित संत मधु सूदनदास जी त्यागी व अन्य संतों की उपस्थिति में मंदिर निर्माण संचा लन ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष युवराज सिंह राणावत भागीरथ पाटीदार बद्रीलाल माली कांतिलाल टेलर रमेश राठौर ईश्वरलाल पाटीदार राजेंद्र दास बैरागी पंडित भगवती लाल शर्मा व अन्य पदाधिकारी समिति सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ संचालन समिति के अध्यक्ष राणावत ने बताया बालाजी सरकार परिसर में श्री राम मंदिर के निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है जिसका कार्य बालाजी मंदिर निर्माण के साथ चलेगा।

# हर्षो उल्लास के साथ विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न

**हजारों की संख्या में सम्मिलित हुए समाजजन**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

चंद्रशेखर आजाद बस्ती के कार्यकताओं द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बस्ती में निवासरत सभी समाज जनों ने हिंदू होने के नाते सम्मेलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा, बालक, बालिकाओं एवं वरिष्ठजनों ने हिस्सा लिया।

हिंदू सम्मेलन के इस आयोजन में कुलदीप सोनी एवं मित्र मंडली द्वारा भजन संध्या एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इसके तत्पश्चात मंचिय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंच पर जैन साध्वी तत्वलता श्रीजी, साध्वी कुसुमलता श्रीजी, उदासीन अखाड़े के संत महंत सरस्वतीदास




महाराज, बाबा रामदेव मंदिर से संत ओमप्रकाश बैरागी, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से ज्ञानीजी चिमनदीप सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह पन्नालाल बंबोरिया एवं इस कार्यक्रम के संयोजक सुशील श्रीमाल उपस्थित थे। जैन साध्वी ने सभा को संबोधित कर भगवान राम के जीवन के ऊपर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए समाजजन से आग्रह किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पन्नालाल बंबोरिया ने कहा कि जात-पात में बटे हुए हिंदू समाज को एक होने की अति आवश्यकता है। संगठित समाज से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है। ढोलक और हारमोनियम की धुन के साथ सभी ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ भारत माता की आरती उतारी।

इस दौरान पुष्प पंखुड़ियों से स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में रंगोली की साज सज्जा, बलून का डेकोरेशन सभी का ध्यान आकर्षित कर रहा था। कार्यक्रम का संचालन मनीष जैन ने किया, स्वागत भाषण कार्यक्रम के संयोजक सुशील श्रीश्रीमाल ने दिया अतिथियों का परिचय आदित्य यादव ने कराया। अंत में आभार पियूष उपाध्याय ने माना। इसके तत्पश्चात सभी उपस्थित जनों का सहभोज भी हजारों की संख्या में संपन्न हुआ। जानकारी हिंदू सम्मेलन समिति के प्रचार प्रमुख विदित यादव ने दी।



## उच्चतार माध्यमिक विद्यालय मक्सी में मनाया योग दिवस

**मक्सी।** 12 जनवरी 2026 को उच्चतार माध्यमिक स्कूल मक्सी में योग दिवस मनाया गया माँ सरस्वती और विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। रामप्रसाद पाटीदार ने योग का महत्व समझाया अभिनेता अजय गुप्ता ने कहा योग का अविष्कार ऋषि मुनिओ ने करा अपनी योग विद्या से हजारों साल सवस्थ होकर ते थे हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने योग को जन जन तक पहुंचाया पुरे विश्व मे योग दिवस मनाया जाता हैं प्राचार्य प्रिंसिपल देथलिया ने कहा अब मेरा कार्यकाल पूरा होने वाला हैं मैने जन सहयोग से स्कूल का निर्माण सतत करवाता रहा खेल को नयी दिशा दे कर छात्रों का मार्गदर्शन करा शिक्षक दशरथ लोधी ने योग करवाया सभी को शिक्षाप्रद जानकारी दी। राठौर ने संचालन किया मिश्रा ने जोशीला मार्गदर्शन किया दयाराम मंडलोई कृष्णा भावसार राकेश चौहान भावसार राहुल वर्मा शिक्षक गण इन्दर परमार विमल गुप्ता अरविन्द असोडिया अंसल आदि ने कार्यक्रम मे हिस्सा लिया। सर्वप्रथम वन्देमातरम गीत गया गया फिर प्राड़ायाम किया गया वियोम विलोम किया गया सूर्य नमस्कार किया गया।

## संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 12 जनवरी को शिव मंदिर से प्रभात फेरी निकाली



**मक्सी।** रास्ट्रीय सवं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पुरे देश भर मे उत्सव मनाया जा रहा इसमें प्रभात फेरी संध्या फेरी अखंड हिन्द समाज का सामूहिक भोज चल रहा हैं मक्सी मे भी नित्य प्रभात फेरिया निकाली जा रही हैं एक खंड की प्रभात फेरी 12 जनवरी 2025 को बस स्टेण्ड के शिव मंदिर से निकाली जो स्टेशन रोड झोकर रोड रेलवे स्टेशन से ए बी रोड होते हुवे। वर्क शॉप हनुमान मंदिर से बस स्टेण्ड शिव मंदिर मे आरती से समापन हुवा आज केशरिया दूध से स्वागत राजेश गुप्ता पूर्व पार्षद अजय गुप्ता अभिनेता ने किया। अशोक चौधरी ने गजक मिठाई सेव का नाश्ता चाय से स्वागत किया वर्क शाप हनुमान मंदिर मे जोशी परिवार ने जलेबी पोहा चाय से स्वागत किया। भजन मंडली के भजन चलते रहे प्रभात फेरी मे राधेश्याम पाटीदार ओम चौधरी पार्षद कृष्णा भावसार राकेश पाटीदार जुगल भावसार नरेन्द्र भावसार मनोहर लश्कन सतीश वर्मा आदि भजन गाते चल रहे थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित



**सुसनेर।** भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर सुसनेर में भाजपा कार्यकताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के समर्पित एवं वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मांगीलाल सोनी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता डॉ. धीरेंद्र पांडेय सहित अन्य कार्यकताओं का सम्मान किया गया। सम्मान समिति के प्रदेश अध्यक्ष धीरज परेटिया द्वारा सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया,पार्षद युगल परमार, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव (बड़ागांव), लखन यादव, दीपक जैन, लखन सेन, कमल यादव, रामचंद्र (सरपंच), देवीसिंह (पूर्व सरपंच), सुल्तान सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उनके विचार आज भी भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना एवं कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाना रहा।

## संकल्प से समाधान अभियान- नगर परिषद दल द्वारा वार्डो में पहुंचकर किया जा रहा हितग्राहियों का सर्वे

सुसनेर। मंगलवार को शासन के निदेर्शानुसार संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत, नगर परिषद सुसनेर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरूण कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गठीत नगर परिषद कर्मचारियों के सर्वे दल द्वारा नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु डोर टू डोर सर्वे कार्य किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान अभियान के प्रथम चरण में इन दलों द्वारा हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु डोर टू डोर सर्वे कार्य किया जाना है। वहीं दुसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित आवेदन का निराकरण किया जाएगा। सर्वे के दौरान नोडल अधिकारी शहजादी खान , नरेश कुमार सिंह, राकेश सोनी,सामुदायिक संगठक जगदीश परमार, अक्षय गुहाटिया, मुकेश माली सहित नगर परिषद के कर्मचारीगण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि उपस्थित रहे।

## न्यूजीलैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया, डेरिल मिचेल का शतक

**राजकोट।** न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय टीम को 7 विकेट से हरा दिया है। कीवियों ने बुधवार को 285 रन का टारगेट 47.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। यह न्यूजीलैंड भारत में सबसे बडा रन चेज है। डेरिल मिचेल ने चौका मारकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 117 बॉल पर नाबाद 131 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 2 छक्के लगाए। उनके अलावा, विल यंग ने 87 रन बनाए। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट 284 रन बनाए। केएल राहुल ने 92 बॉल पर नाबाद 112 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का 8वां शतक लगाया। कप्तान शुभमन गिल ने 56, रोहित शर्मा ने 24 और विराट कोहली ने 23 रन बनाए। न्यूजीलैंड से क्रिस्टियन क्लार्क ने 3 विकेट झटके। इस मैच के बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। सीरीज का आखिरी मैच 18 जनवरी को इंदौर के होलकर मैदान पर खेला जाएगा।

## जमीनी विवाद में ठेकेदार पर जानलेवा हमला, चली गोली

**गुना।** जिले में जमीनी रंजिश के चलते खूनी खेल सामने आया है। मंगलवार रात धमनार गांव के समीप नेशनल हाईवे पर स्थित के-2 होटल के पीछे एक ठेकेदार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में ठेकेदार के हाथ में गोली लगी है, जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमनार निवासी दीवान सिंह जाटव पेशे से ठेकेदार हैं। मंगलवार रात करीब 9 बजे वह अपनी साइट पर मजदूरों का भुगतान और हिसाब-किताब पूरा करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान होटल के पास घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। चश्मदीदों और परिजनों के अनुसार, हमलावरों ने पहले दीवान सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की और फिर उन पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली उनके हाथ को चीरते हुए निकल गई, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पडे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। विवाद की मुख्य जड नेशनल हाईवे के पास स्थित करीब 5 बीघा पट्टे की जमीन बताई जा रही है। पीडित पक्ष का दावा है कि इस बेशकीमती जमीन पर गांव के ही कुछ रसूखदार लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। दीवान सिंह लगातार अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास कर रहे थे, जिससे आरोपी पक्ष उनसे रंजिश रख रहा था। घायल ठेकेदार की पत्नी ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जमीन विवाद को लेकर पूर्व में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी लापरवाही का नतीजा है कि आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया।इस मामले में फिलहाल पुलिस ने अज्ञात और चिन्हित हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है अस्पताल में पीडित का उपचार जारी है, मामले में पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

## सेवा की क्लस्टर ग्राम पंचायत बीजानगरी में शुरुआत

**आगर मालवा।** ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़, व्यवस्थित एवं सतत बनाने के उद्देश्य से शासन की अभिनव पहल स्वच्छता साथी – वॉश ऑन व्हील ( डबल्यू ओ डबल्यू ) सेवा की शुरुआत क्लस्टर ग्राम पंचायत बीजानगरी में की गई। इस अवसर पर 14 जनवरी को कार्यालय ग्राम पंचायत बीजानगरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता साथी रतनलाल को आवश्यक स्वच्छता किट एवं आधुनिक सफाई उपकरण प्रदान किए गए। यह किट संस्थागत, सामुदायिक एवं घरेलू शौचालयों की नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई के लिए उपयोग में लाई जाएगी। कार्यक्रम में बी.सी. जितेंद्र राठौर, सरपंच किशनसिंह बगड़ावत, ग्राम पंचायत सचिव संजय जायसवाल, सहायक प्रेमसिंह परमार उपस्थित रहे। स्वच्छता साथी रतनलाल, क्लस्टर ग्राम पंचायत बीजानगरी के अंतर्गत सम्मिलित अन्य 12 पंचायतों के मैप किए गए ग्रामों में भी मांग एवं पूर्ति के सिद्धांत पर वॉश ऑन व्हील ( डबल्यू ओ डबल्यू ) सेवा प्रदान करेंगे। इस सेवा के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र के शासकीय भवनों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य संस्थागत शौचालयों की साफ-सफाई समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

## वीर नारियों एवं उनके परिवारों को किया सम्मानित

**गुना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, गुना द्वारा भूतपूर्व सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने वीर नारियों एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों के देश के प्रति योगदान को याद करना और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, उनके परिवारजन, जिला प्रशासन के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्थानीय निवासी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, विंग कमांडर आशुतोष शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने अपने संबोधन में कहा, भूतपूर्व सैनिकों का देश के प्रति योगदान अविस्मरणीय है। उनके परिवारों का सहयोग एवं उनकी वीरता पर हमें गर्व है। यह दिवस उन सभी वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण किया। उन्होंने आगे कहा, सैनिकों ने न केवल सीमाओं की रक्षा की।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 680-4 | |
| मेन बाजार | | | |
| कल्याण नाइट | | | |
| मिलन डे | 239-4 | 579-1 | |
| मिलन नाइट | 345-2 | 158 -4 | |
| मधुर डे | 234-9 | 347 -1 | |
| मधुर नाइट | 457-6 | 367-6 | |
| शुभांक | 3 | 5 | 0 |

# बेकरी की आड़ में छुपा रखा जानलेवा चाइनीज डोर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका » आगर मालवा**




मकर संक्राती पर्व के दौरान थाना नलखेड़ा द्वारा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन मे थाना प्रभारी नलखेड़ा द्वारा टीम तैयार कर जिला दंडाधिकारी महोदय द्वारा जारी प्रति बंधित चायनीज माझा का विक्रय एवं भंडारण करने वाले व्यक्तिओं के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश के पालन मे नलखेड़ा के निवासी मुकेश पिता रमेश चंद्र जैन उम्र 42 साल निवासी महावीर मार्ग नलखेड़ा की बगलामुखी मंदिर रोड पर स्थित बेकरी की दुकान मे आड़ मे छुपा के रखे प्रति बंधित चायनीज माझा के कुल 13 छोटे बड़े चकरे कीमत 20000 रुपये के जप्त कर नलखेड़ा पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई।

मकर संक्रांति जैसे पावन और उल्लासपूर्ण पर्व पर जहां पूरा नगर पतंगबाजी के उत्साह में डूबा हुआ था, वहीं नलखेड़ा पुलिस ने समय रहते एक बड़ी अनहोनी को टालते हुए जानलेवा चाइनीज मांझे के अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया है। त्योहार की आड़ में चल रहे इस खतरनाक धंधे पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों के पालन में थाना प्रभारी नलखेड़ा नागेश यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि नगर में एक दुकान के भीतर चोरी-छिपे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का भंडारण और विक्रय किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बगलामुखी मंदिर रोड स्थित एक बेकरी की दुकान पर दबिश दी।

तलाशी के दौरान दुकान की आड़ में छुपाकर रखे गए प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के कुल 13 छोटे-बड़े चकरे बरामद किए गए। जब्त किए गए मांझे की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके से नलखेड़ा निवासी मुकेश पिता रमेशचंद्र जैन, उम्र 42 वर्ष, निवासी महावीर मार्ग को चाइनीज मांझे के अवैध भंडारण के आरोप में पकड़कर सामग्री जब्त की तथा उसके विरुद्ध प्रचलित कानूनों के तहत कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि चाइनीज मांझा अत्यंत घातक होता है, जिससे पूर्व में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, वहीं पक्षियों की गर्दन कटने और वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं।

इसी कारण शासन द्वारा इसके विक्रय, उपयोग और भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस ने साफशब्दों में कहा है कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफआगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल मांझे का ही उपयोग करें। यदि कहीं भी चाइनीज मांझा बिकते या इस्तेमाल होते देखा जाए, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# विद्यार्थियों का पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में शैक्षणिक भ्रमण

**दैनिक अवन्तिका » आगर मालवा**

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आम्बा बडौद के विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिसर में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता श्री अंकित गोंड, श्रीमती रीना राजावत, श्रीमती मेघा जयसवाल, डॉ. हर्षा चौहान एवं राजेश चौहान द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई एवं प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि महाविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन शाखाओं में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें सैद्धांतिक अध्ययन के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

कंप्यूटर साइंस विभाग में विद्यार्थियों को हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, कोडिंग-डिकोडिंग एवं कंप्यूटर नेटवर्किंग की जानकारी दी गई। सिविल इंजीनियरिंग विभाग में गिट्टी, मिट्टी एवं सीमेंट परीक्षण तथा सीटीएम मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में लेथ मशीन, वेल्डिंग शॉप, गैस एवं आर्क वेल्डिंग, फिटिंग शॉप, ड्रिलिंग मशीन, यूटीएम मशीन, वाटर टरबाइन एवं हाइड्रोलिक यंत्रों की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पीसीबी डिजाइनिंग, डीटीएच, मोबाइल कम्युनिकेशन, एनालॉग एवं डिजिटल सिग्नल तथा विद्युत उत्पादन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार किसी भी शाखा में प्रवेश लेकर तकनीकी शिक्षा के माध्यम से बेहतर कैरियर का निर्माण कर सकते हैं।

उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सोलर पार्क, पवन ऊर्जा परियोजनाएं सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में दक्ष तकनीकी कार्मिकों की निरंतर आवश्यकता बनी रहती है।

## शहर की यातायात व्यवस्था चौपट, नो इंट्री में घुस रहे ट्राले-डंपर

**गुना।** शहर के गहमा गहमी वाले इलाके में नो इंट्री के बावजूद भी ट्राले-डंपर घुस रहे हैं इसके चलते लोग जाम का सामना कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। दरअसल आए दिन हो रही घटनाओं से पुलिस प्रशासन सबक लेने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में लोग घटना दुर्घटनाओं से भयभीत हैं और थाना प्रभारी अजयप्रताप सिंह कुशवाह रील बनाने में व्यस्त हैं। रोज की तरह बुधवार भी बीच बाजार से नौ इंट्री में निकाले जा रहे ट्राले के चलते त्यौहार में लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी लोकेन्द्र मेहता पिता श्री मोहनलाल जी जाति धाकड निवासी व कृषक ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 4/2 रकबा 1.77 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 1.77 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 14-01-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंरड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी विशाल सोनी पिता जगदीश सोनी, जाति- सुनार, निवासी रूई गढ़ा रोड़ उन्हैल जिला उज्जैन, के एकांकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 86/2/1/1/1 रकबा 0.632 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम संगसेरा तहसील व जिला धार में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने कय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर अनुबंध का संपादन कर लिया है। अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधि कार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक- 14-01-2025 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर- सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1. श्रीमती रितु अखंड पति श्री विशाल अखंड, 2. श्री विशाल अखंड पिता स्व. श्री मदनलालजी अखंड निवासी-89 देसाई नगर कॉलोनी, तात्याटोपे मार्ग, उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्वाधिपत्य के भवन क्रमांक 344 तिरूपति प्लेटिनम कॉलोनी ब्लॉक-बी, जो ग्राम दाउदखेडी तह. व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 48.31 वर्गमीटर अर्थात 520 वर्गफीट है, को मय जमीन तला एवं उसमे किये कुल निर्माण व उसमे लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स, व हवाई हक सहित तथा नल बिजली कनेक्शन सहित खाली हालत में क्रय करने टोकन राशि अदाकर रसीद प्राप्त की गई है। वर्तमान मे अनुबंधग्रस्त भवन पर LIC Housing Finance Ltd. (LIC HFL) की लोन की राशि बकाया होने के कारण बंधक है, इस जाहिर सूचना की अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध कर, अनुबंधानुसार उल्लेखित अवधि में लोन की बकाया राशि जमा कर, शेष विक्रय धनराशि भवन स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना है। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत LIC Housing Finance Ltd. (LIC HFL) के अलावा किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत् अनुबंध पत्र एवं तद्नुसार विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 12/01/2026 उज्जैन

**एडवोकेट हिमांशु गुप्ता**
**ए-10/6 वसंत विहार कॉलोनी, उज्जैन**
**मो. 7726001852**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी विश्वनाथ सिंह पिता श्री दुर्गादान सिंह व सत्यलदेवसिंह पिता श्री दुर्गादान सिंह जी समस्त जाति राजपूत निवासी ग्राम कदवाली व कृषक ग्राम निपानिया गोयल तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 382/1/1 रकबा 1.13 हेक्टर, सर्वे नम्बर 383/1/1/1 रकबा 0.81 हेक्टर, सर्वे नम्बर 382/1/2 रकबा 1.13 हेक्टर में से विक्रीत रकबा 0.06 हैक्टर भूमि कुल किता 03 कुल रकबा 2.00 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम निपानिया गोलय तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 14-01-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंरड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो. 8719997462, 9584898788**


## बुधवार बड़नगर में मकर संक्रांति धूमधाम से मनाई गई, मंदिरों में पहुंचकर पूजा की

**बड़नगर।** बुधवार को मकर संक्रांति का पर्व नगर सहित ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान कर मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर दान-पुण्य कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मकर संक्रांति पर दान का विशेष महत्व माना जाता है, इसलिए लोगों ने तिल, गुड़, चावल और अन्न का दान किया। मान्यता है कि इस दिन स्नान और तिल दान से पाप कट जाते हैं। लोगों ने खिचड़ी खाई और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। मकर संक्रांति पर्व को लेकर युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चे और युवा घरों की छतों पर चढ़कर पतंगबाजी करते दिखे। आसमान में चारों ओर रंग-बिरंगी पतंगें उड़ती रहीं। पतंग कटने पर काटा है की आवाजें गूंजती रहीं। कई जगहों पर डीजे लगाकर पतंगबाजी का आनंद लिया गया। मकर संक्रांति के अवसर कई स्थानों पर लोगों को गिल्ली डंडा खेलते भी देखा गया।

## गौ सेवा से तृप्त होते हैं पूर्वज, जीवन में होता है सर्वमंगलगौ माता साक्षात कामधेनु

**बड़नगर।** सनातन धर्म की मूल आत्मा गौ सेवा में निहित है। जो श्रद्धालु नित्य भावपूर्वक गौ माता की सेवा करता है, उन्हें स्नान कराता है, स्नेहपूर्वक पीठ पर हाथ फेरता है, उसके पूर्वज तृप्त होते हैं और उसके जीवन में मंगल कार्यों का शुभारंभ हो जाता है। यह उद्गार श्री ओंकार गोपाल गौशाला, ग्राम ऊंटवास राघवपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित कुलदीप महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गौ माता साक्षात कामधेनु हैं। हृदय से भागवत भाव रखते हुए की गई गौ सेवा से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। गौ सेवा केवल पुण्य कर्म नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, समृद्धि और धर्म से जोड़ने का श्रेष्ठ माध्यम है। कथा के पावन अवसर पर श्री जीविका फाउंडेशन द्वारा गौ माता के लिए गुड़ एवं खली हेतु एक लाख एक हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। साथ ही ओवडा समिति द्वारा 51 हजार की राशि प्रदान की गई।

## मंत्री श्री पटेल का दौरा कार्यक्रम

**आगर मालवा।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दो दिवसीय जिले के प्रवास पर आयेंगे । जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री पटेल 16 जनवरी को सायं 6.00 बजे, जिले के नलखेड़ा आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 17 जनवरी को मंत्री श्री पटेल प्रातः 8:00 बजे मां बगलामुखी के दर्शन और पूजन करेंगे । प्रातः 10:00 बजे नलखेड़ा से प्रस्थान कर 10.35 बजे ग्राम पंचायत आवर (आगर) में आऊ नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं आमजन से संवाद करेंगे। प्रातः 11:00 बजे आवर से प्रस्थान कर प्रातः 11.20 बजे ग्राम पंचायत पालखेड़ी में टिल्लर नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं आमजन से संवाद करेंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 12:00 बजे ग्राम पंचायत निपानिया बैजनाथ में आयोजित सरपंच सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम उपरांत यहां से प्रस्थान कर दोपहर 1:00 बजे सर्किट हाउस आगर आएंगे तथा दोपहर 2:00 बजे आगर से घटिया जिला उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मोतियाबिंद नेत्र शिविर 16 जनवरी 2026 को 10 से 2 तक

**आगर मालवा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन कुद्रवण के संयुक्त तत्वावधान में 18 वां विशाल मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर दिनांक 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में आयोजित किया जावेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लेकर आवे जो पहले आएंगे उन्हें पहले चेक करने का मौका मिलेगा। इसमें समस्त ग्रामवासी पूरी तरह से समर्पित भाव से सेवा कार्य करते हैं जिस महानुभाव को अपने नेत्रों की जांच करना है मोतियाबिंद का ऑपरेशन करना है वह अवश्य पधारे ऑपरेशन हेतू बस से लाना ले जाना भोजन, ठहरना, लेंस, चश्मा, दवाई सब निशुल्क रहेगी। अवश्य पधारकर सेवा का अवसर प्रदान करें। उक्त जानकारी देते हुए जय नारायण चौधरी ने बताया की मुद्रा वन में ग्राम वासियों के सहयोग से हर माह शिविर आयोजित होते हैं और जिसमें अनेक लोग आकर के लाभ लेते हैं।

## चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**आगर मालवा।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मिलिंद ढोके द्वारा आगर निवासी नरेंद्र उर्फबाबूराम पिता प्रभुलाल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के अंतर्गत 4 लाख रुपए की आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृति प्रदान की गई है। यह आर्थिक सहायता मृतक के निकटतम वारिस पिता प्रभुलाल को स्वीकृति की है।


### In The Court Of II Additional Judge To The Court Of I Additional District Session Judge, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्री कपिल नारायण भारद्वाज**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/0000369/2021)

हबीब हुसैन -वादी

**विरुद्ध**

मेसर्स तिरूमाला डेवलपर्स उज्जैन द्वारा भागीदार अनिरुद्र गुप्ता- प्रतिवादी

Process Id/2026
पेशी दिनांक :- 06.02.2026

प्रेषिती- (1) चिंताबाई बैरागी पति मांगीलाल बैरागी पता-8 ग्राम रामपुर भुङवास तह व जिला आगर मप्र (2) दुद्दूयाबाई पति युनुस अली पता-23/2 चन्द्रशेखर आजाद मार्ग उज्जैन (3) लौलाबाई सोनी पति सुरेशचंद्र सोनी पता- चौक बाजार ग्राम तनोडिया तह व जिला आगर (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी हबीब हुसैन आत्मज शेख सेफुद्दीन कनवासवाला, आयु-55 वर्ष, धंधा-व्यापार, निवासी-27/1 शंकराचार्य मार्ग उज्जैन द्वारा आदेश 6 नियम 17 एवं आदेश 7 नियम 7 व धारा 151 सीपीसी के अधीन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजाल हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 12 जनवरी 2026 को मेरे मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**नोट**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**कपिल नारायण भारद्वाज)**
**जिला न्यायाधीश उज्जैन के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश उज्जैन (म.प्र.)**

# जनहित के निर्माण कार्यों में प्रगति लाएं : कलेक्टर

## जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला शहरी विकास अभिकरण अंतर्गत नगर पालिका परिषद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा शासकीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक द्वारा जिले में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, बी एल सी घटक 1.0, बी एल सी घटक 2.0, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, अमृत योजना 2.0, स्वच्छ सर्वेक्षण, स्वच्छ भारत मिशन, गीता भवन निर्माण कार्य, विभिन्न योजनाओं में भूमि आवंटन संबंधी कार्य की प्रगति, एसबीएम अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा, अनधिकृत कॉलोनी की जानकारी का नगरीय निकायवार प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण कार्यों में रिकवरी संबंधी कार्यवाही की जाए, इस संबंध में न्यायालय कलेक्टर द्वारा तहसीलदार को जानकारी दी जाए तथा आरआरसी के प्रकरणों का प्रस्ताव भेजें। उन्होंने सभी अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 2.0 के संबंध में आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत नहीं करने के कारण सी एम ओ पिपलोदा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के लिए पी ओ डूडा को निर्देशित किया। सभी प्रकार की पेंडेंसी संबंधी जानकारी कारण सहित प्रस्तुत करने, पात्र लोगों को पात्र घोषित करने अपात्र लोगों को अपात्र घोषित करने तथा जिनको होल्ड पर रखा गया है, उनकी जानकारी देने के लिए एक सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की गई। बड़ावदा, पिपलोदा और सैलाना क्षेत्र के लिए इंजीनियर की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री स्वनिधि निधि योजना अंतर्गत सैलाना का कार्य अच्छा पाया गया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्व सहायता समूह की महिलाओं का इस संबंध में सहयोग लिया जाए तथा पूर्व में जिन हितग्राहियों ने समय पर राशि लौटाई है, ऐसे समूहों के प्रस्ताव लिए जाएं। जिन नगरीय निकायों की कार्य उपलब्धि कम है उन सभी को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव प्रेषित किए जाएं।

अमृत 2.0 योजना अंतर्गत समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि नई पेयजल संबंधी निर्माण कार्य करते समय सीवरेज के आसपास पानी की पाइपलाइन नहीं डाले, इस संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जाए। पेयजल संबंधी निर्माण कार्य करते समय घर के आसपास सेप्टिक टैंक ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। तालाब निर्माण संबंधी समस्त कार्य बारिश होने से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं। तालाब के कार्यों में रिचार्ज शाफ्ट के साथ रेन वाटर रिचार्ज का भी कार्य कराया जाए। विभिन्न योजनाओं में भूमि आवंटन के संबंध में आ रही दिक्कतों के लिए सोमवार को आयोजित होने वाली नजूल की बैठक में जानकारी प्रस्तुत की जाए, ताकि राजस्व विभाग के माध्यम से समस्या का निराकरण हो सके।

## न्यूज-कॉलम

### स्काउट गाइड राज्य सचिव स्व. राजेश मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संघ मंदसौर द्वारा प्रदेश के भारत स्काउट राज्य सचिव स्व. राजेश मिश्रा को उनके दुखद अवसान पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी ने कहा कि स्व. श्री मिश्रा द्वारा अपनी भारतीय प्रशासनिक सेवा मंदसौर जिले से ही प्रारंभ की गई थी और वह विभिन्न विभागों में पदस्थ रहते हुए मुख्यमंत्री के सचिव के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने सेवा संकल्प को अपनाया और उसके लिए उन्होंने भारत स्काउट गाइड को चुना इस संगठन में उन्होंने राज्य सचिव के पद पर लगभग 3 वर्षों तक कार्य किया। रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव ने स्व. मिश्रा से जुड़े स्मरण सुनाये। जिला कमिश्नर गाइड जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज ,जिला एडीपीओ लोकेंद्र डाभी ,सचिव सलमा शाह, जिला ऑडिटर केएस चौहान , राहुल शर्मा , सुरेश भावसार, हिंदल सर, लोकेंद्र सिंह चौहान आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पिपल्या कराड़िया में एक ट्रेक्टर की टक्कर से एक महिला की मृत्यु हो गई। पुतिलस ने इस प्रकरण में आरोपी ट्रेक्टर नं. एमपी 14 एडी 4131 के चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार की दोपहर में ग्राम पिपल्या कराड़िया के राम मंदिर के सामने घटित हुआ है। पुलिस के अनुसार इस हादसे की रिपोर्ट कुलदीप पिता विरेन्द्रसिंह उम्र 30 वर्ष निवासी पिपल्या कराड़िया ने की है कि फरियादी की काकी राजकुंवर को सोनालिका ट्रेक्टर के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी जिससे उसकी घायल काकी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### प्रतिबंधित चाइनीज डोर के पांच गट्टे जब्त

**मंदसौर।** स्थानीय नरसिंहपुरा के पास पुलिस ने एक युवक के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज डोर के पांच गट्टे जब्त किये। मंगलवार की रात करीब १० बजे कोतवाली पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी जीवन पिता ओमप्रकाश कुमावत उम्र 20 वर्ष निवासी नयागांव नरसिंहपुरा मंदसौर के खिलाफ बीएनएस की धारा 223(ए) में प्रकरण दर्ज किया।

### मारपीट करने वाले 9 गिरफ्तार, जुलूस निकाला

**रतलाम।** सोमवार रात स्टेशन रोड थाने के पीछे पुलिस लाइन में युवाओं के दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। जमकर लात घूंसे व लाठियां चली थी। मारपीट का वीडियो सामने आया था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने ९ लोगों को पकड़ा। बुधवार शाम मारपीट करने वालों का पैदल जुलूस के रूप में थाने से बाहर तक लाए। फिर पुलिस वाहन में बैठकर एसडीएम कोर्ट लेकर गए। पुलिस के अनुसार विवाद और मारपीट का कारण आपसी लेनदेन का सामने आया है। शहर में शांति भंग के आरोप में पुलिस ने दोनों पक्षों के 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में लिया है। जिन्हें बुधवार शाम 4.15 बजे थाने से एसडीएम कोर्ट में लेकर गए।

### दिग्विजय सिंह के राज्यसभा न जाने के फैसले का स्वागत

**रतलाम।** कांग्रेस की जिला प्रवक्ता रश्मि सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा राज्यसभा न जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे त्याग और सिद्धांतों की राजनीति का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह पूर्व में भी 2003 में पद न लेने और 2022 में कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव से नाम वापस लेकर त्याग की मिसाल पेश कर चुके हैं। रश्मि सिंह ने कहा कि दिग्विजय सिंह का दलितों व आदिवासियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण हमेशा रहा है और उनके कार्यकाल में दलित एजेंडा लागू किया गया। उन्होंने मांग की कि राज्यसभा की संभावित रिक्त सीट पर कांग्रेस को मध्यप्रदेश के दलित नेता विधायक फूलसिंह बरैया या अजा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार को अवसर देना चाहिए। हालांकि यह उनके निजी विचार हैं और पार्टी के हर निर्णय का स्वागत किया जाएगा।

**ओपन जिम का हुआ लोकार्पण**

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 13 जवाहर नगर 'एइ कॉलोनी स्थित उद्यान के ओपन जिम का लोकार्पण क्षेत्रिय पार्शद श्रीमती आषा रावत ने पूर्व पार्शद राजीव रावत, क्षेत्र की महिलाओं एवं वरिश्ठ नागरिकों के साथ फीता काटकर एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

# रेडी और काटा है के शोर से गूंजा मंदसौर, मंदिरों में लगा तिल-गुड़ का भोग

## दान-पुण्य का दौर चला; भाजपा नेताओं ने तेलिया तालाब पर मनाया उत्सव

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गुल्ली डंडे खेल का आनंद लेते सांसद श्री गुप्ता।

आस्था, परंपरा और उल्लास का पर्व मकर संक्रांति मंगलवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहाँ छतों से च्वो काटा हैज् की गूंज सुनाई दी, वहीं मंदिरों में भगवान को तिल-गुड़ का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस पर्व के साथ ही मलमास समाप्त हो गया है और अब मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।

विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में मकर संक्रांति का विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर के गर्भगृह और परिसर को रंग-बिरंगी पतंगों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान पशुपतिनाथ को विशेष रूप से तिल के लड्डुओं का भोग लगाया गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा, लोगों ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

शहर की छतों पर सुबह से ही युवाओं और बच्चों की टोली पतंगबाजी का लुत्फ उठाती नजर आई। च्रेडीज और च्काट हैज के शोर से आसमान गूंज उठा। वहीं, शहर के खुले मैदानों में पारंपरिक खेल गिल्ली-डंडा का भी आनंद लिया गया। युवाओं के बीच पतंग काटने की होड़ और प्रतियोगिताएं दिनभर चलती रहीं।संक्रांति के पावन अवसर पर दान का विशेष महत्व रहा। धानमंडी सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दानदाताओं ने दरिद्र नारायणों को भोजन कराया। गौशालाओं और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने गायों को हरी घास खिलाई। मंदिरों में तिल, गुड़ और खिचड़ी के दान का दौर भी दिनभर चलता रहा।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा तेलिया तालाब के समीप संक्रांति पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया और भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने एक-दूसरे को तिल-गुड़ खिलाकर पर्व की बधाई दी और इस पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मलमास की समाप्ति हो गई है। इसके साथ ही अब विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे शुभ और मांगलिक कार्यों की बाधाएं दूर हो गई हैं और आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

# 17 से मंदसौर राज्यस्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता, आयोजन समिति घोषित





**मन्दसौर।** खेल गतिविधियों के केंद्र मंदसौर में आगामी 17 एवं 18 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राज्यस्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस गौरवशाली प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु आयोजन अध्यक्ष प्रीतेश चावला द्वारा आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की अधिकृत घोषणा कर दी गई है। समिति में शहर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों और खेल प्रेमियों को विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजन समिति में मार्गदर्शक सांसद सुधीर गुप्ता, बंशीलाल गुर्जर, यशपाल सिंह सिसोदिया, राजेश दीक्षित, श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, श्रीमती रमादेवी गुर्जर, बसंत शर्मा एवं घनश्याम बटवाल बनाये गये वहीं संरक्षक विजय सुराणा, हिम्मत डांगी, गौरव अग्रवाल, विजेंद्र देवड़ा, विनोद डगवार, अरविंद सारस्वत एवं मुकेश काला को बनाया गया। समिति के उपाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, बंशी राठौर, हेमंत शर्मा, राजेश गुर्जर एवं सूरज प्रताप सिंह तोमर, सचिव ओमप्रकाश सूर्यवंशी, संयुक्त सचिव आशुतोष नवाल, हीरालाल मालवीय, अंकित सोनी, पप्पू जैन एवं निर्विकार रातड़िया, कोषाध्यक्ष विमलचन्द मच्छीरक्षक एवं हिम्मत लोढ़ा बनाये गये है। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य की भी घोषणा की । यह समिति व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देंगे।

## रणजीत सिंह ने मकर संक्रांति पर गायों और स्वान दस्ते को गुड और रोटी का करवाया सेवन

**पिपलिया मंडी।** दिनांक 14 जनवरी को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मकर संक्रांति के अवसर पर गौ माता को गुड और रोटी का सेवन करवाने के साथ ही साथ स्वान दस्ते को भी भोजन करवाया और अपने संदेश में कुंवर शक्तावत ने आम आवाम से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार के त्योहारों के अवसर पर गौ माता और स्वान दस्ते के साथ ही साथ पशु पक्षियों की सेवा करना सुनिश्चित करें और जब आप पशु पक्षियों की सेवा करेंगे तो निश्चित ही आपके घर में सुख,शांति और समृद्धि का वातावरण निर्मित होगा और यह प्राणी किसी से मांग नहीं सकते हैं इन्हें अपनी श्रद्धा के अनुसार खिलाना चाहिए और यही मानव धर्म है और सभी लोगों को से निभाना चाहिए इस अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के कार्यकर्ता दुलीचंद सुथार,रविंद्र,तेजेंद्र,चंद्रपाल, प्रदीप गहलोत आदि सदस्य उपस्थित थे ।

## मनासा के गांव में सीमेंट सड़क निर्माण व अन्य विवाद में दो पक्ष भिड़े एक दर्जन से अधिक लोग घायल

**नीमच।** जिले के कुकडेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंडलिया के गांव चिकली में कल शाम दो पक्षों में विवाद हुआ था विवाद इतना बढ़ गया को लाठी डंडे पत्थर बाजी कर मारपीट की गईद्य जिसमें दोनों पक्ष के लगभग 12 महिला पुरुष घायल हे मारपीट का वीडियो भी आया हे काम चोट वाले घायलों का उपचार मना सा में जारी हेद्य शेष कुछ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल नीमच भेजा गया है जहां उपचार जारी।



# मन्दसौर जिले के 20 मंडलों और 13 बस्तियों में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मन्दसौर जिले के 20 मंडलों एवं 13 बस्तियों में आयोजित हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, संगठन और सांस्कृतिक चेतना के महाकुंभ बन गए। इन सम्मेलनों के माध्यम से न केवल हिंदू समाज की एकता का प्रदर्शन हुआ, बल्कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारों और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का सशक्त प्रयास भी किया गया।

सम्मेलन में पधारे संत-महात्माओं ने अपने आशीर्वचन में हिंदू धर्म की वैज्ञानिकता और महानता पर प्रकाश डाला। संतों ने स्पष्ट किया कि हिंदू धर्म केवल एक पूजा पद्धति नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन पद्धति है जो करुणा और प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिकता की दौड़ में अपनी जड़ों और संस्कारों को न भूलें।

सम्मेलनों में महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मातृशक्ति ने समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण और पारिवारिक एकता को बनाए रखना माताओं की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि सशक्त परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव है।

वक्ताओं ने संघ की एक शताब्दी की यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि सेवा और संगठन के माध्यम से संघ निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगा है। वक्ताओं ने वर्तमान समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए पंच परिवर्तन के संकल्प को आत्मसात करने पर बल दिया। जिलेभर में आयोजित इन सम्मेलनों में युवा वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के हर तबके ने सक्रिय भागीदारी की। उपस्थित जनसमूह ने हिंदू समाज को संगठित करने और पंच परिवर्तन को अपने व्यक्तिगत जीवन में उतारने का सामूहिक संकल्प लिया। आयोजकों ने इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए समस्त समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

# लायंस क्लब ने नेत्र ज्योति के लिए निकाली रैली

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



नेत्र चिकित्सालय आवश्यक है, वैसे ही आत्मा की ज्योति के लिए व्यास गादी आवश्यक है कथा वाचक गुरुदेव पं. भीमाशंकर शास्त्री (धारिया खेड़ी) ने दिया। लायंस इंटर नेशनल साइट फर्स्ट अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशाल अंधत्व निवारण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कर रहे थे। इस रैली का आयोजन लायंस क्लब एवं लायंस नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर गुरुदेव शास्त्री, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेंद्र गर्ग एवं समाजसेवी व पूर्वाध्यक्ष डॉ. एच.एस. राठौर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्लब की ओर से गुरुदेव का शाल, श्रीफल एवं रुद्राक्ष माला भेंट कर अभिनंदन किया । साथ ही सभी अतिथियों का भी स्वागत किया गया।

अपने उद्बोधन में पं. शास्त्री ने कहा कि जिस प्रकार नेत्र चिकित्सालय आंखों को रोशनी प्रदान करता है, उसी प्रकार व्यास गादी आत्मा को शुद्ध कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को अत्यंत पुण्यकारी बताते हुए रैली में उपस्थित लायन सदस्यों, चिकित्सालय कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। लायंस क्लब अध्यक्ष एमजेएफ यश जैन ने कहा कि लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है, जिसमें अंधत्व निवारण सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि विगत छह माह में लगभग 48 हजार नेत्र रोगियों की जांच की जा चुकी है तथा करीब 4 हजार मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस जन-जागरूकता रैली का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसे नेत्र सुरक्षा एवं नेत्र ज्योति प्रदान करना है। रैली में प्रतिभागियों के हाथों में अंधत्व जागरूकता एवं बचाव संबंधी प्रेरणादायी स्लोगन की तख्तियां थीं। साथ ही घर-घर जाकर ग्लूकोमा, मोतिया बिंद से बचाव तथा भविष्य में नेत्र सुरक्षा संबंधी जानकारी देने हेतु जागरूकता पेम्पलेट भी वितरित किए गए।, क्लब कोषाध्यक्ष राकेश पी. ने आभार व्यक्त किया।



## समाज सेवा में उत्कृष्ट नेतृत्व करने पर नागर व दवे का हुआ सम्मान

**पिपलिया मंडी।** 11 जनवरी रविवार को परशुराम धाम (गुराडिया दीदा) परिसर में ब्रह्मपरिषद मंदसौर द्वारा संस्था प्रमुख गोपाल पंचारिया द्वारा आयोजित विशाल ब्रह्म सम्मेलन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शिवकरण प्रधान के कर कमलों से नागर ब्राह्मण समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश नागर एवं बालकृष्ण दवे द्वारा समाज में सराहनीय सेवा एवं उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया जाने पर सम्मेलन में शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर विप्र बांधुओ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, गोविंद नागर, मोहन नागर, योगेन्द्र नागर,हरीश दवे,विजय नागर , वासूदेव नागर,मंदिर पुजारी मुकेश नागर, राजेंद्र नागर, नागर ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती भगवती नागर, श्रीमती अलका नागर श्रीमती रेखा नागर सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

## नीमच में चाइनीज माँजा बेचने वाले दुकानदार को किया गिरफ्तार

**नीमच।** चाइनीस मजे से प्रदेश भर में हो रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन सख्त हुआ है द्य पिछले एक बार से पतंग मां जी का दौर जारी है जिसमें इंदौर उज्जैन मंदसौर नीमच सहित छोटे शहरों में भी पतंगबाजी का चलन बढ़ गया है द्य आईगेट दिनों जिले सहित उज्जैन में इंदौर में घाटी मजे से घायल होने की घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत से प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन और सख्त हुआ है और कार्यवाही के निर्देश दिए हैं जिसके अंतर्गत मकर संक्रांति के पावन पर्व से ठीक पहले नीमच कैंट पुलिस ने नया बाजार स्थित बड़ी मंडी की एक दुकान पर छापा मारकर करीब 10 हजार मीटर प्रतिबंधित मांझा बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक दुकानदार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है द्य पुलिस ने ने अजीज रंगरेज की दुकान पर दबिश दी और यहां से 34 वर्षीय दुकानदार आसिफ पुत्र अजीज मोहम्मद को हिरासत में लिया। नए कानून के मुताबिक दुकानदार पर पुलिस प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करेगी ।

## मकर संक्रांति पर मंदिर दर्शन कर दान व गौ माता को खिलाई हरी घास



**नीमच।** शहर व क्षेत्र में मकर संक्रांति के अवसर पर १४ जनवरी को सुबह से देव दर्शन और दान पुण्य का कार्यक्रम जारी रहाद्य विभिन्न मंदिरों में पूजा व अन्य कार्यक्रमों के साथ श्रद्धालुओं में देव दर्शन के बाद गरीबों को तिल गुड़ व अन्य सामग्री दान की। जवाहर नगर स्थित योगेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का दर्शनार्थ ताँता रहा. वहीं मंदिर पर बैठे दरिद्र नारायण को तिल गुड़, कंबल,कपड़े आदि सामग्री दान की गई द्य साथ ही गौ माता को हरी घास खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया इस तरह दिनभर दान पुण्य और तिल गुड़ की प्रसादी का दूर चलता रहा द्य हालांकि बुधवार 14 जनवरी की शाम को सूर्य देव ने उत्तरायण में प्रवेश कियाद्य इस गणना से कल दोपहर तक मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाएगा कल भी लोग इसी क्रम को जारी रखेंगे दान पूर्णिमा और देव दर्शन करने मंदिरों तक जाएंगे द्य इस तरह मकर संक्रांति पर्व इस बार दो दिवसी हो जाएगा।

## लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक ने सेवा संकल्प के साथ मनाया जन्म दिवस



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिकच द्वारा लायनवाद के जनक मेल्विन जोन्स का जन्म दिवस संस्थापक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा विक्षिप्त महिला आश्रम पहुँचकर वहां निवासरत महिलाओं के साथ समय बिताया गया। क्लब की अध्यक्ष लायन उषा चौधरी ने कहा कि, सेवा ही हमारा परमो धर्म है। मेल्विन जोन्स के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज के वंचित वर्ग के चेहरों पर मुस्कान लाना ही हमारे क्लब का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों ने सभी उपस्थित महिलाओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया। इस मेल-मिलाप के दौरान उत्सव जैसा माहौल बन गया, जहाँ कुछ महिलाओं ने सुरीले गीत गाए तो कुछ ने उत्साह के साथ नृत्य कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस सेवा कार्य में मुख्य रूप से क्लब सचिव सीमा धनोतिया, चित्रा मंडलोई, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी, चंद्रकांता पौराणिक, और रीमा सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खण्डेलवाल स्मृति नि:शुल्क मस्तिष्क रोग परामर्श शिविर 17 जनवरी को

**नीमच ।** शहर में आगामी 17 जनवरी को मेदांता हॉस्पिटल की वरिष्ठ न्यूरो विशेषज्ञ देंगी परामर्श व टॉक शो का आयोजन किया जा रहा है द्य वरिष्ठ पत्रकार एवं मीसाबंदी स्वर्गीय श्री गोपाल जी खण्डेलवाल के 85 वें जन्मस्मृति वर्ष पर नगर समस्या सुझाव ग्रुप (एनएसएसजी) द्वारा वैश्य महासम्मेलन व खण्डेलवाल वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार, 17 जनवरी को निःशुल्क मस्तिष्क रोग परामर्श एवं परिचर्चा (टॉक शो) का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल, इंदौर की वरिष्ठ एवं ख्यातिप्राप्त मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति चिंचुरे (एमडी, डीएम-न्यूरो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) परामर्श देंगी। शिविर का आयोजन शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक (दो घण्टे) वाधवा हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम, विकास नगर, नीमच में किया जाएगा। इस अवसर पर मस्तिष्क संबंधी गंभीर बीमारियों जैसे दिमाग में ब्लीडिंग, ब्रेन की नस का गुब्बारा, स्ट्रोक, ब्रेन अटैक, लकवा/पैरालिसिस, गर्दन की कैरोटिड नस में ब्लॉकेज, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी, बार बार सिरदर्द एवं अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।



## पाडल्यामाता में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**सारंगपुर।** पाडल्यामाता के दशहरा मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बडी संख्या में हिंदू समाज के लोग, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी ने प्रेरणादायक आशीर्वचन देकर हिन्दूओ से अपील करके कहा कि आज स्वामी विवेकानंदजी एवं जीजा बाई की जन्म जयंती है। प्रत्येक सनातनी मां जीजा बाई बने तभी घर घर में छत्रपति शिवाजी महाराज आयेंगे। आज जिस तरह वीर शिवाजी संगठन की बहनों द्वारा दंड से शौर्य प्रदर्शन किया उसी तरह प्रत्येक मां अपनी बेटियों को अपनी रक्षा के लिए शक्तिशाली, संस्कारी बनाए ताकि कोई विधर्मी उनका शिकार न कर सके। कार्यक्रम के विशेष अतिथि संघ अधिकारी लखन ने हिंदू एकता पर बल देते हुए कहा कि आज का युवा नशे की लत में इतना आगे निकल गए है कि वह धार्मिक, सामाजिक कार्य से दूर होते चले जा रहे है, अपने बच्चों को संघ की शाखा में भेजे उन्हें संस्कारवान बनाए। अगर हिंदू समाज को पतन से बचना है तो सामाजिक समरसता की भावना के साथ प्रत्येक सनातनी को संगठित होने का भाव रखना होगा।

## राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**खाचरोद।** माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता के आदेशानुसार तथा प्रथम जिला न्यायाधीश नीतू कांता वर्मा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह के अंतर्गत 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर नवोदय विद्यालय बुरानाबाद खाचरोद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम जिला न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा एवं अपर लोक अभियोजक रजनीश उपाध्याय द्वारा युवाओं तथा बच्चों को स्वामी विवेकानंद के बारे में गहन जानकारी प्रदान की गई तथा उनके आदर्शों पर चलकर देशहित तथा समाज के विकास के लिए कार्य करके अपना तथा देश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही 14 नवंबर 2025 में न्योत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता में वरिष्ठ तथा कनिष्ठ खंड में से प्रथम, द्वितीया एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 12 बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार वितरित किए गए।

## एक्ट्रेस सोनिया श्रीवास्तव का कायस्थ बंधु समिति द्वारा किया गया चित्रगुप्त सम्मान



**ब्यावरा-राजगढ़।** कायस्थ समाज मे विगत लम्बे समय से प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सम्मान कार्यक्रम समाज के ऐसी प्रतिभाओ को लेकर किये जा रहे है जिन्होने कला जगत ,साहित्यिक लेखन, गायन, समाज सेवा, पत्रकारिता के अलावा शिक्षण कार्यो, दसवी, बारहवी मे बिना किसी सुख सुविधाओ के मुकाम हासिल किया हो। कायस्थ बंधु समिति ऐसी प्रतिभाओ के सम्मान को लेकर भोपाल सहित अन्य नगरो मे घर घर जाकर लगातार आयोजन कर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर मशहूर फिल्म, टीवी एक्ट्रेस श्रीमति सोनिया श्रीवास्तव के सम्मान को लेकर कोलार रोड सर्वधर्म कालोनी में श्रीमति रेणू संजय श्रीवास्तव के निवास पर चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने सोनिया श्रीवास्तव को पीला गमछा पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भगवान श्रीचित्रगुप्तजी की तस्वीर भेट कर प्रतिभा गौरव सम्मान से सम्मानित किया है।

## दांगी ने मनरेगा को लेकर राष्ट्रपति के नाम पटवारी एवं पंचायत सचिव को सौंपा ज्ञापन




**ब्यावरा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी ने मनरेगा को लेकर ग्राम भाटपुरा एवं ग्राम निवानीया की पंचायत भवन में पहुंचकर पंचायत के मुख्य लोगों के साथ राष्ट्रपति के नाम पटवारी एवं पंचायत सचिव को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में मांग कि गई कि स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण किसान मजदूर के लिए एक अति महत्वपूर्ण रोजगार आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा संबंधित कानून यूपीए सरकार ने बनाया था जो एक अधिकार आधारित कानून है वह प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है कानून के अंतर्गत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है।

### ठेकेदार ने बेसाल्ट पत्थर की जगह लगा दिए लाल पत्थर

# 2 करोड़ 88 लाख की लागत से होने वाले सौन्दर्यीकरण में किया जा रहा घटिया निर्माण

### नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, का आदेश भी हवा हवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



नगर पालिका द्वारा शहर को सुंदर बनाने के नाम पर जनता के टैक्स के पैसों की खुली बंदरबांट का एक और गंभीर मामला सामने आया है। ताजा मामला शहर के मध्य स्थित रातड़िया तालाब सौंदर्यकरण कार्य से जुड़ा है, जहां नियमों को ताक पर रखकर बेसाल्ट पत्थर की जगह निम्न स्तर के लाल पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। यह पूरा खेल ठेकेदार और नगर पालिका के जिम्मेदारो की मिलीभगत से किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 8 अक्टूबर 2025 को संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल से प्रदीप एस. मिश्रा (प्रमुख अभियंता) द्वारा सभी नगर पालिकाओं को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि जल स्त्रोतों के आसपास सौंदर्यकरण कार्य में सैंड स्टोन, सेडिमेंटरी रॉक या लाल पत्थर का उपयोग न किया जाए, क्योंकि ये पत्थर हवा के दबाव और बारिश में जल्दी खराब हो जाते हैं। इसके स्थान पर मजबूत व टिकाऊ बेसाल्ट पत्थर के उपयोग के सख्त निर्देश दिए गए थे।

इन स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आगर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने आंख मूंदकर ठेकेदार को घटिया लाल पत्थर लगाने की खुली छूट दे दी। हैरानी की बात यह है कि आदेश जारी होने के तीन महीने बाद भी यहां बड़ी मात्रा में निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, लेकिन किसी ने न तो आपत्ति की और न ही काम रोका।

नगर पालिका द्वारा रातड़िया तालाब सौंदर्यकरण पर करीब 2 करोड़ 88 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब राशि करोड़ों में है तो फिर गुणवत्ता में समझौता क्यों? क्या मजबूती की जगह सिर्फ कमीशन और सेटिंग को तरजीह दी जा रही है?

इतना ही नहीं, ठेकेदार द्वारा तालाब की मौजूदा पाल पर ही नया निर्माण किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार यहां नींव खोदकर नई दीवार बनाई जानी चाहिए थी। इस गंभीर तकनीकी चूक पर भी नगर पालिका के जिम्मेदारों का ध्यान नहीं गया, जो भविष्य में बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

जब इस मामले में नगर पालिका उटड कुशल सिंह डोडवे से बात की गई तो उन्होंने बेसाल्ट पत्थर संबंधी आदेश की जानकारी न होने की बात कही। यह जवाब अपने आप में कई सवाल खड़े करता है, क्योंकि आदेश को जारी हुए तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है और उसी दौरान अधिकांश कार्य भी हो चुका है। लेकिन सवाल यह है कि अब तक जिम्मेदारी किसकी थी? वहीं, इस पूरे मामले पर शहरी विकास अभिकरण अधिकारी मिलिंद ढोके से जब दूरभाष पर संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन नही उठाया। इसके बाद जब सीएमओ से दूरभाष पर संपर्क करना चाहा तो उन्होंने भी फोन उठान उचित नहीं समझा।

अब बड़ा सवाल यह है की क्या रातड़िया तालाब सौंदर्यकरण वास्तव में शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए है, या फिर यह ठेकेदारों और अधिकारियों के लिए कमाई का जरिया बन चुका है? अब देखना यह होगा कि जांच सिर्फ कागजों तक सीमित रहती है या फिर दोषियों पर वास्तविक कार्रवाई भी होती है।

## साबरमती एक्सप्रेस की बोगी मे मिली अचेत अवस्था मे महिला

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में ब्यावरा-राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन क्रमांक 19168 साबरमती एक्सप्रेस के एसएलआर बोगी मे इंजन तरफ एक महिला अचेत अवस्था मे मिली ट्रेन आने पर डयूटी पर मौजूद पुलिस कर्मी सुशीला परते, रामजीवन मीना और जितेन्द्र यादव ने कोच अटेंड किया महिला बेहोश थी जिसके साथ उसकी बेटी भी थी तत्काल दोनो को सिविल अस्पताल ब्यावरा ले जाया गया डाक्टर तरूणिमा पटेल ने उक्त महिला का इलाज किया डाक्टर द्वारा बताया गया कि शुगर बढ जाने से महिला की तबीयत खराब हुई अस्पताल में एडमिट कर लिया गया है महिला की बेटी ने बताया कि हम जनरल टिकिट लेकर शाहगंज से अहमदाबाद की यात्रा कर रहे थे पिता मो.याकूब अहमदाबाद मे मजदूरी करते है मम्मी समा परवीन 38 वर्ष निवासी 316 हाजीपुर बीरी, हाजीपुर, अलीमुद्दीनपुर जिला सुल्तानपुर उ.प्र. की तबीयत पहले भी इसी तरह घर पर खराब हो गई थी इसलिये मो.याकूब ने परवीन को इलाज हेतु अहमदाबाद बुलाया था महिला के पति से मोबाईल पर चर्चा की गयी बेटी ने अपने पास पैसे नही होना बताया तो महिला पुलिस कर्मी सुशीला परते ने महिला की बेटी को खर्च हेतु 1000 रुपये भी दिये बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर जीआरपी थाने पर सूचना देकर बताये।

## अभिज्ञान हाई स्कूल में युवा दिवस व सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न



**तराना।** अभिज्ञान हाई स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में युवा दिवस कार्यक्रम एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शानू मकवाना (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, तराना) रहीं। विशेष अतिथियों में विद्यालय प्राचार्य दिनेश कुमार हरड़, अंग्रेजी विभाग प्रमुख मंजरी लोया, प्रधानाचार्य अंबाराम चौहान, एवं खेल शिक्षक अभिषेक देथलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के पूजन एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मकवाना ने विद्यार्थियों को सामूहिक सूर्य नमस्कार करवाते हुए इसके शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित सूर्य नमस्कार से युवा स्वस्थ, ऊर्जावान एवं अनुशासित बनते हैं। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ सहभागिता करते हुए सूर्य नमस्कार किया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।विद्यालय परिवार ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया।उक्त जानकारी विद्यालय प्रवक्ता राजेश मालवीय एवं हर्ष नागर द्वारा दी गई।

## कांग्रेस नेता की माता का निधन

**नजरपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत घटिया के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर पटेल रामगढ़ व कृषि उपज मंडी उज्जैन के पूर्व डायरेक्टर विजय सिंह पटेल की माता जी के निधन के समाचार प्राप्त होने पर अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव हेमंत सिंह चौहान, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धीरज सिंह पवार, मध्यांचल रविदास समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष मदन लाल गुजराती . जनपद पंचायत घटिया के पूर्व सदस्य बहादुर सिंह देपन आदि वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने उनके निवास रामगढ़ में जाकर स्व. श्रीमती जानी बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परमपिता परमेश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान की करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और आंजना समाज के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## श्री शारदा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में शानदार कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती का पूजन दीप प्रज्वलन तथा संस्था के फाउंडर के श्रीवास्तव की तस्वीर पर माल्यार्पण संस्था की कक्षा 12वीं टॉपर्स कुमारी अंशिका जैन, उनकी दादी राजमती जैन एवं 10इ की टॉप सुहानी शर्मा एवं उनके माता-पिता कमल एवं कुसुम शर्मा द्वारा किया गया। संस्था प्राचार्य बृजेश श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों का स्वागत मोतियों की माला से किया गया।

प्राचार्य श्रीवास्तव ने उद्बोधन में बच्चों में संस्कारों एवं अनुशासन के लिए पालकों से अपील की। साथ ही उन्होंने संपूर्ण विश्व में विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ संस्था बताते हुए कहा कि विद्यालय ही वह स्थान है जहां अच्छे नागरिक तैयार होते हैं। वार्षिक उत्सव में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी गई। क्लास सेकंड के छात्रों द्वारा श्री गणेश नृत्य से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कक्षा नर्सरी के छात्र-छात्राओं द्वारा आह टमाटर बड़े मजेदार पोयम पर दी गई प्रस्तुति के साथ विभिन्न कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा राजस्थान, पंजाब, काश्मीर, दक्षिण भारत, उत्तरांचल राज्यों के नृत्य के साथ क्लासिकल और बॉलीवुड सॉन्ग पर दी गई साथ ही महाभारत ,ऑपरेशन सिंदूर वीर संभाजी और कवि कलश के छावा फिल्म के डायलॉग, ओल्ड एवं न्यू जेनरेशन, तथा ओल्ड एज होम जैसे शानदार नाटकोका सफल मंचन किया गया। ओल्ड एज होम ड्रामा ने सभी की आंखें नम कर दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संतोष जोशी एवं अमीना बानो ने क्लास 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के साथ किया। आभार विद्यालय के व्याख्याता सुभाष राठौड़ ने प्रकट किया।


## माता-पिता समय निकाल कर बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देवे- रामनवमी दास महाराज

**बडनगर।** शिक्षक विद्यालय के एक कमरे में एक साथ कई विद्यार्थियों को शिक्षा देता है, एक ही चाक से ब्लैक बोर्ड पर सभी को सामान भाव से शिक्षा देता है लेकिन एक विद्यार्थी प्रथम आता है क्योंकि उसने गुरु के ज्ञान को आत्म सात किया। वैसे ही इस भव सागर में गुरु के बताए पथ पर चलोगे तो गोविंद प्राप्त होगा जीवन यात्रा सफल होगी । उक्त उदगार पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन संप्रदाय के भ्रमण शील जमात के मुख्या महंत रामनवमी दास महाराज ने सराफा चौक स्थित उदासीन अखाड़े में कहे आपने कहा कि आप सब समय निकाल कर बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देवे । कुटुंभ सभा करे, पर्यावरण पर ध्यान देवे, नगर के धार्मिक स्थानों को स्वच्छ रखे, समाज में सकारात्मक कार्य करे, एक जुट रहे, प्रभु नाम स्मरण करे। इनको करने से आप के जीवन में सूर्य उत्तरायण की ऊर्जा प्राप्त होगी। आप का उज्जैन से बड़नगर में प्रथम बार आगमन हुआ ।आपके साथ महंत राममुनि, सत्यानंद दास उज्जैन, सर्वमुनि कोट पुतली जयपुर भी पधारे। आपने आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर भक्तों आमंत्रित किया। साथ ही कहा कि बहुत शीघ्र जमात नगर में आएगी यहां के भक्त गुरुचरणाश्रय में लीन रहते हे । इस अवसर पर गुरुदेव का पंडित आशुतोष भट, रामनिवास नवहाल ने स्वस्ति वाचन किया।

## सर्वार्थ सिद्धि योग में गुप्त नवरात्र का आरंभ 19 को

**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में माघ मास की गुप्त नवरात्रि का आरंभ 19 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में होगा। गुप्त नवरात्र में माता का विशेष श्रृंगार होगा। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि इन नौ दिनों में साधक तंत्र, मंत्रव यंत्र सिद्धि की गुप्त आराधना करेंगे। भागवत महापुराण में वर्ष में चार नवरात्र की मान्यता है। इसमें दो प्राकट्य व दो गुप्त नवरात्र मानी गई है।

## अपर ने बचा ली निखिल की जान कातिल मांझे से गले में आए घाव



**शुजालपुर।** मकर सक्रांति आते ही चाईनीज मांझे की तरह नायलॉन मांझा भी पतंग बाजी के लिए आज चुका है, इन दोनों से ही मानव जीवन और पक्षियों को काफी खतरा है। देश व प्रदेश में इस तरह के मांझों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और कुछ स्थानों पर जानलेवा भी बन रहा है। शहर में भी एक युवक मांझे का शिकार हुआ, जिससे उसके गले में घाव हो गए, हालांकि ठंड से बचाव के लिए अपर पहने हुए होने के कारण अनहोनी होने से बच गई। मिली जानकारी अनुसार शुजालपुर सिटी निवासी निखिल नाविक अपने दोस्त के साथ रेलवे स्टेशन के समीप से बाइक द्वारा जा रहा था तभी पतंग का मांझा उसके लगे में उलझ गया, जिससे उसे गहरे घाव हो गए। यह युवक गले में हुए घाव के इलाज के लिए अस्पताल भी पहुंचा, जहां पर उपचार व परामर्श दिया गया। मीडिया से चर्चा में निखिल ने बताया कि यदि बाइक तेज गति से होती और अपर नहीं होता तो वह मांझा जानलेवा भी हो सकता था। बता दे चाईनीज मांझे पर देश में बेन लगा रखा है, थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव ने बताया कि चाईनीज मांझे पर प्रतिबंध होने के संबंध में मुनादि कराई जा चुकी है, साथ ही इसकी बिक्री न हो इसके लिए चेतावनी दी जा चुकी है, कुछ स्थानों पर सूचना के आधार पर सर्चिंग भी कराई गई लेकिन शहर में चाईनीज मांझा नहीं मिला है।

# विवेकानंद संदेश यात्रा में महापुरुषों के वेश में उतरे विद्यार्थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सुसनेर द्वारा 12 जनवरी को विवेकानंद संदेश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के भाव जागृत करना रहा। इसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर में निकली इस भव्य संदेश यात्रा में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद, भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, रानी अबक्का, रानी दुर्गावती, भगत सिंह सहित अनेक महापुरुषों के वेश धारण कर राष्ट्र निर्माण के आदर्शों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। यात्रा के दौरान उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत, युवाशक्ति से राष्ट्रशक्ति और राष्ट्र प्रथम जैसे नारों से नगर का वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत संयोजक तिलक जोशी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं को आत्मनिर्भर, चरित्रवान और राष्ट्रनिष्ठ बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने युवाओं से समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक अभिजीत बजाज, नगर अध्यक्ष प्रतीक राठौर एवं नगर मंत्री चेतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने युवाओं की भूमिका, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन जिला टोली सदस्य हनु सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन नगर मंत्री चेतन शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक हुसैन दरबार, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पाटीदार, उमा सिसोदिया सहित अनेक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा के भाव को सशक्त करने वाला सिद्ध हुआ।

### विद्यार्थियों ने लिया प्रेरणा का संकल्प

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति तथा युवा शक्ति के महत्व को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायी भाषण, विचार अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, उनके संघर्ष और देशभक्ति से ओत-प्रोत विचारों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ए.के. पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि युवा यदि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें तो वे न केवल अपने जीवन को सफल बना सकते हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मनिर्भर बनने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**कानड़**

नगर के नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार वरिष्ठ शिक्षक दीपक बोस व अर्जुन झलाया के मार्गदर्शन में किया गया। इससे पूर्व प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा व प्रधानाध्यापक राधेश्याम बरेठा ने स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्राचार्य द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कही।इस अवसर पर प्रगणेश दुबे, राजेश बीजापारी, दीपक सेन, मनीष विश्वकर्मा, गौरव चावड़ा, विशाल बरेठा, दीपा दुबे व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

सभी 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग को प्रथम माना गया है। मान्यता है कि यहां पर विधि-विधान से रुद्राभिषेक करने से मानसिक शांति, रोगों से मुक्ति और जीवन की बाधाओं का नाश होता है।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
## आस्था, इतिहास और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक

भारत की पावन भूमि पर स्थित बारह ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग को प्रथम स्थान प्राप्त है। यह गुजरात राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में प्रभास पाटन के समीप, अरब सागर के तट पर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार जहां



स्वयं भगवान शिव ज्योति स्वरूप में प्रकट हुए हों, वही स्थान ज्योतिर्लिंग कहलाता है। सोमनाथ न केवल भगवान शिव की असीम कृपा का प्रतीक है, बल्कि यह सनातन धर्म की अखंड आस्था और पुनर्जन्म की भावना को भी दशार्ता है।

### सोमनाथ की पौराणिक कथा

शास्त्रों के अनुसार ह्लसोमनाथह्व शब्द का अर्थ है–सोम के स्वामी। पौराणिक मान्यता के अनुसार चंद्रदेव (सोम) को दक्ष प्रजापति के श्राप के कारण क्षय रोग हो गया था।

इस रोग से मुक्ति पाने के लिए चंद्रदेव ने प्रभास क्षेत्र में भगवान शिव की कठोर तपस्या की। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें रोगमुक्त किया और इसी स्थान पर ज्योतिर्लिंग रूप में स्थापित हुए। तभी से भगवान शिव यहां ह्लसोमनाथह्व के नाम से पूजित हैं। यह कथा शिव की करुणा और भक्तवत्सलता को दशार्ती है।

### धार्मिक महत्व और मान्यताएं

धार्मिक ग्रंथों में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का विशेष महत्व बताया गया है। शिवपुराण के अनुसार सोमनाथ के दर्शन मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। मान्यता है कि यहां विधिपूर्वक रुद्राभिषेक करने से मानसिक शांति, रोगों से मुक्ति और जीवन की बाधाओं का नाश होता है। विशेष रूप से सोमवार, महाशिवरात्रि और सावन मास में यहां पूजा-अर्चना का अत्यंत फलदायी महत्व माना गया है।

### समुद्र तट पर स्थित दिव्य स्थल

सोमनाथ मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि यह त्रिवेणी संगम क्षेत्र के समीप स्थित है, जहां हिरण, कपिला और सरस्वती नदियों का संगम माना जाता है। समुद्र की लहरों के बीच स्थित यह मंदिर साधक को आत्मचिंतन और वैराग्य की अनुभूति कराता है। मान्यता है कि यहां शिवलिंग के दर्शन से मन की चंचलता शांत होती है और साधक शिवत्व की अनुभूति करता है।

### संघर्ष और पुनर्निर्माण का प्रतीक

सोमनाथ मंदिर का इतिहास अनेक विध्वंसों और पुनर्निमार्णों का साक्षी रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह मंदिर जितनी बार ध्वस्त हुआ, उतनी ही बार पुनः भव्य रूप में स्थापित हुआ। यह तथ्य सनातन धर्म की अविनाशी शक्ति और आस्था की दृढ़ता का प्रतीक माना जाता है। सोमनाथ यह संदेश देता है कि सत्य और श्रद्धा को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता।

### आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र

आज भी श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सोमनाथ ज्योतिर्लिंग में अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा विद्यमान है। यहां किया गया जप, तप और दान कई गुना फल देता है। सोमनाथ न केवल एक तीर्थ स्थल है, बल्कि यह भगवान शिव की अनुकंपा, करुणा और संरक्षण का जीवंत प्रतीक है। इसलिए सोमनाथ ज्योतिर्लिंग हर शिवभक्त के लिए आस्था का सर्वोच्च केंद्र माना जाता है।

# 16 या 17 जनवरी कब है प्रदोष व्रत?
## जानें तिथि, मुहूर्त और पूजन विधि



माघ माह का पहला प्रदोष व्रत बेहद खास होने वाला है। इस दिन महादेव की पूजा करने से साधक को अच्छे परिणामों की प्राप्ति हो सकती हैं और साथ ही मनचाहे परिणामों की प्राप्ति के भी योग बनेंगे।

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत को भगवान शिव को समर्पित एक अत्यंत पुण्यदायी व्रत माना जाता है। यह हर माह की त्रयोदशी तिथि पर रखा जाता है, जिसमें सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में महादेव की पूजा का विधान है। मान्यता है कि, इस समय विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से शिवजी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। शास्त्रों के मुताबिक, प्रत्येक माह के प्रदोष का अपना अलग महत्व होता है और इसे करने से न केवल जीवन की बाधाएं दूर होती हैं, बल्कि सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति भी होती है। यही नहीं वैवाहिक जीवन में मधुरता और रिश्तों में प्रेम, विश्वास और आपसी समझ बढ़ती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, माघ माह में यह व्रत कब रखा जाएगा।

### जनवरी प्रदोष व्रत 2026

पंचांग के मुताबिक, माघ कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 15 जनवरी 2026 की शाम 08:16 बजे से शुरू होगी


- यह तिथि 16 जनवरी 2026 की रात 10:21 बजे तक रहेगी।
- तिथि के मुताबिक, 16 जनवरी 2026 को प्रदोष व्रत रखा जाएगा।
- इस तिथि पर शुक्रवार होने के कारण यह शुक्र प्रदोष व्रत के नाम से मान्य होगा।
- प्रदोष पर मूल नक्षत्र और ध्रुव योग का संयोग रहने वाला है।

### पूजा विधि

- प्रदोष व्रत के दिन सुबह ही स्नान कर लें और घर में गंगाजल का छिड़काव करें।
- अब शाम को प्रदोष काल में पूजा के लिए एक साफ चौकी लेकर उसपर लाल रंग का वस्त्र बिछाएं।
- अब इसपर महादेव संग पूरे शिव परिवार की स्थापना करें।
- फिर सभी को वस्त्र पहनाएं और फूलों की माला अर्पित करें।
- अब आप भगवान शिव के नामों का स्मरण करते हुए शुद्ध जल, दूध, दही, घी, शहद और गुड़ व शक्कर से शिवलिंग का अभिषेक करें।
- फिर महादेव को 11 बिल्वपत्र चढ़ाएं। इस दौरान प्रभु को धतूरा और पुष्प भी चढ़ा दें।
- अब आप ह्लॐ नमः शिवायह्वका जाप करते हुए शिवलिंग पर चंदन लगाएं।
- अब मौसमी फल अर्पित करें और प्रदोष व्रत की कथा का पाठ करें।
- महादेव की आरती करें और सफेद चीजों को दान करें।
- अंत में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए प्रार्थना करें और सभी को प्रसाद बांट दें।

# चैत्र नवरात्रि और माघ गुप्त नवरात्रि में बन रहा है संयोग, जानें इस साल क्या है खास

इस वर्ष नवरात्रि की तिथियों में खास संयोग देखने को मिल रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल माघ और चैत्र नवरात्रि करीब 10-11 दिन पहले शुरू हो रही हैं। आइए जानते हैं कि इस साल चारों नवरात्रि की तिथियां क्या रहने वाली है।



हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। पूरे वर्ष में कुल चार नवरात्रि आती हैं, जिनमें दो गुप्त नवरात्रि और दो प्रकट नवरात्रि होती हैं। देवी भागवत महापुराण में इन चारों नवरात्रियों में मां दुर्गा की उपासना का उल्लेख मिलता है। वर्ष में आने वाली चार नवरात्रि आमतौर पर इन महीनों में ही पड़ती है।

- माघ गुप्त नवरात्रि (जनवरी)
- आषाढ़ गुप्त नवरात्रि (जुलाई)
- चैत्र नवरात्रि (मार्च-अप्रैल)
- शारदीय नवरात्रि (सितंबर-अक्तूबर)

### नवरात्रि 2026 की तिथियां

इस वर्ष नवरात्रि की तिथियों में खास संयोग देखने को मिल रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल माघ और चैत्र नवरात्रि करीब 10झ11 दिन पहले शुरू हो रही हैं। आइए जानते हैं कि इस साल चारों नवरात्रि की तिथियां क्या रहने वाली है।

- माघ गुप्त नवरात्रि- 19 जनवरी 2026 से
- चैत्र नवरात्रि- 19 मार्च 2026 से
- आषाढ़ गुप्त नवरात्रि- 15 जुलाई 2026 से
- शारदीय नवरात्रि- 11 अक्तूबर 2026

# Sport

भारत-अमेरिका के बीच गुरुवार को अंडर-19 विश्व कप का मुकाबला खेला जाएगा। भारत के पास आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जैसे कई स्टार खिलाड़ी मौजूद हैं और उसका सामना ऐसी टीम से है जो अपेक्षाकृत भारत से कमजोर है।

## अमेरिका के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेगा भारत, जानें कैसी होगी संभावित प्लेइंग-11

**बुलावायो।** भारतीय अंडर-19 टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत अमेरिका के खिलाफ करेगी। भारत के पास आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जैसे कई स्टार खिलाड़ी मौजूद हैं और उसका सामना ऐसी टीम से है जो अपेक्षाकृत भारत से कमजोर है। भारत इस टूनार्मेंट में अपने छठा खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा। भारत ने 16 अंडर-19 विश्व कप में से पांच बार इस खिताब को अपने नाम किया है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने इसी टूनार्मेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था और बाद में उन्होंने खुद को खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के रूप में स्थापित किया। भारत के मौजूदा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने भी पहली बार 2018 के अंडर-19 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं, जिसमें टीम ने पृथ्वी शॉ के नेतृत्व में जीत हासिल की थीं। भारत ने 2018 के अलावा 2000, 2008, 2012 और 2022 में ट्रॉफी जीती है। वह 2024 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था लेकिन इस





बार वह खिताब का प्रबल दावेदार है।

भारतीय टीम कागजों पर संतुलित और मजबूत दिखती है। पिछले 16 मैचों में 13 में जीत हासिल करके टीम ने साबित कर दिया है कि वह जीतना जानती है। इस बीच उसने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीती। इसका मतलब है की टीम विदेश की परिस्थितियों में भी जीत हासिल करना जानती है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी, कप्तान आयुष म्हात्रे, उपकप्तान विहान मल्होत्रा और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आरोन जॉर्ज करेंगे। जॉर्ज अंडर-19 एशिया कप में 228 रन बनाकर भारत के शीर्ष स्कोरर रहे थे।

प्रतिभाशाली सूर्यवंशी का स्टार बनना तय लग रहा है, लेकिन इस भारतीय टीम में अन्य खिलाड़ी भी हैं जिन्हें भविष्य के सितारों के रूप में देखा जाता है और जो कोहली, रोहित और गिल जैसे खिलाड़ियों की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। टूनार्मेंट से पहले चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर रहने वाले म्हात्रे और मल्होत्रा ने टीम में वापसी की है जिससे भारत की बल्लेबाजी को मजबूती मिली है। जहां तक तेज गेंदबाजी का सवाल है तो तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं। उनका अनोखा एक्शन उनकी सफलता में अहम भूमिका निभा सकता है। आरएस अंबरीश भी अच्छी गति से गेंदबाजी करते हैं और बल्ले से भी उपयोगी योगदान देने की क्षमता रखते हैं। किशन सिंह और हेनिल पटेल टीम के अन्य दो तेज गेंदबाज हैं।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**भारत अंडर-19:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, आरोन जॉर्ज, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह।

**यूएसए अंडर-19:** उत्कर्ष श्रीवास्तव (कप्तान), अमरिंदर गिल, साहिल गर्ग, ऋषभ सिम्पी, एडनिट झांब, आदित कप्पा, अमोघ आरेपल्ली (विकेटकीपर), अदविथ कृष्णा, रयान ताज, साहिर भाटिया, शिव शानी।

## रोहित से छिना ताज, चार साल बाद फिर शीर्ष पर कोहली

**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे में शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। आईसीसी की जारी ताजा रैंकिंग में कोहली ने रोहित को पीछे छोड़ दिया है और वह नंबर एक स्थान पर आ गए हैं। रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल हैं। दिलचस्प बात यह है कि कोहली और मिचेल के बीच महज एक रैटिंग अंक का फासला है। कोहली 785 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं, मिचेल के 784 अंक हैं।

**2013 में पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे कोहली:** कोहली ने यह रैंकिंग पहली बार अक्तूबर 2013 में हासिल की थी और यह उनका 11वां अलग-मौका है जब वह नंबर-एक बने हैं। आज की तारीख तक, वे कुल 825 दिनों तक नंबर-एक पर रह चुके हैं, जो दुनिया में 10वां सबसे लंबा और किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है।




**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए थे 28000 रन:** विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 28,000 रन पूरे कर लिए थे। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उन्होंने न्यूजीलैंड के स्पिनर आदित्य अशोक की गेंद पर जोरदार शॉट लगाकर हासिल की थी। इसके साथ ही कोहली सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 28,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए। खास बात यह रही कि कोहली ने यह कारनामा सिर्फ 624 पारियों में कर दिखाया, जिससे वे इस आंकड़े तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

**केएल राहुल एक स्थान ऊपर आए:** वनडे रैंकिंग में अन्य भारतीयों की बात करें तो कप्तान शुभमन गिल पांचवें और श्रेयस अय्यर 10वें स्थान पर बरकरार हैं। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को एक स्थान का फायदा हुआ है और वह 11वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं, गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज पांच स्थान की छलांग लगाकर 15वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### 53 महीने बाद फिर नंबर एक बने विराट

कोहली 53 महीने बाद वनडे में फिर नंबर एक बल्लेबाज बने। 37 वर्षीय कोहली जुलाई 2021 के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। कोहली पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आखिरी वनडे में नाबाद 74 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने पिछली चार पारियों में 135, 102, 65 और 93 रन बनाए हैं। कोहली की यह पारी न्यूजीलैंड के 300 रन के लक्ष्य को वडोदरा में सफलतापूर्वक पार करने में अहम साबित हुई थी।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
संपर्क मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क 9993368146

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### किसान ने किया सुसाइड : खेत में पत्नी-बच्चों को छोड़कर घर आया, फांसी लगाई

**इंदौर।** इंदौर के गांधी नगर इलाके में रहने वाले एक किसान ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार शाम को पत्नी और बच्चे जब खेत से लौटे, तो उन्होंने उसे फंदे पर लटका देखा। किसान खेत से लाइट सुधारने का कहकर घर आ गया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। आत्महत्या के पीछे की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार, जम्मूडी हप्सी में रहने वाले किसान अर्जुन (35), पुत्र रामरतन मकवाना ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगा ली। अर्जुन की पत्नी और बेटी करीब 7 बजे घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। बड़े भाई को बुलाया गया और दरवाजा खोलने पर अर्जुन की सांसें चल रही थीं। उसे गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अर्जुन के परिवार वालों ने बताया कि वह शुरू से खेती-किसानी करता था। उसका एक बेटा और एक बेटी है, जो घटना के समय पत्नी के साथ खेत पर थे। आसपास के लोगों ने भी शाम के समय उसे लाइट सुधारते हुए देखा था। अर्जुन के माता-पिता धार में रहते हैं, जहां उसकी मां का उपचार चल रहा है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। खुडैल के देवगुराड़िया में रहने वाले सचिन (38), पुत्र किशोर मालवीय ने अपने घर में जहर खा लिया। मंगलवार रात में तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। परिवार के लोगों ने बताया कि सचिन लांड्री का काम करता था। परिवार में एक बड़ा भाई और माता-पिता हैं। सचिन की काफी समय से शादी नहीं हो रही थी, जिसके चलते वह डिप्रेशन में था। दोपहर में उसने जहर लिया। जब परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, तब उसने तनाव में जहर खाने की बात कही। हालांकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### ठगों ने धोखे से खुलवाए मां-बेटे के खाते डिजिटल अरेस्ट के रुपए का लेन-देन किया

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। क्राइम ब्रांच आरोपियों की जानकारी जुटा रही है। आरोपियों ने मां-बेटे के नाम पर लोन दिलाने के बहाने बैंक अकाउंट खुलवाए, लेकिन लोन नहीं कराया। इसी दौरान आरोपियों ने उन अकाउंटों में एडवाइजरी और डिजिटल अरेस्ट से जुड़े ठगी के रुपए का लेन-देन कराया।जब बलसाड पुलिस ने फर्जी तरीके से अकाउंटों में आए रुपए को लेकर जांच की, तब मां-बेटे को इस धोखाधड़ी की जानकारी लगी। क्राइम ब्रांच ने सिरपुर बांक निवासी शादाब खान की शिकायत पर विष्णु परमार और उसके साथी सिद्धार्थ के खिलाफ दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, करीब 5 माह पहले एक कैफे में शादाब की मुलाकात विष्णु से हुई थी। विष्णु ने अकाउंट खुलवाने की बात कही, जिसके लिए शादाब ने पूरे दस्तावेज उपलब्ध कराए। इसके बाद विष्णु ने कहा कि जब भी लोन स्वीकृत होगा, वह जानकारी दे देगा। शादाब की मां अनीसा बी के दस्तावेज लेकर इंडियन बैंक में एक अकाउंट और यूको बैंक में दूसरा अकाउंट खुलवाया गया। लोन को लेकर जब भी बातचीत होती, आरोपी टालमटोल करता रहा। सितंबर 2025 में बलसाड पुलिस से जानकारी मिली कि इन अकाउंटों में ठगी के रुपए जमा कराए गए हैं।

### कलेक्टर के आदेश पर देर रात चक्काजाम खुला

**इंदौर।** देपालपुर स्थित उत्कर्ष चौराहे के समीप बनी कॉलोनी के पास लगातार बोरिंग में केमिकल का पानी आ रहा था। इसी बात का पता लगाने के लिए रहवासी लगातार परेशान भी हो रहे थे। कल एस के बोराना कंपनी का टैंकर जैसे ही केमिकल छोड़ता हुआ दिखाई दिया, तो रहवासियों ने जमकर हंगामा कर दिया। रहवासियों ने जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल को तत्काल सूचना दी , जिसके बाद सभी लोगों ने मिलकर प्रीतमपुर रोड़ पर चक्का जाम कर दिया। रजत पटेल ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां इस तरह का केमिकल आसपास के कॉलोनी में छोड़ रही है, जिसकी बारीकी से जांच होना बेहद जरूरी है। इसी दौरान भागीरथपुरा की घटना को लेकर भी नारे लगाए गए। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत ही इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर तहसीलदार सत्येंद्र मौके पर पहुंचे और लिखित में कार्यवाही का आश्वासन देकर स्वच्छ और साफ पानी की व्यवस्था की बात कही। प्रशासन की बात पर भरोसा करते हुए प्रवासियों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

### चाइनीज मांझे की चपेट में आए 4 लोग, बाइक सवार का सड़क पर बहने लगा खून

**इंदौर।** इंदौर में चाइनीज मांझे से बुधवार को कुछ ही घंटों में चार लोग चपेट में आ गए। पहला हादसा भंवरकुआं इलाके में हुआ, जहां बाइक से जा रहे एक युवक का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराय गया है। हेमराज रविन्द्र चौरसिया के रूप में घायल की पहचान हुई है। हेमराज रविंद्र चौरसिया, 115 चांदमारी ईंट का भट्टा का निवासी है। वह पेट्रोल पंप पर काम करता है। वहां से छुट्टी हो गई थी और मांगलिया स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, घटना तीन इमली क्षेत्र की बताई जा रही है। यहां बाइक से जाते समय युवक का डोर से गला कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महिला रिश्तेदार ने किए महिला ज्योतिष पर अश्लील कमेंट

**इंदौर।** इंदौर राजेन्द्र नगर में रहने वाली एक 55 साल की ज्योतिष महिला ने अपने ही रिश्तेदार महिला के खिलाफ मंगलवार को फेसबुक पर फोटो अपलोड कर उस पर आपत्तिजनक कमेट्स लिखकर उसे वायरल करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का नंबर भी उस फोटो पर अपलोड कर दिया। इससे उन्हें गलत कॉल भी आने लगे। राजेन्द्र नगर पुलिस ने विज्ञान नगर में रहने वाली एक महिला ज्योतिष की शिकायत पर उसकी रिश्तेदार महिला उषा व्यास निवासी देवास के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल कर उसे धमकाने के मामले में एफआईआर की है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला ने शिकायत कर बताया कि उषा उसकी रिश्तेदार है। जो आए दिन किसी ना किसी बात पर मोबाइल पर काल कर उनसे विवाद करती है। कुछ दिन से उसके मोबाइल कॉल इसी कारण से उठाना बंद कर दिए। नवंबर में उन्हें पता चला कि उषा की रिश्तेदार महिला राधा के नाबालिग बेटे के फेसबुक आईडी पर उनके 6 फोटो अपलोड हुए हैं। इस पर अश्लील कमेंट्स, गलत व्यवसाय और ज्योतिष के नाम से ठगने वाली महिला होने की बात की गई। यही पोस्ट परिचितों के पास भेजी गई। इसके बाद उन्हें कॉल आने लगे। उन्होंने मामले में जानकारी निकाली तो पता चला कि उषा ने पूरी हरकत की है। उसे रिश्तेदार के माध्यम से समझाया लेकिन नही मानी। उसने इस पोस्ट को सार्वजनिक किया। इसके चलते मोबाइल भी पीड़ित महिला को बंद करना पड़ा। परेशान होकर उसने राजेन्द्र नगर थाने में मंगलवार को उषा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

### मकर संक्रांति पर घरों की छतों पर लोगों का जमावड़ा, रात तक चली पतंगबाजी

**इंदौर।** मकर संक्रांति पर इंदौर में भी पतंगबाजी का उत्साह देखने को मिला। पतंग की दुकानों पर जहां लोगों की भीड़ अलग-अलग पतंगों को खरीदने के लिए लगी रही। वहीं, छतों पर लोग पतंग उड़ाते नजर आए। आसमान में रंगबिरंगी पतंगें उड़ती रही। ये सिलसिला रात तक जारी रही। सुबह से ही इंदौर के आसमान में अलग-अलग तरह की पतंगे आसमान को छूती नजर आई। कहीं, कागज की तो कहीं पन्नी की पतंगे उड़ती दिखी। शहर में खास माहौल पश्चिम क्षेत्र में नजर आया। मल्हारगंज, छिपा बाखल सहित आसपास के इलाकों में पतंगबाजी का उत्साह ज्यादा देखने को मिला। लोग अपने घरों की छतों पर पतंग उड़ाते देखे। बच्चों में भी पतंगबाजी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इधर, शहर में अलग-अलग पतंगों की दुकानें सजी है। यहां भी कई प्रकार की पतंगे देखने को मिली। इन दुकानों पर भी पतंगबाजों की भीड़ अपनी पसंद की पतंग खरीदने के लिए लगी रही। कोई अपनी पसंद की पतंग तो कोई अपनी पसंद का मांझा खरीदता नजर आया।

# काशी में देवी अहिल्या की धरोहर मणिकर्णिका घाट ध्वस्त इंदौर में आक्रोश

## विरोध में धनगर समाज, पाल, बघेल समेत कई समाजों की 15 जनवरी को बैठक प्रस्तावित, इसमें रणनीति तय की जाएगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





वाराणसी (काशी) में ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। इस घाट का निर्माण 1771 में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा कराया गया था।

1791 में देवी अहिल्याबाई ने इसका जीर्णोद्धार करवाया था। ऐतिहासिक धरोहर के साथ ही मोक्ष, आस्था और सनातन परंपरा के जीवंत प्रतीक इस घाट को विकास के नाम पर धराशायी करने से समाज के विभिन्न वर्गों में नाराजगी है।

वाराणसी प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर इंदौर में आक्रोश है। विरोध में धनगर समाज, पाल, बघेल समेत कई समाजों ने 15 जनवरी को बैठक प्रस्तावित है। इसमें रणनीति तय की जाएगी। समाज का कहना है कि अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के समापन पर उनकी विरासत का ऐसा अनादर आहत करने वाला है।

ढाई सौ वर्ष से ज्यादा प्राचीन मणिकर्णिका घाट काशी के 84 प्रमुख घाटों में शामिल है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी स्थान पर माता पार्वती की कर्णिका (कान की मणि) गिरी थी, जिससे इसका नाम मणिकर्णिका पड़ा। घाट पर पारंपरिक पत्थर की सीढ़ियां, धार्मिक प्रतीक व शिल्पकला के अवशेष मौजूद हैं। देवी अहिल्या ने यहां तीर्थ यात्रियों के लिए कई सुविधाएं विकसित कराई हैं। प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम (एएमएएसआर), 1958 ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के संरक्षण के लिए प्रमुख कानून है। इस अधिनियम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को राष्ट्रीय विरासत से जुड़े स्मारकों की सुरक्षा, संरक्षण और उनके आसपास होने वाली गतिविधियों को नियंत्रित करने का अधिकार है।

### मणिकर्णिका घाट पर 21 मंदिर, धर्मशाला भी, यहां तोड़फोड़ दुखद है

- इसके तहत स्मारकों के चारों ओर 100 मीटर का प्रतिबंधित क्षेत्र और 200 मीटर का नियंत्रित क्षेत्र निर्धारित किया गया है, ताकि अनधिकृत निर्माण रोका जा सके। वर्ष 2010 के संशोधन में प्रतिबंधित क्षेत्रों में निर्माण पर रोक को और सख्त किया गया है।
- देवी अहिल्या के अच्छे कामों को इस तरह ध्वस्त किया जाना दुखद है। इस पर चर्चा होनी चाहिए। जिस घाट को ध्वस्त किया गया, वहां देवी अहिल्या ने 5 करोड़ से 21 मंदिर, धर्मशाला, अन्न क्षेत्र व स्नान घाट भी बनवाए हैं। इसका महत्व काशी विश्वनाथ से जुड़ा है।

### इंदौर-मुंबई फ्लाइट विमान उपलब्ध नहीं होने के कारण रद्द

# रात को लेट होने के कारण मुंबई फ्लाइट निरस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंडिगो एयरलाइंस ने कल रात मुंबई से इंदौर आने वाली अपनी उड़ान को निरस्त कर दिया। इसके लिए कंपनी ने फ्लाइट के अधिक देर से होने और तब तक इंदौर एयरपोर्ट के बंद हो जाने का हवाला दिया। यह विमान रात में इंदौर आकर सुबह वापस मुंबई जाता है, लेकिन रात में विमान के नहीं आने के कारण सुबह जाने वाली उड़ान को भी रद्द करना पड़ा। आने और जाने वाली दोनों उड़ानों के निरस्त होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

विमानतल से मिली जानकारी के मुताबिक, इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई-225) रात 10.10 बजे मुंबई से इंदौर आती है। रात में विमान यहीं रुकता है और सुबह 6.40 बजे वापस मुंबई जाता है। हालांकि कल शाम से ही इस फ्लाइट का संचालन लेट चल रहा था, इसलिए रात को इसके एक घंटे से अधिक देर से पहुंचने का अनुमान था। इंदौर एयरपोर्ट रात 10.30 बजे बंद हो जाता है, इसे देखते हुए कंपनी ने इस फ्लाइट को निरस्त कर दिया।

इसके कारण आज सुबह मुंबई जाने वाली फ्लाइट भी निरस्त करनी पड़ी। इससे रात को मुंबई से आने वाले यात्री वहीं फंस गए और सुबह मुंबई जाने वाले यात्री भी इंदौर में ही अटक गए। कंपनी द्वारा यात्रियों को रिफंड और री बुकिंग का विकल्प दिया गया। मुंबई से आने वाले यात्री आज सुबह की फ्लाइट से इंदौर पहुंचे, वहीं मुंबई जाने वाले यात्रियों को बाद की उड़ानों में शिफ्ट किया गया।



#### इंदौर-मुंबई के लिए शुरू होगी एक और नई फ्लाइट

इंदौर से मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। इंडिगो और एयर इंडिया के बाद अब स्टार एयर ने भी इंदौर से मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह उड़ान 15 जनवरी से सप्ताह में पांच दिन संचालित होगी। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी है। शुरुआती किराया करीब पांच हजार रुपए रखा गया है। हालांकि, इसके साथ ही कंपनी ने इंदौरझ्रबेंगलुरु की अपनी उड़ान को बंद कर दिया है।

# भागीरथपुरा की घटना के बाद खत्म हो सकता है एसओआर का नियम

## ड्रेनेज और उद्यान विभाग के कार्यों के होंगे टैंडर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कौनसा काम कितने खर्च में किया जाएगा, इसे लेकर शासन ने एसओआर लागू किया है। इसके लागू होने से कई वार्डों में विकास कार्य रुक गए हैं।

ड्रेनेज लाइन, उद्यान विभाग के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। विकास कार्य नहीं होने से जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। दोनों विभागों के काम शुरू नहीं हो पा रहे हैं।

कार्य की लागत निर्धारित होने से ठेकेदारों ने हाथ खींच लिए हैं। जबकि, भागीरथपुरा की नर्मदा लाइन में ड्रेनेज का पानी मिलने से हादसा हो चुका है। किसी अन्य वार्ड में ऐसा हादसा नहीं हो सके, इसलिए निगम जल्द ही पुरानी लाइन बदलने के साथ ड्रेनेज लाइन का काम भी बड़े पैमाने पर शुरू करेगा। कई विकास कार्यों की लागत अपेक्षाकृत कम होती है। ठेकेदार इन कार्यों के पैसे अधिक वसूल लेता है। कार्य भी गुणवत्ता विहीन होते हैं। बार-बार काम कराने तथा ठेकेदारों द्वारा मनमाने ढंग से पैसे वसूलने पर लगाम लगाने शासन ने एसओआर जारी किया है।

इसके जारी होते ही गुणवत्ताविहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों और कंपनी ने टैंडर लेना बंद कर दिए हैं। टैंडर नहीं होने से कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लगातार इस संबंध में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण महापौर और निगमायुक्त को अपनी समस्याएं बता चुके हैं। समस्याओं के बढ़ने और विकास कार्य ठप होने के बाद अब एसओआर का नियम शिथिल करने की बात कही जा रही है।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com